भाद्रपद शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:12 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 10 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 295, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत-यूएई में चार समझौते 16


स्त्री-2 ने तोड़ा गदर-2 का रिकॉर्ड 15

LAST 2 DAYS
ALL CHILDREN & TEENAGER WEAR
7 DAYS OPEN
Jeans, T-Shirt, Top, Boy Suit, Girl Dress, Gown, Track Suit, Kurti, Plazo, Selex & Footwear
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

मास्टर कूपन सं.-3
उपहार ही उपहार
10.09.2024

## दिल्ली में इंजीनियर के आवास से 2.39 करोड़ नकद बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीबीआई ने 91 हजार रिश्वत लेते किया था गिरफ्तार

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के पर्यावरण मामले के एक वरिष्ठ इंजीनियर के परिसर से 2.39 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। इंजीनियर को इसके पहले 91 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था।

अधिकारियों ने बताया कि सीनियर इंजीनियर मोहम्मद आरिफ और रिश्वत देने वाले किशलय शरण सिंह की गिरफ्तारी की औपचारिकताएं चल रही हैं। सीबीआई ने आरिफ, किशलय, उसके पिता और बिचौलिए भगवत शरण सिंह और दो व्यापारियों राम इलेक्ट्रोप्लेटर्स के मालिक राज कुमार चुघ और एमवीएम के गोपाल नाथ कपूरिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि आरिफ भ्रष्ट आचरण में लिप्त रहा है और निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों से उनकी कंपनियों के लिए डीपीसीसी से पुनः मंजूरी दिलाने में सहयोग करने की एवज में रिश्वत ले रहा है।

# कैंसर की दवाओं और नमकीन पर टैक्स घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

### जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 54वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर की दवाओं और नमकीन पर जीएसटी दर घटाने का ऐलान किया। वित्त मंत्री सीतारमण ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद ने बैठक के दौरान कई फैसले लिए। वित्त मंत्री ने बताया कि सरकारी संबद्ध शैक्षणिक संस्थानों को जीएसटी से छूट देने का भी फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कैंसर की दवाओं पर भी जीएसटी घटाया गया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि नमकीन पर जीएसटी दर भी संभावित रूप से कम की गई है। सीतारमण ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का उद्देश्य कैंसर के इलाज की कुल लागत को और कम करना है। जीएसटी परिषद ने चुनिंदा नमकीन पर कर को 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत करने का फैसला किया है।

सीतारमण के मुताबिक, बीते छह महीने में ऑनलाइन गेमिंग रेवेन्यू 412 प्रतिशत बढ़कर 6,909 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि दरों को तर्कसंगत बनाने पर जीओएम को स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी। दो स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की गईं, जिसमें एक रियल एस्टेट पर और दूसरी दरों के युक्तिकरण से जुड़ी थी। वित्त मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो की भी स्थिति भी परिषद की बैठक के दौरान पेश की गई। उन्होंने कहा कि कसीनो राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



- वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- ऑनलाइन गेमिंग से राजस्व 412 प्रतिशत बढ़ा

### शोध राशि जीएसटी मुक्त

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद ने शिक्षण संस्थानों को शोध एवं अनुसंधान के लिए मिलने वाली राशि को जीएसटी से मुक्त करने का निर्णय लिया है। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इसको लेकर सवाल उठाए थे। प्रधानमंत्री ने कहा था कि जब बजट में शोध एवं अनुसंधान कोष बनाने की बात की जा रही है, तब ऐसी स्थिति में इस तरह की अनुदान आदि राशि पर जीएसटी लगना सही नहीं है।

### जीवन-स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम घटाने पर फैसला टला

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद ने जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर कर की दर कम करने के लिए मंत्री समूह गठित करने का निर्णय किया है। मंत्री समूह (जीओएम) की अगुवाई बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। सीतारमण ने कहा कि मंत्री समूह अक्टूबर के अंत तक अपनी रिपोर्ट देगा। बीमा प्रीमियम पर कराधान का मुद्दा संसद में उठ चुका है। विपक्षी सदस्यों ने मांग की थी कि स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को जीएसटी से मुक्त रखा जाए। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी इस मुद्दे पर सीतारमण को पत्र लिखा था।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती की नई चयन सूची तैयार करने पर रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक, यूपी सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को राज्य में 69,000 सहायक शिक्षकों की नई चयन सूची तैयार करने को कहा गया था। शीर्ष अदालत ने जून 2020 और जनवरी 2022 में जारी शिक्षकों की चयन सूचियों को रद करने संबंधी हाईकोर्ट के आदेश पर भी रोक लगा दी, जिनमें 6,800 अभ्यर्थी शामिल थे।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने रवि कुमार सक्सेना और 51 अन्य द्वारा दायर याचिका पर राज्य सरकार और उप्र बेसिक शिक्षा बोर्ड के सचिव सहित अन्य को नोटिस भी जारी किए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगी। साथ ही, न्यायालय ने संबंधित पक्षों के वकीलों से कहा कि वे अधिकतम सात पृष्ठों के संक्षिप्त लिखित नोट दाखिल करें। पीठ ने कहा कि वह याचिका पर सुनवाई 23 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में तय करेगी।

यूपी सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी शीर्ष अदालत में पेश हुईं। हाईकोर्ट ने अगस्त में राज्य सरकार को प्रदेश में 69,000 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए नयी चयन सूची तैयार करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने महेंद्र पाल और अन्य द्वारा पिछले साल 13 मार्च को एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली 90 विशेष अपीलों का निस्तारण करते हुए यह आदेश जारी किया था।



- अब 23 सितंबर को होगी इस मामले में अगली सुनवाई

### अखिलेश ने सरकार को घेरा

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि 69,000 शिक्षक भर्ती मामले में उप्र की सरकार दोहरा खेल न खेले। इस दोहरी सियासत से दोनों पक्ष के अभ्यर्थियों को ठगने और सामाजिक, आर्थिक व मानसिक रूप से ठेस पहुंचाने का काम भाजपा सरकार न करे। यूपी भाजपा सरकार की भ्रष्ट-प्रक्रिया का परिणाम अभ्यर्थी क्यों भुगतें। जो काम तीन दिन में हो सकता था, उसके लिए 3 महीने का इंतजार करना और ढिलाई बरतना बताता है कि भाजपा सरकार किस तरह से नई सूची को जान-बूझकर न्यायिक प्रक्रिया में उलझाना व सुप्रीम कोर्ट ले जाकर शिक्षक भर्ती को फिर से लंबे समय के लिए टालना चाह रही है।

### क्या था हाईकोर्ट का आदेश

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1 जून 2020 और 5 जनवरी 2022 की चयन सूचियां को दरकिनार कर नियमों के तहत तीन माह में नई चयन सूची बनाने के निर्देश दिए थे। कोर्ट के इस फैसले से राज्य सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा था। वहीं पिछली सूची के आधार पर नौकरी कर रहे शिक्षकों की सेवा पर भी संकट खड़ा हो गया था। कोर्ट ने कहा था कि नई चयन सूची में 1981 के नियम के तहत आरक्षण अधिनियम 1994 के मुताबिक आरक्षण नीति का पालन किया जाए। अगर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी की मेरिट सामान्य श्रेणी के बराबर आए तो वह सामान्य श्रेणी में आ जाएगा। इन निर्देशों के तहत ऊपरी क्रम में आरक्षण दिया जाएगा।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी: थरूर की याचिका पर विचार करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ कांग्रेस सांसद शशि थरूर की याचिका को मंगलवार को सूचीबद्ध करने पर विचार किए जाने पर सहमति व्यक्त की है। दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाकर की गई 'शिवलिंग पर बिच्छू' संबंधी थरूर की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही रद करने से इनकार कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने सोमवार को शाम 6 बजे तक सुनवाई की, जबकि सामान्यतः शाम 4 बजे तक ही सुनवाई की जाती है।

### नौशेरा में घुसपैठ नाकाम दो आतंकी मार गिराए

**जम्मू।** राजौरी जिले के नौशेरा के लाम सेक्टर में सेना ने नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को विफल करते हुए दो आतंकियों को ढेर कर दिया। सेना ने कहा कि घुसपैठ के संबंध में खुफिया एजेंसियों और पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि नौशेरा में अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया गया और दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में युद्ध सामग्री बरामद की गई।

## काम की कीमत पर धरना-प्रदर्शन नहीं कर सकते: कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे पश्चिम बंगाल के चिकित्सकों को काम पर तत्काल लौटने का निर्देश देते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन कर्तव्य की कीमत पर नहीं किया जा सकता।

- सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को तत्काल लौटने को कहा

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को मंगलवार शाम 5 बजे तक काम पर लौटने का निर्देश दिया और उन्हें आश्वासन दिया कि अगर वे काम पर लौटते हैं, तो उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी।

**हड़ताल के कारण 23 लोगों की मौत:** पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से कोर्ट में पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि आरजी कर अस्पताल की घटना के खिलाफ चिकित्सकों की हड़ताल के कारण 23 लोगों की मौत हो चुकी है।

### रेलवे ट्रैक पर रखा था भरा एलपीजी सिलेंडर

# कालिंदी को पलटाने की साजिश में 28 को उठाया

कार्यालय संवाददाता, शिवराजपुर/कानपुर

- एनआईए, आईबी और एटीएस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की

**अमृत विचार:** प्रयागराज से भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस को ट्रैक पर सिलेंडर रखकर पलटाने की साजिश में रेलवे के जेई ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। सोमवार को एनआईए, आईबी, एटीएस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर और आसपास के जिलों से अब तक 28 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए उठाया गया है।

रविवार रात करीब 8 बजे कालिंदी एक्सप्रेस कानपुर से छूटी थी। रात 8.37 बजे ट्रेन फर्रुखाबाद रूट के बर्राजपुर-बिल्हौर स्टेशन के बीच स्थित मुडेरी गांव की क्रासिंग के पास पहुंची थी कि तभी ट्रैक पर रखे एलपीजी सिलेंडर से टकरा गई थी। तेज रफ्तार ट्रेन भरे सिलेंडर से टकराई तो तेज धमाका हुआ था। इसके बाद लोको पायलट ने ट्रेन रोककर गार्ड, गेटमैन और अफसरों को सूचना दी थी। इस मामले में रेलवे के जेई रमेश चंद्र ने एफआईआर दर्ज कराई है। उनके अनुसार वह घटनास्थल पर पहुंचे तो पाया कि ट्रैक के पास एक कांच की बोतल में पेट्रोल भरा था और बाती लगी थी। गैस सिलेंडर झाड़ी में पड़ा मिला।



जांच करते एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी व अन्य अधिकारी।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ मामला

बीएनएस की धारा 287 आग या दहनशील पदार्थ का इस्तेमाल करना, धारा 125 दूसरे के जीवन को खतरे में डालने का कार्य, धारा 4 9बी विस्फोटक अधिनियम, रेलवे एक्ट में 150 दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से ट्रेन को नष्ट करना, 151 संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, 152 रेलवे से यात्रा करने वाले व्यक्तियों को चोट पहुंचाने में मामला दर्ज किया गया।

## देश में मंकीपॉक्स के दो मामले सामने आए

**नई दिल्ली।** देश में बहुचर्चित मंकीपॉक्स से पीड़ित दो रोगियों की पुष्टि हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां देश में मंकीपॉक्स के दो रोगियों की पुष्टि करते हुए बताया कि दो अलग-अलग व्यक्तियों में पश्चिम अफ्रीकी क्लेड-2 के विषाणु की मौजूदगी की पुष्टि है। फिलहाल उन्हें संक्रमण के लिए निर्धारित किए गए अस्पताल में आइसोलेट किया गया है।

- स्वास्थ्य मंत्रालय ने की पुष्टि, पीड़ितों को आइसोलेट किया गया

मंकीपॉक्स के पहले संदिग्ध मामले की पुष्टि यात्रा के दौरान संबंधित संक्रमण के रूप में की गई है। प्रयोगशाला परीक्षण में रोगी में पश्चिम अफ्रीकी क्लेड-2 के मंकीपॉक्स विषाणु की मौजूदगी की पुष्टि की गई है। मंत्रालय ने कहा है कि सामने आए मामले जुलाई 2022 से भारत में रिपोर्ट किए गए पहले के 30 मामलों के समान हैं और वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का हिस्सा नहीं हैं, जो मंकीपॉक्स के क्लेड-1 से संबंधित है।

## खेत की रखवाली कर रहे ग्रामीण को बाघ ने मार डाला

संवाददाता, माधोटांडा (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** फसल की रखवाली कर रहे एक ग्रामीण को बाघ ने मार डाला। गुस्साए ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। अफसरों के आश्वासन पर करीब दो घंटे बाद जाम खोला।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा निवासी केदारी (60) जंगल से सटे इलाके में धान की फसल की रखवाली कर रहे थे। करीब 10 बजे बाघ ने उन पर हमला कर दिया और जंगल में खींच ले गया। घटना की जानकारी लगते ही ग्रामीण और वन विभाग की टीम पहुंच गई। ग्रामीण जंगल में घुस गए। उन्हें केदारी का अधखाया शव मिला। वे शव को बाहर लाए और पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। इस दौरान प्रशासनिक एवं वन अधिकारियों को ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा।



- आक्रोशित ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

"बाघ की मॉनिटरिंग को टीम लगा दी गई हैं। शासन से अनुमति मिलने के बाद बाघ को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा जाएगा। - **अंजनी श्रीवास्तव**, उप प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रभाग

## बच्ची ने नमकीन के पैकेट में निकला खिलौना निगला, मौत

**सैदनगर (रामपुर), अमृत विचार :** नमकीन के पैकेट में निकले खिलौने को बच्ची ने निगल लिया, जो उसके गले में फंस गया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे चिकित्सक के पास ले गए, लेकिन तब तक ढाई वर्षीया बच्ची की मौत हो चुकी थी।

- पड़ोस की दुकान से पैकेट लाई थी ढाई वर्षीया बच्ची

अजीमनगर थाना क्षेत्र में नगलिया आकिल गांव निवासी शफीक अहमद की ढाई वर्षीया पुत्री उमैर फात्मा पड़ोस की दुकान से नमकीन का पैकेट लाई थी। घर आकर उसने पैकेट खोला और खाने लगी। इस दौरान वह नमकीन के पैकेट से निकले खिलौने को भी निगल गई। इससे बच्ची की हालत बिगड़ने लगी। उल्टियों के साथ उसका दम घुटने लगा। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजन उसे लेकर गांव के ही चिकित्सक के पास पहुंचे। चिकित्सक ने उसके गले में फंसे खिलौने को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दम घुटने से बच्ची की मौत हो चुकी थी।

# किशोरी से चलती कार में गैंगरेप

संवाददाता, गोंडा

- आरोपी आरिफ और रिजवान को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र में दो युवकों ने एक दलित किशोरी से चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म किया और उसे बाजार में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी पूर्वी ने बताया कि पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है।

नगर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह पति के साथ 7 सितंबर को मायके गई थी। घर पर उसकी 17 वर्षीय बेटी अकेली थी। बेटी को अकेला देख आरिफ व रिजवान नाम के दो युवक उसे मोबाइल दिलाने के बहाने कार में बिठा ले गए और उसके साथ चलती कार में बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों आरोपी उसे बाजार में छोड़कर फरार हो गए। दूसरे दिन जब महिला घर लौटी तो पीड़िता ने उन्हें घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपी मोहम्मद आरिफ निवासी पंतनगर फोरबिसगंज कोतवाली नगर व मोहम्मद रिजवान निवासी भगवतीगंज जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने बताया कि पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपियों के सैंपल भी लिए गए हैं। घटना में प्रयुक्त कार, जिसे मो. आरिफ चलाता था, उसे भी बरामद कर लिया गया है।

### पुलिस चौकी तक कार दौड़ाते रहे आरोपी

पीड़िता के मुताबिक दोनों आरोपी कार में उसे बैठाकर मुन्नन खां चौराहे से मनकापुर बस स्टॉप की तरफ ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद मनकापुर बस स्टॉप होते हुए महराजगंज पुलिस चौकी के पास पहुंचे और कार को चौकी के सामने रोककर उसे कार से नीचे उतार दिया और फरार हो गए।

## सूरत: गणेश पंडाल पर पथराव के बाद हिंसा, 34 गिरफ्तार

सूरत, एजेंसी

गणेश उत्सव के दौरान कुछ नाबालिगों द्वारा एक पंडाल पर पर पथराव किए जाने के कारण वहां स्थापित गणेश मूर्ति खंडित हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में हिंसा भड़क गई और कुछ पुलिसकर्मी सहित अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि रविवार देर रात सैयदपुरा में घटी इस घटना के सिलसिले में 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और छह नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है।

सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने कहा कि दो तरफ से पथराव हुआ, जिसमें पुलिसकर्मियों सहित कुछ लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि लोगों के एक समूह ने क्षेत्र में खड़े दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया और दो अन्य में तोड़फोड़ की। इस बीच सूरत नगर निगम ने सोमवार सुबह सैयदपुरा पुलिस स्टेशन के पास आरोपियों के अवैध निर्माणों-अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया।



- आरोपियों के अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

### परंपरा

मेघालय की जनजातियों में महिलाओं का वर्चस्व, माता-पिता की चल-अचल संपत्ति पर बेटियों का अधिकार

# यहां शादी के बाद दुल्हन नहीं, दूल्हे की विदाई, संभालते हैं घर-गृहस्थी

शैलेश अवस्थी, शिलांग

- बच्चों के नाम पर मां का सरनेम लड़कियों को अपना जीवनसाथी चुनने की पूरी आजादी

**अमृत विचार:** महिलाओं का धमक, ठसक और जलवा देखना हो तो मेघालय आइए और सीखिए कैसे होता है नारी सशक्तिकरण। यहां दुल्हन नहीं, दूल्हा विदा होकर अपनी ससुराल जाता है और वहीं रहकर घर-गृहस्थी संभालता है।

मेघालय की खासी जनजाति में महिलाओं का वर्चस्व है। अब तो यहां की गारो और जयंतिया समुदाय ने भी यही रीति अपना ली है यानी महिलाओं को बराबरी का दर्जा। शादी में दहेज का सवाल ही नहीं है। यहां कोई इस शब्द को भी नहीं जानता। लड़की को अपना जीवनसाथी चुनने की पूरी आजादी है। लड़का और लड़की सगाई के पहले एक-दूसरे से मिलते हैं और सब अच्छी तरह से जानकारी कर लेते हैं। इसके बाद दोनों के परिवार मिलते हैं और फिर सहमति के बाद शादी तय हो जाती है। हां, एक ही गोत्र में तो शादी बिल्कुल नहीं हो सकती। दुल्हन के गहने और परंपरागत पोशाक लड़के वालों को ही भेंट करनी होती है। दुल्हन की पोशाक को धारा और दूल्हे की पोशाक को दिग्फिग कहते हैं।

लड़की और लड़का सगाई के दौरान एक-दूसरे को अंगूठी और सुपारी की थैली भेंट करते हैं। रस्म पूरी होने के बाद दूल्हे का परिवार उसे भारी मन से दुल्हन के घर के लिए विदा करता है। दूल्हा विदा होकर दुल्हन के घर यानी अपनी ससुराल आ जाता है। फिर आजीवन यहीं रहता है। हां, अपने सास-ससुर की अनुमति से अपने घर (मायके) आ-जा सकता है। यहां ज्यादातर महिलाएं नौकरी, खेती या व्यापार के लिए बाहर निकलती हैं। ससुराल में बसना यहां कोई शर्म की बात नहीं मानी जाती है।



### महिलाएं कर सकती हैं एक से अधिक शादी

यहां वंश पिता नहीं, मां के नाम पर चलता है। बच्चों का सरनेम मां से जुड़ा होता है। चल-अचल संपत्ति पर सबसे छोटी बेटी का ही अधिकार ज्यादा होता है। वैसे मां सहमति से बड़ी बेटियों को भी हिस्सा दे सकती है। बहन चाहे तो भाई को भी अपनी मर्जी पर संपत्ति से हिस्सा दे सकती है। बड़ी बेटी विदा होकर पति के घर जा सकती है, लेकिन फिर उसकी पूरी जिम्मेदारी पति की होगी। इन सबके बीच वर्चस्व महिलाओं का ही होता है। कई बार देखा जाता है कि महिलाएं एक से अधिक शादी भी कर लेती हैं। तलाक में भी उनकी ही मर्जी चलती है।

### नारी सशक्तिकरण का अद्भुत उदाहरण

मेघालय के बाजारों, खेतों, सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में जाकर देखा तो वहां भी महिलाओं की संख्या ज्यादा दिखी। वे कामकाज में पारंगत और बेहद मजबूत हैं। स्कूल-कॉलेज जाती हैं और अपने पैरों पर खड़ी होती हैं। हर वो काम कर लेती हैं, जिसमें पुरुष अपना वर्चस्व समझते हैं। यहां की सरकार भी उन्हें बहुत प्राथमिकता देती है। यहां महिलाओं की हैसियत देख सवाल उभरता है कि ऐसा पूरे देश में क्यूं नहीं हो सकता?

## एक नजर

### रोजगार मेला में 164 युवाओं को मिली नौकरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से खंड विकास कार्यालय निगोही में सोमवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की पांच कंपनियों ने प्रतिभाग किया। जिला सेवा योजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह ने बताया कि मेले में लगभग 314 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 164 अभ्यर्थियों का रोजगार के लिए चयन किया गया। एलआईसी ने 42 पुखराज हेल्थ केयर ने 54, श्री बाला कंट्रक्शन ने 49, क्विसकार्प ने 19 अभ्यर्थियों का चयन किया। अनुदेशक अरुण कुमार शर्मा और कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों की कॅरियर कांउसिलिंग भी की। राकेश चंद्र, अशोक कुमार विश्वमोहन नवनीत शुक्ला गोपाल सिंह समेत खंड विकास अधिकारी कार्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।

### प्रतियोगिताओं में जलालाबाद ने दर्ज की जीत

**जलालाबाद, अमृत विचार :** आचार्य राममोहन मिश्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संकुल स्तरीय गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ विद्यालय के संरक्षक आचार्य राममोहन मिश्र व अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्र ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। इस अवसर पर शाहजहांपुर संकुल के सभी सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शाहजहांपुर ने प्रश्न मंच व पत्रवाचन में तरुण वर्ग, प्रदर्श में बाल वर्ग प्रथम, प्रयोग में किशोर वर्ग की टीम प्रथम स्थान, सरस्वती शिशु मंदिर सिंजई ने शिशु वर्ग प्रश्न मंच व प्रदर्श में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि शेष 8 प्रतियोगिताओं में जलालाबाद ने जीत दर्ज की।

### अखंड पाठ समापन पर भंडारे का आयोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ज्ञान ज्योति पब्लिक इंटर कॉलेज टेहरी ढुकरी में कॉलेज के संस्थापक स्व .राकेश चंद्र पांडेय की बरसी पर सोमवार को भंडारा का आयोजन किया गया। रविवार को अखंड पाठ की शुरुआत की गई थी, जिसका सोमवार को समापन हो गया और उसके बाद कन्याओं और ब्राह्मणों को प्रसाद ग्रहण कराके भंडारे का आयोजन किया गया। कन्याओं और ब्राह्मणों उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कॉलेज प्रबंध कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी आशीष पांडेय,प्रशांत पांडेय, प्रधानाचार्य राधारानी, उप प्रधानाचार्य रामसुख मिश्र, विनोद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### ओसीएफ रामलीला के पूर्वाभ्यास में लंकेश बने निर्देशक ही बता रहे अपनी मृत्यु के तरीके

# क्या राम और क्या हनुमान, सब लंकेश के इशारों पर नाच रहे

- शाम होते ही गूंजने लगते हैं जय श्रीराम और जय लंकेश के घोष
- राम-रावण युद्ध के लिए चमकाए जाने लगे गदा और तलवार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



ओसीएफ रामलीला के लिए पूर्वाभ्यास करते कलाकार। • अमृत विचार



ओसीएफ रामलीला के कलाकारों की सहसामग्री को दुरुस्त करते सहयोगी।

**अमृत विचार :** ओसीएफ की प्रख्यात रामलीला पहली अक्टूबर से श्री गणेश स्थापना के साथ शुरू हो जाएगी। रामलीला मंचन की तैयारियां जोरशोर से शुरू कर दी गई हैं। एक ओर जहां रामलीला कलाकारों की सहायक सामग्री को दुरुस्त किया जा रहा है और धूप दिखाकर सजाया-संवारा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर शाम को बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कलाकार पूर्वाभ्यास में भी पसीना बहा रहे हैं।

शाम चार बजे से रामलीला मंच ढोलक-हारमोनियम के साथ जयश्रीराम और जय लंकेश के घोष से गूंजने लगता है। रामलीला देखने से कहीं अधिक पूर्वाभ्यास देखने में आनंद आता है।

चूंकि पिछले कई वर्षों से लंकेश की दमदार भूमिका निभाते आ रहे अंकित सक्सेना ही रामलीला के निर्देशक की भूमिका भी निभा रहे हैं, इसलिए पूर्वाभ्यास में लंकेश स्वयं अपनी मृत्यु के का सीन तैयार करते हैं और राम को अपने मरने के तौर-तरीके समझाते हैं। वहीं, समुद्र पर सेतु कैसे बनाया जाए, विभीषण को कैसे राम-लक्ष्मण के पास भेजा जाए, सुषेण वैद्य किस प्रकार हनुमान जी के साथ रामादल भेजे जाएं जैसे कठिन दृश्य बतौर निर्देशक रावण की भूमिका निभा रहे अंकित सक्सेना ही समझाते हैं।

पूर्वाभ्यास में इस प्रकार के दृश्य देखना बहुत ही आनंददायक प्रतीत होते हैं। इतना ही नहीं, श्रीराम-जानकी विवाह को भी दर्शकों की रुचि के अनुरूप बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जा रही है। अब रामलीला मंचन में भले ही राम-लखन का बोलबाला दिखाई पड़े, फिलहाल पूर्वाभ्यास में लंकेश की तूती बोल रही है। फिर चाहें राम, लक्ष्मण, सीता, दशरथ, जनक, केवट, हनुमान, सुग्रीव, अंगद जैसे किरदार ही क्यों न हों, लंकेश के इशारे पर नाच रहे हैं। पूर्वाभ्यास का आरंभ शाम चार बजे ईश प्रार्थना से शुरू होता है और पूरे अनुशासन व प्रतिबद्धता के साथ सभी कलाकार एक-दूसरे का सहयोग करते हुए मंचन के लिए तैयारी कर रहे हैं।

#### नए रंग रूप में तैयार है विशाल मंच

कुछ दिन पहले ही ओसीएफ महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण करने वाले राजेश कुमार वर्मा ने रामलीला का विशाल मंच भी डेंटिंग-पेंटिंग और टायल लगवाकर चमकवा दिया है। ग्राउंड फ्लोर पर छोटे-छोटे कमरों को तुड़वाकर बड़ा हॉल बन चुका है, जिससे कलाकारों को तैयार होने में असुविधा न हो। रामलीला समिति के अध्यक्ष के रूप में अपर महाप्रबंधक एके वर्मा और महासचिव की जिम्मेदारी ऋषि बाबू के कंधों पर डाली गई है।



ओसीएफ की रामलीला आसपास के जनपदों में भी प्रख्यात है, इसलिए उसकी गरिमा को देखते हुए पूरी निष्ठा और लगन के साथ तैयारी की जा रही है। प्रबंध समिति का पूरा सहयोग मिल रहा है। मंच का नवीनीकरण कराया जा चुका है। रामलीला का आरंभ पहली अक्टूबर से होगा, 13 को दशहरा और 14 को राजगद्दी यात्रा निकाली जाएगी। रामलीला मंचन में हमेशा की तरह भारी-भरकम टीम जुटाई गई है, जिसमें लगभग 20 महिला पात्र और लगभग 40 पुरुष पात्र सहभागिता कर रहे हैं। रामलीला में दर्शकों को लाइट-साउंड के नए प्रयोग देखने को मिलेंगे। अधिकांश पात्र कॉलर माइक का ही उपयोग करेंगे।

– अंकित सक्सेना, निर्देशक

# अस्पतालों और डॉक्टर्स को मिले सुरक्षा

## महिला चिकित्सकों ने कोलकाता की 'निर्भया' को इंसाफ दिलाने को निकाला शांति मार्च

- ऑब्सटेट्रिक्स एवं गाइनी सोसाइटी के बैनर तले उठी हत्यारों पर कार्रवाई की मांग
- गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कोलकाता की निर्भया को इंसाफ दिलाने के लिए शांति मार्च निकालतीं महिला चिकित्सक। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** फोग्सी इंडिया से संबद्ध शाहजहांपुर ऑब्सटेट्रिक्स एवं गाइनी सोसाइटी से जुड़ीं महिला चिकित्सकों ने सोमवार को शांति मार्च निकालकर कोलकाता निर्भया के हत्यारों को सजा दिलाए जाने की मांग उठाई। चिकित्सकों ने साथी के साथ दुष्कर्म कर हत्या किए जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को दिया गया।

गाइनी सोसाइटी के बैनर तले बड़ी संख्या में महिला चिकित्सक टाउनहाल स्थित अमर शहीदों की प्रतिमाओं के समक्ष एकत्र हुए। वहां से आर जी मेडिकल कॉलेज की निर्भया डॉक्टर के साथ बलात्कार एवं हत्या के जघन्य कृत्य के विरोध में हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करते हुए मार्च निकाला। टाउनहाल से सभी डॉक्टर्स थाना सदर बाजार, खिरनीबाग चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दीपा सक्सेना ने कहा कि निर्भया कांड को एक माह बीत जाने के बाद भी अभी तक न्याय नहीं हो पाया है। कोई ठोस नतीजा दिखाई नहीं दे रहा है। डॉ. कीर्ति टंडन ने कहा कि निर्भया को न्याय दिलाने की प्रक्रिया को तेज करते हुए पीड़िता और उसके परिवार को न्याय दिलवाया जाए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

प्रदर्शन और ज्ञापन देने वालों में रश्मि बहल, प्रेरणा गुप्ता, मोनिका, नाजनीन, पूजा प्रिया सक्सेना, समृद्ध माहेश्वरी, पुनीता अग्रवाल, सुमन रस्तोगी, नूपुर श्रीवास्तव, अंबिका रस्तोगी, सीमा अग्रवाल, मेघा जैन, कल्पना अग्रवाल, राखी सिंह, रेनू गुप्ता समेत बड़ी संख्या में महिला चिकित्सक शामिल रहे।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को देतीं गाइना सोसाइटी की पदाधिकारी।

#### असामाजिक तत्वों के लिए बनें कड़े कानून

सचिव डॉ . दीपिका अग्रवाल ने कहा कि अस्पतालों, महिला चिकित्सकों तथा कर्मचारियों के लिए अपराध मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाएं जाएं। ऐसा तभी संभव है जब महिलाओं के साथ अनैतिक व्यवहार करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़े कानून बनाए जाएं।

# बच्चों ने शिक्षकों से जाना हाथ धोने का सही तरीका



शिक्षकों से हाथ धोने का तरीका सीखते बच्चे। • अमृत विचार

संवाददाता, निगोही

- परिषदीय विद्यालयों में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

**अमृत विचार :** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत परिषदीय विद्यालयों में सोमवार को राष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। संविलियन विद्यालय कबीरपुर झोतूपुर में टीचर अर्चना राजपूत ने सभी बच्चों को हाथ धुलने के सही तरीके के बारे में बताया। संविलयन विद्यालय निगोही की शिक्षिका अल्का ने बताया कि प्रतिदिन भोजन करने से पहले अपने हाथों को साबुन से धुलना चाहिए। प्राथमिक विद्यालय निगोही में एआरपी वैभव मिश्रा एवं शिक्षकों ने बच्चों को नियमित स्वच्छ गणवेश पहनकर विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। एआरपी वैभव मिश्रा ने कहा कि सभी को शौच करने बाद अपने हाथों को सही से साबुन से धुलना चाहिए। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेंद्र सिंह ने कहा कि गंदगी फैलने से रोगों का प्रसार होता है। स्वच्छ रहकर सभी को स्वस्थ जीवन शैली अपनानी चाहिए। इस दौरान अमित गुप्ता, हिमांशु सिंह, मतीन अली, सुरेश पाल सिंह, खुशीराम, अनुराधा, रचना राजपूत, नीतू कुशवाहा, पारस सिंह, क्रांति कुमार सिंह, संदीप सिंह, पुत्तूलाल श्रीवास्तव, सुमित आदि ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

# नेहा, पारुल व प्रभा ने जीती टीएलएम प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पीएमश्री जीजीआईसी में शिक्षिकाओं ने किया शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रदर्शन
- डीआईओएस ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर समझाया टीएलएम का महत्व



जीजीआईसी में टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीआईओएस हरिवंश कुमार।

**अमृत विचार :** पीएमश्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में सोमवार को शिक्षिकाओं के बीच शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विषयों की शिक्षिकाओं ने शिक्षण कार्य में उपयोगी मॉडल बनाकर उन्हें प्रदर्शित किया।

प्रतियोगिता में शशि सुमन और नेहा मिश्रा ने हिंदी, आशा दीक्षित और नीलांशी शुक्ला ने अंग्रेजी, प्रियंका गुप्ता और सुनैना मिश्रा ने गणित, इंदु सिंह और प्रिया गुप्ता ने रसायन विज्ञान, विजया सक्सेना ने जीव विज्ञान, प्रीती पांडेय ने भौतिक विज्ञान, तरन्नुम ने अर्थशास्त्र, प्रभा साहू और पारुल गुप्ता ने नागरिक शास्त्र, शैजी अलीशा और अमिता कनौजिया ने इतिहास के टीएलएम प्रदर्शित किए। नेहा मिश्रा को प्रथम, पारुल गुप्ता को द्वितीय और प्रभा साहू को तृतीय स्थान मिला। मुख्य अतिथि डीआईओएस हरिवंश कुमार ने शिक्षण अधिगम सामग्री का अवलोकन कर उनके बारे में संबंधित शिक्षिकाओं से जानकारी हासिल की। इससे पहले मुख्य अतिथि डीआईओएस का स्वागत गाइड छात्राओं ने किया। डीआईओएस ने प्रधानाचार्य सोनिया गुप्ता के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का आरंभ किया। प्रवक्ता विमला वर्मा, प्रीती छावड़ा, मीनाक्षी आर्या, लक्ष्मी देवी, तूबा तौसीफ आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

### दो घंटे का ब्लॉक रेल पटरी पर किया गया मरम्मत कार्य

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** लखनऊ-दिल्ली रेल मार्ग पर कटरा-बिलपुर और कटरा और तिलहर के बीच रेल लाइन मरम्मत के लिए दो-दो घंटे का ब्लॉक लिया गया। जिसके बाद रेल लाइन पर मरम्मत कार्य शुरू हुआ। कटरा स्टेशन अधीक्षक मोहम्मद हनीफ ने बताया कि सोमवार की दोपहर दो बजे से चार बजे तक कटरा और बरेली के बीच अप लाइन दो घंटे का ब्लॉक लिया गया। इस दौरान रेल लाइन पर मरम्मत कार्य शुरू किया गया। इसी दौरान कटरा और तिलहर रेलवे स्टेशन के बीच दोपहर दो बजे से चार बजे तक ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया। रेल पटरी पर मरम्मत कार्य किया गया। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि रेल संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

# निर्धन बच्चों के लिए खोली निःशुल्क पाठशाला

संवाददाता, कलान



पाठशाला के उद्घाटन के दौरान मौजूद बच्चे व संस्था के पदाधिकारी। • अमृत विचार

- पं.ओंकार मिश्र सेवा समिति की पहल, प्रतिदिन दो घंटे चलेगी क्लास

**अमृत विचार :** शिक्षा से वंचित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने के लिए कलान क्षेत्र के गांव कुंडरी आश्रम में पं.ओंकार मिश्र सेवा समिति के माध्यम से निःशुल्क पाठशाला शुरु की गई है। उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथि प्रमुख शिक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर कार्यवाहक नवनीत त्रिपाठी ने किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति चाहे एक रोटी कम खाए लेकिन अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दें। प्राथमिक शैक्षिक महासंघ के जिला संगठन मंत्री अंकुर त्रिपाठी ने कहा कि अभी भी गरीबी के कारण बहुत से बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं।इसी अधिकार को दिलाने के लिए डीसीडीएफ चेयरमैन रमाकांत मिश्रा के सहयोग से निःशुल्क पाठशाला की शुरुआत की गई है। संस्था के अध्यक्ष व डीसीडीएफ चेयरमैन रमाकांत मिश्रा ने कहा कि उनका उद्देश्य था कि क्षेत्र में शिक्षा का माहौल बने। इस उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए निशुल्क शिक्षा पाठशाला की स्थापना एक कदम है। इसके माध्यम से गांव के बच्चों को प्रतिदिन 2 घंटे निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। जिसमें बच्चों के मानसिक बौद्धिक एवं शारीरिक विकास पर ध्यान दिया जाएगा। अंत में कार्यक्रम संयोजक रजत मिश्रा राघव ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों को मिष्ठान वितरण कर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सुभाष चंद्र मिश्रा, देवेंद्र सिंह, आशीष त्रिपाठी, दुर्गा, हुसैन समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम** जिला स्तरीय कला उत्सव में कई कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा, जीते पुरस्कार

# पारंपरिक लोक संगीत में दिव्यांशी वर्मा व सुब्रत तिवारी बने विजेता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- समग्र शिक्षा अभियान के तहत क्रिश्चियन गर्ल्स हाईस्कूल में हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



कला उत्सव में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को गोविंदगंज स्थित क्रिश्चियन गर्ल्स हाईस्कूल में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर कला का प्रदर्शन किया और विजेता बन पुरस्कार भी जीते।

शास्त्रीय संगीत बालिका वर्ग में आर्य महिला इंटर कॉलेज की महिमा ने प्रथम, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की अंजू सिंह ने द्वितीय और आर्य कन्या पाठशाला की ईशा सिंह ने तृतीय, पारंपरिक लोक संगीत बालक वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज के एकमात्र प्रतिभागी सुब्रत तिवारी को विजेता घोषित किया गया। जबकि बालिका वर्ग में आर्य कन्या पाठशाला की दिव्यांशी वर्मा ने प्रथम, आर्य महिला की आकांक्षा ने द्वितीय और रामदत्त पंचायत इंटर कॉलेज भावलखेड़ा की सुनहरी ने तृतीय स्थान पाया।

नोडल अधिकारी जीजीआईसी प्रधानाचार्य सोनिया गुप्ता और क्रिश्चयन गर्ल्स कॉलेज की प्रधानाचार्या अल्पना सिंह के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम का आरंभ डीआईओएस हरिवंश कुमार ने किया। निर्णायक मंडल में प्राची आर्या, रंजीता, शशि बाला तिवारी, अंशू सक्सेना, विशाल कुमार, मोहम्मद कमर, राम कुमार शामिल रहे। विजेताओं को प्रमाण-पत्र और शील्ड भेंटकर पुरस्कृत किया गया। आयोजन में जिला समन्वयक राजन प्रजापति, सर्वेश कुमार, डॉ. ब्रजेश, विपिन समेत मेजबान कालेज स्टाफ का सहयोग रहा।

#### लोक नृत्य में अपूर्वा और अंकित ने रिझाया

इसी तरह अवनद्ध वाद्य वादन में वर्षा देवी, वंशिका, अंशिका, ड्राइंग, पेंटिंग, प्रिंट मेकिंग में अफरीन निदा, अंजली, भक्ति, बालक वर्ग में कुणाल राठौर, रजत बाबू, सार्थक शर्मा, मूर्ति कला में तूबा आसिफ, मुस्कान वर्मा, शगुन गुप्ता, एकल नाटक में मुस्कान, माही वर्मा, अनम, एकल नाटक बालक वर्ग में कृष मिश्रा, लोक नृत्य में अपूर्वा, पावनी सक्सेना, भावना, बालक वर्ग में अंकित कुमार, शास्त्रीय नृत्य में साक्षी वर्मा, उरूज, प्रियल कपूर, स्थानीय खिलौने एवं खेल बालक वर्ग में जयसुख, केशव गुप्ता, बालिका वर्ग में साधना, अशरा, आरती को क्रमश : प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला।

### किसानों को दी गई गन्ना उपज बढ़ाने की जानकारी

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार:** लोनी शुगर मिल की यूनिट ने सोमवार को गांव चंदगोई में उपज बढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें चीनी मिल के तरफ से रीजनल हेड आलमनगर आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में कृषक जगदीश वर्मा के खेत में अपने विधि से गन्ने की बुवाई कराई। उन्होंने बताया इस विधि से गन्ने की उपज ज्यादा मात्रा में बढ़ेगी और कोई रोग भी नहीं लगेगा। उन्होंने कृषकों को संकल्प दिलाया। वहीं कृषकों ने भी संकल्प लिया कि इसी तरीके से गन्ने की बुवाई करेंगे, जिससे हमारे गन्ने की अच्छी पैदावार हो सके। कृषकों के हित में तमाम जानकारियां दी गई। मिल के कर्मचारी सुधीर कुमार सिंह, धर्मेंद्र चौहान, गन्ना पर्यवेक्षक अनुज तिवारी, सुंदरम मिश्रा व कृषक लोग प्रधान पति राजीव वर्मा, ओमकार वर्मा, विश्वनाथ त्रिवेदी, मुरली त्रिवेदी, शैलेंद्र तिवारी, बृजेश वर्मा, संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

# लोक अदालत के प्रचार प्रसार को वाहन रवाना



वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला जज भानु देव शर्मा। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन को जिला व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भानु देव शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया गया।

सोमवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीयूष तिवारी ने बताया गया कि उक्त वाहन से 13 सितंबर के मध्य जनपद के अलग तहसील व क्षेत्रों में जाकर लोक अदालत का प्रचार प्रसार करेगा। वाहन द्वारा प्रचार प्रसार करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पैरालीगल वालंटियर्स को नामित किया गया है। 11 सितंबर से 13 सितंबर के मध्य विशेष लोक अदालत का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें लघु प्रकृति के शमनीय आपराधिक वादों का निस्तारण किया जाएगा।इस दौरान पर अपर जिला जज सुदीप कुमार जायसवाल, आशीष वर्मा, गरिमा सिंह, अपर्णा त्रिपाठी, लवी यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई




गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# मेडिकल कॉलेज में गर्भवती की मौत पर हंगामा

## रविवार को भर्ती कराई गई थी पांच माह की गर्भवती गोल्डी, रात को इलाज के दौरान तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- परिजनों ने डॉक्टर और स्टाफ पर लगाया लापरवाही का आरोप
- कहा, स्टाफ नर्स ने मृतका के पति को मारा थप्पड़



मृतका गोल्डी।



घर पर शोकाकुल मृतका के परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में गर्भवती की इलाज के दौरान मौत के बाद परिजन आक्रोशित हो गए। उन्होंने डॉक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ट्रामा सेंटर में जमकर हंगामा किया। कहा कि अस्पताल स्टाफ ने घोर लापरवाही की। महिला का पति जब स्टाफ नर्स को बुलाने गया तो नर्स ने उसे थप्पड़ मारकर बेइज्जत किया। पुलिस ने किसी तरह परिजनों को शांत किया। पति ने सीएमएस को शिकायती पत्र देकर स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परिजनों ने महिला के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया और शव को लेकर चले गए।

सिंधौली क्षेत्र के गांव महाऊ महेश निवासी सुखपाल ने बताया कि उसकी पत्नी गोल्डी(27) पांच माह की गर्भवती थी। उसकी पत्नी की रविवार को अचानक बुखार आने पर तबीयत खराब हो गई। वह दोपहर 12 बजे उसे मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचा। उसने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर को दिखाया तो उसे भर्ती कर लिया गया। ट्रामा सेंटर के स्टाफ ने दवा और ग्लूकोज की बोतल चढ़ाई। रात में तीन बजे के आस-पास उसकी तबीयत खराब हुई तो वह कक्ष में स्टाफ नर्स को बुलाने गया। आरोप है कि स्टाफ नर्स ने उसको थप्पड़ मार दिया और कहा कि नींद खराब करते हो। पीड़ित पति ने बताया पत्नी की हालत देखते हुए वह चुप रह गया। थोड़ी देर बाद किसी तरह मनाने पर स्टाफ नर्स ने मरीज को देखा और दवा देकर चली गई। सुबह आठ बजे गोल्डी की मौत हो गई। डॉक्टर और स्टाफ ने कह दिया कि तुम्हारी पत्नी की मौत हो गई और घर ले जाओ। इस दौरान मृतका के परिवार वालों ने ट्रामा सेंटर में हंगामा शुरू किया। मेडिकल कॉलेज की पुलिस चौकी के दरोगा व सिपाही पहुंच गए और मृतका के परिवार वालों को समझाकर शांत कराया। परिवार वालों ने बताया कि ट्रामा सेंटर के स्टाफ की लापरवाही के कारण बहू की मौत हुई है। स्टाफ नर्स को बुलाने गए तो उसने उसके पति को थप्पड़ मार दिया। मृतका के पति सुखपाल ने सीएमएस डॉ. नेपाल सिंह को स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए शिकायती पत्र दिया है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि मृतका के परिवार वालों की तरफ से थाने पर कोई तहरीर नहीं आई है। उन्होंने बताया कि महिला का पंचनामा भी नहीं भरा गया है।

### ट्रामा सेंटर से वार्ड में नहीं किया शिफ्ट

मृतका गोल्डी के पति सुखपाल ने बताया कि दोपहर 12 बजे उसे बुखार आने पर मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। अखिरी समय तक मरीज को ट्रामा सेंटर में रखे रहे। उन्होंने ट्रामा सेंटर के स्टाफ से कहा कि मरीज को वार्ड में शिफ्ट कर दो, लेकिन स्टाफ ने मरीज को शिफ्ट नहीं किया। आरोप है कि जबकि उसके बाद के आए मरीजों को ट्रामा सेंटर से वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। स्टाफ से शिफ्ट करने के लिए कहा जाता तो कह देते थे कि वार्ड में बेड खाली नहीं हैं। साथ ही स्टाफ ने इलाज कराने के नाम पर पैसे की डिमांड की थी।

> गोल्डी नामक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वह पांच माह की गर्भवती थी। मृतका के पति ने शिकायती पत्र दिया है। स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। आरोपों की जांच की जा रही है।
> – डॉ. नेपाल सिंह, सीएमएस

# हत्या के प्रयास में 10 वर्ष की जेल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वर्ष 2010 में बंडा के पड़रिया दलेलपुर में मां-बेटे को मारी थी गोली

**अमृत विचार:** मां-बेटे की गोली मारकर हत्या का प्रयास किए जाने के मुकदमे की सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर कोर्ट ने एक अभियुक्त को 10 वर्ष के कारावास की सजा और 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

बंडा के पड़रिया दलेलपुर निवासी पुष्पेंद्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 जून 2010 को शाम करीब सात बजे गांव का श्यामू गांव में ही मैकू के दरवाजे पर चाट बेच रहा था। चाट को लेकर पिता सियाराम की नितिन कुमार उर्फ ईलू से बातों-बातों में कहासुनी हो गई। जिसमें नितिन बुरा मान गया और पिता को गाली देने लगा, शोर सुनकर मां निर्मला पहुंची और गाली देने से मना किया। इतने में नितिन ने तमंचे से मां के ऊपर फायर कर दिया, जिससे वह घायल हो गईं। पीड़ित ने बताया कि जब वह बचाने पहुंचा तो नितिन के चाचा वीरेंद्र ने तमंचे से फायर कर दिया, जिसमें वह घायल हो गया।

घटना की रिपोर्ट नितिन और वीरेंद्र के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में दर्ज की गई। विवेचना के उपरांत मामला कोर्ट भेज दिया गया था। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 13 में सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान और शासकीय अधिवक्ता भावशील शुक्ला के तर्कों को सुनने के बाद पत्रावली का अवलोकन कर दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश कृष्ण लीला यादव ने अभियुक्त वीरेंद्र को 10 वर्ष के कारावास की सजा और 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं आरोपी नितिन के नाबालिग निकलने पर उसकी पत्रावली किशोर न्यायालय भेज दी गई।

## एक अभियुक्त को आठ वर्ष की सजा

**शाहजहांपुर।** सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव बरेंग के वीरपाल उर्फ भिरखा के खिलाफ थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने वर्ष 2011 में हत्या का प्रयास आदि धाराओं में मामला दर्ज किया था। पुलिस ने विवेचना के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया। एडीजे 9 कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने वीरपाल को आठ वर्ष का कारावास और 23 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

## श्रमिक की बकरी उठा ले गया तेंदुआ

**खुटार।** खेत में चर रही श्रमिक की बकरी को तेंदुआ उठा ले गया। श्रमिक बकरी को बचाने के लिए शोर मचाता रहा, लेकिन उसे कोई मदद नहीं मिल सकी। वनकटा गांव के निवासी श्रमिक उदयभान ने बताया कि सोमवार शाम लगभग छह बजे वह खेत पर बकरी चरा रहे थे कि इसी बीच कहीं से तेंदुआ आ गया। इससे पहले वह कुछ समझ पाते तेंदुआ बकरी को लेकर खेतों की ओर तेजी से भागने लगा। उन्होंने शोर मचा कर स्थानीय लोगों को बुलाने का प्रयास किया, लेकिन कोई नहीं आ सका।

# गर्रा में नहा रही किशोरी डूबी, मौत

संवाददाता, तिलहर

- कलश पूजन के लिए लड़कियों के साथ गई थी जल लेने
- शोर शराबा सुनकर लोगों ने बेहोशी हालत में निकाला
- जिला अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा नैंसी ने दम

**अमृत विचार :** कलश पूजन के लिए जल लेने गई किशोरी नहाते समय नदी में गहरे पानी में चली गई। साथ गईं लड़कियों के चिल्लाने पर लोग आ गए और डूब रही किशोरी को बाहर निकाल लिया। उसे बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव परासिन निवासी कमलेश यादव की पुत्री नैंसी(15) गांव की लड़कियों के साथ गणेश पूजा के लिए जल लेने के लिए सोमवार सुबह करीब आठ बजे पिंगरा पिंगरी के समीप गर्रा नदी पर गई थीं। जहां जल लेने से पहले वह लड़कियों के साथ नहाने के लिए नदी में उतर गई। इसी दौरान अचानक वह गहरे पानी में चली गई, जिससे वह डूबने लगी, तो साथ में नहा रही लड़कियों ने शोर मचाया। चीख पुकार सुनकर गांव के ही रघुवीर ने ग्रामीणों की सहायता से नैंसी को नदी से बेहोशी की हालत में बाहर निकाला और उसके परिवार वालों को सूचना दी।

पिता सहित परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे और उसे बेहोशी हालत में जिला अस्पताल ले गए लेकिन नैंसी की हालत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर हलका इंचार्ज एसआई घनश्याम बहादुर भी मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी की।

## कमरे में दुपट्टे से लटका मिला महिला का शव

- भाई का आरोप दहेज के लिए मार डाला बहन को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** राय राजेपुर में एक महिला का शव पंखे के कुंडे से दुपट्टे से लटका हुआ मिला। मृतका के भाई ने ससुराल वालों पर मार डालने का आरोप लगाते हुए पति और उसके देवर के खिलाफ थाना पर तहरीर दी है।

मिर्जापुर क्षेत्र के गांव राज राजेपुर निवासी प्रशांत की शादी तीन साल पहले अंजली(24) निवासी खदुल्लापुर थाना अरवल जिला हरदोई के साथ हुई थी। वह और उसका छोटा भाई व उसकी पत्नी घर पर रहते है। रविवार को वह और उसका भाई कहीं गए हुए थे। दोनों शाम को पांच बजे आए तो कमरे का दरवाजा खोला तो देखा कि अंजली मृत अवस्था में पंखे के कुंडे से लटकी हुई थी। परिवार वालों ने उसके शव को नीचे उतार लिया। इधर मृतका के भाई भुवनेश्वर को सूचना मिली तो परिवार वालों के साथ देर रात हरदोई से बहन की ससुराल पहुंचा। उन्होंने थाना पर सूचना दी। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते थे। आरोप है कि उसको मारडाला और शव को लटका दिया है। एसओ योगेंद्र कुमार ने तहरीर मिली है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# पिस्टल से युवक पर किया फायर, हमले में बाल-बाल बचा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कांट क्षेत्र के गांव हट्टीपुर कुर्रिया निवासी देवेश मिश्रा निजी कंपनी में कर्मचारी है। उसका नवादा इंदेपुर में भी मकान है। बताया कि उसके घर के सामने रामदेव मिश्रा रहते है। उनका आरोप है कि रामदेव मिश्रा का पुत्र धनंजय मिश्रा उनके साथ आए दिन गाली गलौज करता रहता है। सोमवार की सुबह साढ़े नौ बजे वह घर के बाहर बाइक पर बैठे थे कि आरोप है कि धनंजय पिस्टल लेकर आ गया। उसके ऊपर तीन राउंड फायर किए। दो फायर मिस हो गए और एक गोली सर के ऊपर से निकल गई। सरेराह फायरिंग से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। अजीजगंज पुलिस चोकी प्रभारी रोहित कुमार सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी पिस्टल लेकर भाग गया। पुलिस को मौके पर एक खोखा मिला है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी धनंजय मिश्रा के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर सपाइयों ने की नारेबाजी



एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को ज्ञापन देते समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी।

संवाददाता, जलालाबाद

- जनहित में समस्याओं के शीघ्र निस्तारण को पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** सपा विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव व जिला पंचायत सदस्य रामदास राठौर के नेतृत्व में सोमवार को एकत्रित हुए सपाइयों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर नारेबाजी की। साथ ही मांगों को लेकर एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने जनहित की समस्याओं का निस्तारण अतिशीघ्र कराए जाने की मांग की। कहा अगर समस्याओं का समाधान न हुआ तो सपा पदाधिकारी धरना प्रदर्शन व आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

उन्होंने कहा कि गांव गुनारा में नगर पालिका परिषद के नालों का गंदा पानी कब्रिस्तान में घुस रहा है, जिसका समाधान जनहित में किया जाना अति आवश्यक है। गांव गुनारा में बड़ी मंडी रोड बुरी तरह से टूट जाने के कारण कई बार कई हादसे हो चुके हैं। क्षेत्र के कई गावों में बिजली व्यवस्था चरमराई है। आधार कार्ड बनवाने के लिए केवल तीन ही स्थान पर कार्य हो रहा है, जिससे अभिभावकों के साथ ही बच्चे बेहाल हो रहे है। कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में आधार कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। सपा पदाधिकारियों ने छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने, गांव गुनारा के तालाबों को अवैध कब्जे से मुक्त कराने आदि की मांग की। इस दौरान सूरजपाल सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य रामदास राठौर, तसलीम अंसारी, कमलेश यादव, कासिम अली, प्रवेश, अफरोज आदि कार्यकर्ता रहे।

## शिव सेना ने समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



एसडीएम जीत सिंह को ज्ञापन देते शिव सेना पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने जनहित की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम जीत सिंह को सौंपा। सोमवार को तहसील प्रांगण में शिवसेना के जिला उपाध्यक्ष गोपी सिंह चौहान के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओं ने जनहित की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में छुट्टा गोवंश और बंदरों का आतंक है, जिससे आमजन को खतरा बना हुआ है।

कहा कि खुदागंज से सूथा व मझिला होते हुए ढकियारघा तक का मार्ग जर्जर हो चुका है। इस मार्ग से निकालने वालों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। मार्ग का निर्माण जल्द कराया जाए। बुखार व अन्य बीमारियां फैल रही हैं, लेकिन संचारी रोग नियंत्रण अभियान बंद पड़ा है। ग्राम पंचायत में स्थापित सरकारी स्वास्थ्य उपकेंद्र बंद हैं, जिस पर अधिकारियों द्वारा संबंधित कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस दौरान अंकित कुमार, अजीत सिंह, वीरबहादुर, इंद्रजीत सिंह, पुष्पेंद्र जगतपाल, मुलायम कुमार, राजेश, जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# 120 आउटसोर्सिंग और ठेका सफाई कर्मियों को हटाने की मांग



नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा से वार्ता करते सफाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के लोग।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सफाई कर्मचारी मोर्चा ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** सफाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर 120 आउटसोर्सिंग व ठेका सफाई कर्मचारियों को हटाने की मांग की है। साथ ही मांगें न माने जाने पर 12 सितंबर से कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

सफाई कर्मचारियों की तरफ से नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि नगर निगम में पार्षदों की ओर से हाल में ही 120 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी लगवाए गए हैं। उसमें एक भी व्यक्ति वाल्मीकि समाज से नहीं लिया गया है। जो आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं, वह कार्य नहीं कर रहे हैं। इनका सफाई कार्य करते हुए कोई भी फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी का रिकॉर्ड नहीं है। फिर भी निगम के सफाई नायकों पर इन 120 सफाई कर्मचारियों का बिना कार्य किए वेतन प्रमाणित करने का दबाव बनाया जा रहा है। यह कृत्य अवैधानिक तथा म्युनिसिपल एक्ट के विरुद्ध है। जिसको लेकर स्वच्छकार वाल्मीकि समाज में काफी रोष है। सफाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने नगर आयुक्त से पत्र के माध्यम से कहा कि इन 120 सफाई कर्मचारियों की नियुक्तियां अवैधानिक है, इनको तत्काल प्रभाव से हटाया जाए और स्वच्छकार व वाल्मीकि समाज के गरीबों को लगाया जाए। जिससे महानगर की सफाई व्यवस्था और सुदृढ़ हो सके। इस दौरान रमेश चंद्र सेठ, मुरारीलाल भास्कर, रमेश चंद्र, अजय प्रधान, रामकृपाल मानू, विकास चंद्रा, आकाश आनंद, राजीव सिंह, मनोज गंगा, सतेंद्र कुमार, अमित वाल्मीकि, इफ्तेखार खां, राजकुमार, अर्जुन वाल्मीकि, रमेश कुमार, रामबाबू, रजनीश कुमार, विशाल, सियाराम, विजय कुमार, रवि, सोनू, दीपक, राजेश, निहाल, शिवा आदि मौजूद रहे।

### मांगें पूरी न होने पर दी हड़ताल की चेतावनी

सफाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी कि मांगों को अगर 48 घंटे के अंदर नहीं माना गया तो नगर निगम के सभी सफाई कर्मचारी अनिश्चित कालीन कामबंद हड़ताल पर पर चले जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।

# आज न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सेंट्रल बार एसोसिएशन की बैठक में पारित किया गया प्रस्ताव
- बैठक में सर्वसम्मति से दो अन्य प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

**अमृत विचार:** पुलिस की कार्यशैली से नाराज चल रहे अधिवक्ताओं के प्रार्थना पत्र पर बार एसोसिएशन ने गंभीर रुख अख्तियार किया है। बार एसोसिएशन की सोमवार दोपहर राजीव सभागार में बैठक बुलाई गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंगलवार को अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे। कोई न्यायिक कार्य नहीं करेंगे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे।

एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण दत्त त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष मनेन्द्र सिंह व 100 अन्य अधिवक्ताओं के प्रार्थना पत्र पर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली अधिवक्ता विरोधी होने के संबंध में विचार किया गया। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि पुलिस प्रशासन द्वारा मनमाने तरीके से पिछले काफी दिनों से कचहरी परिसर के अन्दर तथा कचहरी के सभी प्रवेश द्वार पर एसओजी, एसटीएफ एवं अन्य पुलिस बल के सिपाहियों को लगा रखा है। जिसके भय से बहुत से वादकारी गण न्यायालय आने से हिचक रहे हैं और इस कारण से अधिवक्ताओं का कार्य प्रभावित हो रहा है।

पुलिस प्रशासन के इन कृत्य के विरोध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 सितंबर को सेंट्रल बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे और न्यायालयों में कोई भी न्याय कार्य नहीं करेंगे, साथ ही पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे।

इसके अलावा यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि कोई भी अधिवक्ता सोशल मीडिया पर ऐसी टिप्पणी करता है, जो बार अथवा सदन की गरिमा के विपरीत है, तो ऐसे अधिवक्ताओं के खिलाफ बार द्वारा तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। तीसरा निर्णय लिया गया कि यदि कोई भी अधिवक्ता अपने पास ऐसे व्यक्ति को बैठाता है जो अभी तक बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में पंजीकृत नहीं है, तो उसे अधिवक्ता जैसी ड्रेस पहनने दें और न ही उसे न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में पेश करें। बैठक का संचालन एसोसिएशन के महासचिव राजीव कुमार शर्मा ने किया।

## चोरी की चेन समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर/पुवायां, अमृत विचार:** शहर से पुवायां जाते समय मैजिक में एक व्यक्ति के बेग से चांदी की दो चेन चोरी हो गई। वैन में लोगों की तलाशी ली गई तो एक युवक की जेब से दोनों चेन बरामद हो गई। पकड़े गए चोर को पुवायां थाना के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। पुवायां क्षेत्र के गांव नवाबपुर गंगा निवासी राम खिलावन सोमवार की सुबह छह बजे शहर से पुवायां मैजिक से जा रहा था। उसने बैग मैजिक में एक स्थान पर रख लिया था। पुवायां के पास वैन पहुंची तो उसने देखा कि बैग की चेन खुली हुई है। बैग में रखी दो चांदी की चेन गायब है। उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। सिपाही तुरंत वैन पर आ गए और वैन में सवार लोगों की तलाशी ली। एक युवक की जेब से दोनों चेन बरामद हो गई। पकड़ा गया चोर अनुज तिवारी निवासी बड़ागांव थाना पुवायां है। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि आरोपी का चालान कर दिया है।

# पेड़ से टकराई कार, भाजपा नेता सहित दो लोग घायल

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला गांधीनगर में रहने वाले भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सचिन मिश्रा रविवार को कस्बा पुवायां निवासी संदीप बाजपेयी के साथ कार से नेपाल किसी काम से गए थे। शाम करीब सात बजे वापस लौट रहे थे। खुटार मैलानी के बीचो बीच जंगल में उनकी गाड़ी के आगे अचानक एक जानवर आ गया।

जंगली जानवर को बचाने के चक्कर में कार चला रहे सचिन मिश्रा ने गाड़ी को रोकने का प्रयास किया। लेकिन अनियंत्रित होकर कार सड़क के किनारे एक पेड़ से जाकर टकरा गई। हादसे में सचिन और संदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर भीरा और मैलानी पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने यूपी 108 सेवा एंबुलेंस से घायलों को खुटार सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने घायलों की हालत देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन परिजन सचिन मिश्रा को बरेली ले गए। जहां उनका बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### खंभे से टकराई एंबुलेंस, दंपती घायल

**निगोही।** पुवायां के गांव पैंगापुर निवासी अतुल शुक्ला अपनी पत्नी सीमा शुक्ला के साथ सोमवार रात करीब पौने नौ बजे प्राइवेट एंबुलेंस से बरेली से दवा लेकर लौट रहे थे। निगोही से पुवायां रोड पर गांव ब्यौर के पास एंबुलेंस पहुंची, तभी सामने से अचानक गोवंशीय पशु आ गया। जिस बचाने के चक्कर में चालक ने ब्रेक लिए, तभी एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंभे से टकराकर खाई में पलट गई। जिसमें पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। वहीं चालक मौके से भाग गया। बता दें कि अतुल के पैरों में पहले से ही रॉड पड़ी हुई थीं। इस हादसे में वह दोबारा घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

## घर में घुसकर अधिवक्ता को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मोहल्ला सिंजई में घर में घुसकर तीन लोगों ने एक अधिवक्ता को पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण गंधक फैक्ट्री के सामने अधिवक्ता की कार दूसरे वाहन से टकराना बना। चौक कोतवाली के मोहल्ला सिंजई निवासी अधिवक्ता मोहम्मद शबाब ने बताया कि सात सितंबर को दिन में दस बजे कार से कचहरी जा रहे थे। उनकी कार दूसरी वाहन से गंधक फैक्ट्री के सामने टकरा गयी थी। उस समय लोगों ने विवाद खत्म करा दिया था। अधिवक्ता का आरोप है कि रविवार की शाम तीन लोग उसके मकान में घुस गए और अधिवक्ता को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। अधिवक्ता का आरोप है कि 5500 रुपये लूटकर ले गए। पुलिस ने घायल का परीक्षण कराया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही खुदागंज पुलिस



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव शहजादपुर निवासी सेठपाल सोमवार को परिवार वालों के साथ एसपी से मिले और शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि रविवार को उनका भांजा जदवीर सिंह अपनी बहन के साथ भर्री बसंतपुर में डॉक्टर के यहां दवा लेने जा रहा था। रास्ते में त्रषिपाल, वेदपाल, भानु प्रताप, दिनेश ने जदवीर को रोक लिया और कहा कि कहां जा रहे हो। उसके भांजे ने कहा कि डॉक्टर के यहां दवा लेने जा रहे है। आरोप है कि आरोपियों ने जदवीर को पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। सेठपाल ने बताया कि डायल 112 को सूचना दी। पुलिस जदवीर को पकड़कर थाने पर ले गई। इधर आरोपियों ने उसके घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता की। आरोप है कि आरोपी पहले भी जदवीर के साथ मारपीट कर चुके है। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। खुदागंज पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। एसपी ने खुदागंज थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि वैधानिक कार्रवाई करें।

### आपसी विवाद में धर्म कांटा सील

**पुवायां, अमृत विचार :** दो भाइयों के बीच आपसी विवाद के चलते पुलिस ने धर्म कांटा व आसपास की संपत्ति को सील कर दिया, जिसमें अब कोई भी हस्तक्षेप नहीं कर सकेगा। शाहजहांपुर रोड पर लगे आदर्श धर्म कांटा के स्वामी जहूर व उनके भाई के बीच कई वर्षों से विवाद चल रहा था। दोनों भाइयों के विवाद जब आपस में नहीं निपटा तो मामला न्यायालय पहुंच गया, जिसके बाद पुलिस ने संपत्ति को विवादित बताते हुए रिपोर्ट लगाकर कोर्ट भेज दी थी, जिसके बाद धर्मकांटा एवं आसपास की संपत्ति पर प्रतिबंध लगा दिया गया। सोमवार को दोबारा विवाद होने की स्थिति में पुलिस ने जाकर धर्म कांटा सील कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि पुलिस ने न्यायालय के आदेश के अनुसार व शांति व्यवस्था बनाए रखना को कार्रवाई की।

### चार वारंटी गिरफ्तार, चालान किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गढ़िया रंगीन थाना के एसओ राजेंद्र कुमार ने बताया कि अभियुक्त राधेश्याम निवासी सहोरा थाना गढ़िया रंगीन के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट था। पुलिस ने उसे गांव से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। मदनापुर थाना के उपनिरीक्षक अबरार खां ने बताया कि अभियुक्त रावेंद्र सिंह निवासी ढुकरी कला थाना मदनापुर को वारंट हाने पर गिरफ्तार करके चालान कर दिया। वहीं, कलान थाना के उपनिरीक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि अभियुक्त बारिक अली निवासी नया गांव कुदरासी थाना कलान और अमित कुमार निवासी भर्रामई थाना कलान के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट है। पुलिस ने दोनों वारंटियों को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

### मां-बेटे को मारपीट कर किया घायल

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव धिरौला पश्चिम निवासी बुद्धपाल ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गांव के युवक ने मां को गाली देना शुरू कर दिया। मां के विरोध करने पर आरोपी युवक ने उन्हें पीट दिया। मां को बचाने आया तो उसे भी लाठी डंडों से पीट दिया। घायल मां-बेटा को पुलिस ने मेडिकल के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेज दिया।

# भटपुरा मिश्र की गलियों में दलदल, निकलना मुश्किल

## नाली का निर्माण नहीं होने से सड़क पर भर जाता है गंदा पानी, लोग झेल रहे मुसीबत

संवाददाता, निगोही

- 2500 के करीब आबादी वाले गांव में है 1550 मतदाता
- अधिकारियों से शिकायत के बाद भी नहीं निकला समाधान

**अमृत विचार :** स्वच्छता से ही जीवन स्वस्थ हो सकता है, इसी उद्देश्य के तहत गांवों में विशेष साफ-सफाई पर कवायद शुरू हुई। गांव-गांव सफाई कर्मचारी लगाए गए लेकिन यह कवायद अब दम तोड़ रही है। ज्यादातर गांवों में अभी भी मुख्य सड़क व गलियों में दलदल नजर आ जाएगा। ऐसे ही एक गांव है भटपुरा मिश्र, जहां शायद ही कोई गली ठीक हो, अन्यथा हर जगह गंदगी व दलदल नजर आएगा।

भटपुरा गांव निगोही से बिलसंडा जाने वाले संपर्क मार्ग पर पड़ता है। यहां सभी बिरादरी के लोग रहते हैं। गांव की आबादी 2500 के करीब है और 1550 मतदाता हैं लेकिन इनकी सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सबसे पहली जरूरत गांव में सफाई व्यवस्था है लेकिन यही काम नहीं हो पा रहा है। गांव में खंड़जा डलवाया गया लेकिन कुछ स्थानों पर नालियों का निर्माण नहीं कराया गया। इसी वजह से बरसात का पानी और लोगों के घरों का पानी भी सड़क पर पहुंच जाता है और फिर दलदल बन जाती है। जिससे निकलना किसी जोखिम से कम नहीं है, सबसे अधिक खतरा बच्चों और बुजुर्गो के लिए रहता है कि पता नहीं कब दलदल में फिसल जाएं। गांव में कुछ स्थानों को छोड़कर ज्यादातर गलियों में गंदगी की भरमार है, जिन गलियों में नालियां बनी भी हैं, वहां सफाई करने सफाई कर्मचारी आता नहीं है, जिससे नालियां चोक नजर आ रही है और जलभराव बना हुआ है। जिसमें मच्छर पनप रहें। इन मच्छरों की वजह से और गंदगी की वजह से संक्रामक रोग फैलने का भी डर सता रहा है। शाम होते ही मच्छर डंक मारना शुरू कर देते हैं, स्थिति यह है कि रात में दरवाजे पर कोई खड़ा हो जाए और आपस में बतियाने लगे तो यह मच्छर डंक मार-मार कर उन्हें वहां से हटने के लिए मजबूर कर देते हैं। गांव के लोगों ने बताया कि यदि दोनों तरफ सही से नालियां बन जाएं और बेहतर तरीके से साफ-सफाई हो, तब किसी को कोई परेशानी नहीं होगी। गांव के लोगों ने साफ-सफाई को लेकर ब्लॉक अधिकारियों तक से शिकायत की लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा है।


गांव की एक बदहाल गली...दलदल के बीच गुजरते लोग। ● अमृत विचार

### बोले ग्रामीण


गांव में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है, सफाई कर्मचारी का गांव में कब आना-जाना होता है, इसका पता नहीं चलता, मजबूरन खुद सफाई करते हैं। – कौशलेंद्र सिंह


गांव में खड़ंजा तो डलवा दिया गया लेकिन कुछ स्थानों पर नालियां नहीं बनवाई, जिस कारण बरसात का पानी और घरों का पानी सड़क पर आता है। – सोनू सिंह


बीमारियों को रोकने के लिए नसीहत दी जाती है कि गंदे पानी का ठहराव न होने पाए, इससे मच्छर जनित रोग हो सकते हैं लेकिन यहां तो दलदल बना हुआ है। – चंदा सिंह


सफाई कर्मचारी मनमाने तरीके से काम करते हैं, यहां तो कभी दूसरे स्थान पर सफाई करके चले जाते हैं लेकिन लगातार सफाई नहीं होने की वजह से गंदगी है। – हाकिम सिंह

गांव में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाता है, यदि कहीं गंदगी या दलदल जैसी स्थिति है, तो उसका भी समाधान करा दिया जाएगा। –मीना देवी

## गुरु के बिना प्रभु से मिलन संभव नहीं

**खुटार, अमृत विचार:** कथावाचक राजवीर सिंह नट ने सुनाया कि मनुष्य के जीवन में गुरु होना जरूरी है। गुरु के माध्यम से ही मनुष्य का भगवान से मिलन हो पाता है। उन्होंने भगवान और भक्त के प्रेम की कथा सुनाई। वह नगर में स्थित श्रीराम जानकी बालाजी धाम पंथवारी मंदिर के पास सात दिवसीय रामकथा, श्रीमद्भागवत कथा आयोजन में सोमवार को भगवान की लीलाओं का वर्णन कर रहे थे। कथावाचक ने सुनाया कि गुरु ही भगवान की ओर जाने वाला रास्ता भक्त के लिए सुलभ कर देता है इसलिए गुरु का जीवन में होना जरूरी है। कथा वाचक ने रावण जन्म, ऋषि, संतो पर अत्याचार, रावण-मंदोदरी विवाह आदि का प्रसंग सुनाया। समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। योगेंद्र कुमार उर्फ जनेजा, गुड्डु कुमार, सुरजीत आदि का सहयोग रहा।

# जीवन में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें बच्चे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जेसीआई सप्ताह के तहत एसपी सिटी, मुख्य प्रशिक्षक ने किया विद्यार्थियों का मार्गदर्शन
- डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में नेतृत्व विकास का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार :** जेसीआई सप्ताह के पहले दिन सोमवार को डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में नेतृत्व विकास का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य प्रशिक्षक जेसी अनुज गुप्ता ने लगभग 1 घंटे के सत्र में बताया कि नेतृत्व के गुण के लिए यह कोई बहुत आवश्यक नहीं है कि व्यक्ति किसी बहुत उच्च स्तरीय विद्यालय से ही शिक्षा प्राप्त किया हो। सामान्य संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद भी तमाम लोगों ने देश को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने अनेक प्रकार के नेतृत्व गुणों से संपन्न लोगों व महापुरुषों जैसे एपीजे अब्दुल कलाम, एमएस धोनी, रतन टाटा के उदाहरण देकर समझाया।

इसके बाद एएसपी सिटी संजय कुमार ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया। उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए अपने अंदर किस तरह से नेतृत्व का गुण विकसित करना है उसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इतिहास से उदाहरण लेकर उन्होंने कहा कि अपने भारत में ही अनेक प्रकार के ऐसे महापुरुष हुए हैं जिन्होंने बहुत सामान्य परिवार में जन्म लेकर भी अपने जीवन में शीर्ष स्तर को प्राप्त किया। जिनमें सुभाष चन्द्र बोस, महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर, नरेंद्र मोदी आदि के जीवन से संबंधित विभिन्न घटनाओं का जिक्र कर उदाहरण दिया। कार्यक्रम में डायरेक्टर रितेश खंडेलवाल, अंकित खंडेलवाल, नितेश गुप्ता, भुवन बंसल, अंकुर जायसवाल, विनम्र अग्रवाल, विक्रांत गौतम, अग्रवाल, मोहित राठौड़, डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली के मुख्य ट्रष्टी व प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता, निदेशक राहुल कुमार मिश्रा, अध्यक्ष डॉ. एमके अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आफाक अली खान, प्रधानाचार्या उज्ज्वला मिश्रा, उप प्रधानाचार्या ज्योतसना द्विवेदी का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन अंशुमान अग्रवाल ने किया।


बच्चों को संबोधित करते एएसपी सिटी संजय कुमार, साथ में डायरेक्टर सचिन बाथम।

### अन्य क्षेत्रों में भी विकास की संभावनाओं का रखें ध्यान

एसडीएम ने बच्चों को बताया कि कैसे उन्हें जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी विकास की संभावनाओं को ध्यान में रख कर आगे बढ़ना चाहिए। हमेशा सकारात्मक रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एएसपी सिटी संजय कुमार, विशिष्ट अतिथि एसडीएम ज्ञानेंद्रनाथ, मुख्य प्रशिक्षक जेसी अनुज गुप्ता, जेसीआई अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल, सप्ताह निदेशक सचिन बाथम, सचिव कामेश्वर वर्मा, कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने भी बच्चों को राह दिखाई।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर मारपीट

**शाहजहांपुर।** निगोही क्षेत्र के गांव अर्जुनपुर निवासी लालाराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शनिवार की शाम सात बजे अपने घर जा रहा था। गांव के मुकेश व शेरा ने उसे घेर लिया और गाली लेने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर ली है।

# केवी में कुमुद और अमन बने कैप्टन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- धूमधाम से किया गया छात्र परिषद का गठन और अलंकरण समारोह

**अमृत विचार :** केंद्रीय विद्यालय-एक में सोमवार को छात्र परिषद का गठन और अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के 12वीं के छात्र अमन को स्कूल कैप्टन और छात्रा कुमुद सक्सेना को बालिका वर्ग कैप्टन नियुक्त किया गया। जबकि वाइस कैप्टन का दायित्व प्रवीणिका और अभिनव सक्सेना को सौंपा गया।

प्रधानाचार्य एमके गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को छात्र परिषद की महत्ता समझाते हुए इसके उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्र परिषद के गठन के पीछे बच्चों में सुशासन, अनुशासन और नेतृत्व की क्षमता विकसित करना है। इसके बाद उन्होंने सभी को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ भी दिलाई। प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि सभी छात्र अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और पूरी निष्ठा और लगन के साथ शिक्षा प्राप्त कर कालेज के साथ अपने परिवार राष्ट्र का नाम रोशन करें। तभी वह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के भागीदार बन सकेंगे। इसके बाद अलंकरण समारोह में दोनों कैप्टन ने सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय का नाम सदैव ऊंचा रखने तथा अनुशासन के साथ पठन-पाठन करने के प्रति अपने संकल्प को दोहराया।

उप प्रधानाचार्य जगवीर सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वह अपने विद्यालय में अच्छे वातावरण का निर्माण करते हुए एक-दूसरे की मदद भी करते रहें। इससे भाईचारा की भावना जागृत होगी। अनुराग पांडेय के संचालन में चले कार्यक्रम में खेल शिक्षक मुरलीधर, कोच गुंजन, कमल कृष्ण समेत स्कूल स्टाफ का योगदान रहा।



केवी-1 में छात्र परिषद के गठन के बाद शपथ लेते कैप्टन। ● अमृत विचार

## वीडियो वायरल करने की धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रोजा क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 16 वर्षीया पुत्री को रास्ते में घेरकर युवक ने छेड़खानी व अश्लील हरकतें की। आरोप है कि आरोपी ने उसकी पुत्री को जबरन कार में खींचकर डालने का प्रयास किया और उसका पुत्री का अश्लील फोटो खींच लिया। आरोपी ने शादी करने का दबाव बनाया और शादी न करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी रतीराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## छात्र-छात्राओं को टैबलेट और लैपटॉप का वितरण

**पुवायां, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कॉलेज में टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष और तिलहर विधायक, कॉलेज की अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम का आरंभ जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, विधायक सलोना कुशवाहा, चेयरमैन संजय गुप्ता, कॉलेज की अध्यक्ष वर्षा गोस्वामी ने किया। संचालन डॉ. राजीव कुमार (एचओडी), छात्र तुषार सक्सेना, स्नेहा सिंह, दृष्टि सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भाषण, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान अरविंद कुमार, रजनीश कुमार, आदर्श शुक्ला, हरविंदर सिंह, नीरज गंगवार, मोनिका राय, मानसी राठौर, इंद्रजीत वर्मा, अंशिका पटेल, शिवांगी, दिव्यांक अवस्थी, दिवाकर अवस्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. नीरज कुमार ने सभी को धन्यवाद दिया।



बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493 9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
आँवला IFFCO HOSPITAL
मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्टलेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

PRIME HOSPITAL प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान
एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- • वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, • प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, • नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, • पीलिया का इलाज, • दिमागी बुखार, • मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

## एक नजर

### प्रयांक जैन बने सीओ सदर

**शाहजहांपुर।** एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि सीओ सदर वीएस वीर कुमार सिंह का तबादला हो गया था। उन्होंने बताया कि सीओ तिलहर को प्रयांक जैन को सीओ सदर बनाया गया है और सीओ ट्रैफिक अमित चौरसिया को सीओ तिलहर बनाया गया है। पुलिस उपाधीक्षक ज्योति यादव को सीओ ट्रैफिक व सीओ लाइन बनाया गया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** खुदागंज थाना के प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि अभियुक्त गुड्डू के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी ने 28 अगस्त 2024 की शाम खेत पर 15 वर्षीया किशोरी के साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी को सोमवार की सुबह गांव के बाहर गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

### वांछित गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार के उप निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि अभियुक्त नदीम निवासी अंटा थाना सदर बाजार के खिलाफ तीन दिन पूर्व गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी को खिरनीबाग चौराहे से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# देशी शराब की दुकान से डेढ़ लाख की चोरी

## नवदिया गांव में बने ठेके से 38 पेटी शराब, कैमरे और इनवर्टर ले गए चोर

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** नवदिया ओरीलाल में रविवार रात ठेका देशी शराब की दुकान से शराब की 38 पेटी, इनवर्टर और दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चोरी हो गए। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच की। सेल्समैन की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कस्बा बंडा के गांव नवाबपुर फुक्की के रहने वाले सुधीर कुमार ने बताया कि गांव नवदिया ओरीलाल मोड़ के समीप ठेका देशी शराब की दुकान है और वह सेल्समैन है। उसके साथ बंडा के गांव देवकली निवासी राजकमल रहता है। दुकान स्वामी किरन वर्मा के पति अमित वर्मा देखरेख करते है। सेल्समैन सुधीर ने बताया कि रविवार रात करीब नौ बजे वह और उसका साथी राजकमल दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात किसी समय अज्ञात चोर मेन गेट का ताला और लॉक तोड़कर दुकान में दाखिल हो गए। चोरों ने एक लाख बीस हजार रुपये की कीमत की 35 पेटी डिग्री सोल्जर, तीन पेटी 25 डिग्री क्रेटिना चोरी कर ली। साथ ही दुकान में रखा इनवर्टर, सीसीटीवी कैमरे चोरी कर ले गए। सामान की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये आंकी गई। सोमवार सुबह करीब सात बजे गांव नवदिया ओरीलाल के रहने वाले छविनाथ ने मामले की सूचना सेल्समैन सुधीर कुमार को दी, तो वह दुकान पर पहुंचा। जहां शराब की चार पेटी और सारा सामान बिखरा पड़ा था। दुकान स्वामी अमित वर्मा भी पहुंच गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। सोमवार सुबह दस बजे फॉरेंसिक टीम ने पहुंच कर जांच कर साक्ष्य जुटाए। जांच करने के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम वापस लौट गई। सेल्समैन सुधीर कुमार ने पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज ली है। लेकिन चोरों का पता नहीं लग सका है। पुलिस चोरी का खुलासा करने में प्रयास कर रही है।



घटना की जांच करती फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार



घटना की जानकारी देता दुकान मालिक व बिखरा सामान।



इसी जगह से चोरों ने सीसीटीवी कैमरे पर किया हाथ साफ।

- पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम ने की जांच, सेल्समैन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

> पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।
>
> – **संजय कुमार**, थानाध्यक्ष खुटार

### 20 दिन पहले भी इसी दुकान में हो चुकी है चोरी, नहीं दर्ज की थी रिपोर्ट

सेल्समैन सुधीर ने बताया कि 17 अगस्त को चोरों ने ठेका देशी शराब की दुकान का ताला तोड़कर 10 पेटी शराब चोरी कर ले गए थे। पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। 20 दिन बाद अब फिर से रविवार रात चोर लाखों का सामान ले गए।

### चार दिन बाद भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े बदमाश

गांव ढकना लहिया में बदमाशों ने छह सितंबर को अवधेश वाजपेयी के घर में घुसकर महिलाओं और बच्चों पर तमंचा तान दिया था और दस हजार की नगदी सहित करीब पचास हजार रुपये के जेवरात लूट ले गए थे। उधर, गांव के ही विवेक पांडेय के घर बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने आठ सितंबर को अवधेश वाजपेयी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। लेकिन चार दिन बाद भी पुलिस बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है।

# वीर अब्दुल हमीद के शहीदी दिवस को लेकर हुई बैठक



शहीदी दिवस के संबंध में जानकारी देते मुख्य आयोजक महबूब हुसैन इदरीसी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सामाजिक संस्था अंजुमन इदरीसिया एवं वीर अब्दुल हमीद शहीद स्मारक समिति की संयुक्त बैठक सोमवार को शाहबाजनगर मार्ग स्थित मोहल्ला शांतिपुरम में इमरान साबरी के आवास पर हुई। बैठक में 14 सितंबर को राष्ट्र गौरव परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद का 59वां शहीदी दिवस इमली रोड चौराहा पर शाम पांच बजे मनाने का निर्णय लिया गया। समारोह में वीर अब्दुल हमीद के सुपुत्र जैनुल हसन को भी आमंत्रित किया गया है।

अंजुमन इदरीसिया के अध्यक्ष महबूब हुसैन इदरीसी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और विशिष्ट अतिथि अशफ़ाक़ उल्ला खां के प्रपौत्र अशफ़ाक़ उल्ला खां और महापौर अर्चना वर्मा होंगी। बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बैठक की अध्यक्षता शमीम अख्तर इदरीसी व संचालन डॉ. रफत हुसैन ने किया। बैठक में मुख्य रूप से डॉ. जमील हसन, मोहम्मद शरीफ़, हाजी हफीजुद्दीन, वसीम इदरीसी, शमसुद्दीन इदरीसी, आज़ाद अली, सलमान उर्फ शमी, हाजी रफीक अहमद, नौशाद हसन, हाजी जलालुद्दीन, इमरान साबरी, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद शादाब, मोहम्मद इरफ़ान, आसिफ़ हुसैन आदि मौजूद रहे।

# गणेश उत्सव पर बनाई इको फ्रेंडली मूर्ति

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** महानगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। हर कोई गणपति बप्पा की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर रहा है।

इसी क्रम में लोदीपुर स्थित सिटी पार्क कॉलोनी में भी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मूर्ति स्थापित कर गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। कॉलोनी निवासी अमृता पांडे ने इको फ्रेंडली गणेशजी की मूर्ति बनाई है, जोकि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रही। रोजाना सुबह शाम गणेशजी की आरती व भजन कीर्तन महिलाएं कर रही है। गणेश उत्सव में अक्षय पांडे, अमृता पांडे, अक्षिता, अनु मेघा, सुष्मिता, अनुज, कविता, प्रमोद, प्रखर, शिविका, छवि, मानवी, जानवी आदि शामिल रहे।



इको फ्रेंडली मूर्ति के साथ अमृता पांडेय।

# पटना में कार्यशाला में शामिल होंगे भटपुरा रसूलपुर के प्रधान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बिहार में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में उत्तर प्रदेश की प्रेजेंटेशन देने के लिए शाहजहांपुर से मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर के प्रधान अनिल कुमार गुप्ता पटना के लिए रवाना हो गए हैं।



ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता।

ग्राम प्रधान ने बताया कि देश के प्रत्येक राज्य अपनी-अपनी राजधानी में इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन कर रहे हैं। इन कार्यशालाओं में सभी राज्यों से चुनिंदा प्रधान बुलाए जाते हैं। इस बार यह कार्यशाला बिहार की राजधानी पटना में शुरू होने जा रही है, जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ-साथ अन्य कई मंत्री भाग लेंगे। इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश की ओर से ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर की वीडियो दिखाई जाएगी और उत्तर प्रदेश की प्रेजेंटेशन अनिल गुप्ता देंगे। इसके साथ-साथ सभी प्रधानों को बौद्ध गया व नालंदा भी घुमाया जाएगा। सारी व्यवस्था सरकार की ओर से की जाएगी। अनिल को इससे पहले भी राज्य सरकार चंडीगढ़, दिल्ली, केरल आदि कई प्रदेशों में भेज चुकी है।

# वरिष्ठ नागरिकों ने किया समस्याओं पर विचार-विमर्श

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नगर निगम सभागार में सोमवार को हुई सीनियर सिटीजन सोसाइटी की मासिक बैठक में विभिन्न मांगों और मुद्दों पर चर्चा की गई। किराए में छूट आदि की पुरानी मांगें भी दोहराई गईं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष उमेश पाठक ने कहा कि एक अक्टूबर को वरिष्ठ नागरिक दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।

इस अवसर पर उमेश अवस्थी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ नागरिकों को होने वाली परेशानियों को दूर किया जाना चाहिए। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सावित्री शर्मा ने कहा कि तमाम महिलाएं विधवा पेंशन के लिए भटकती रहती हैं, उनकी समस्या का समाधान वरीयता क्रम में होना चाहिए। प्रेमपाल सिंह ने कहा कि कोरोना काल में बंद की गई रेलवे, रोडवेज, हवाई यात्रा की छूट फिर से बहाल की जाए। मोहम्मद आमिर खां ने सड़कों की दुर्दशा का मुद्दा उठाया। महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी ने वरिष्ठ नागरिक दिवस के बारे में जानकारी दी। इसी तरह अनिल दीक्षित, अरुण दीक्षित, राजेश शुक्ला आदि ने भी अपनी बात रखी। जिलाध्यक्ष उमेश पाठक ने कहा कि समस्याओं को लेकर शीघ्र ही डीएम से पत्राचार किया जाएगा, जिससे समस्याओं का समाधान कराया जा सके।

बैठक में गिरीश चंद्र दीक्षित, ओंकारनाथ शुक्ल, रवि शर्मा, नसीर अहमद, प्रेम नारायण अग्रवाल, रामेश्वर दयाल तिवारी, हर प्रसाद पांडेय, मुरलीधर भोजवाल, नरेंद्र गुप्ता, नीलम गुप्ता, ऊषा बंसल, सुशीला देवी, शशिबाला गुप्ता, सरोज दिनकर, राजेश द्विवेदी, राधेश्याम, सर्वेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।



सीनियर सिटीजन सोसाइटी की बैठक में शामिल वरिष्ठ नागरिक। ● अमृत विचार

- सीनियर सिटीजन सोसायटी की बैठक में पुराने मुद्दे भी उठे


### गो अस्थियां मिलने से हड़कंप, पुलिस ने सील की

**पुवायां, अमृत विचार :** सुनारा बुजुर्ग के पास घनश्यामपुर गांव के जंगल में गाय की अस्थियां मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि घनश्यामपुर के जंगल में गोकशी किए जाने की सूचना मिली थी। मौके से बहुत पुरानी जबड़े की दो हड्डियां मिली। जिनको देखकर यह कहना मुश्किल होगा कि यह हड्डियां किस जानवर की हैं। दोनों हड्डियों को सील कर जांच के लिए भेज दिया गया।

# दान पत्र के जरिए मिली जमीन पर निर्माण करने पर हंगामा

**तिलहर, अमृत विचार :** भाइयों की ओर से बहन को दान पत्र लिखकर दी गई जमीन पर निर्माण शुरू होते ही एकत्र हुई भारी भीड़ ने भूमि में कब्रिस्तान का रास्ता होने का तर्क देते हुए जमकर हंगामा काटा। 112 पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली पहुंचाया। जहां कोतवाल ने जांच होने तक निर्माण पर रोक लगा दी है।

नगर के मोहल्ला मौजमपुर पुराने रोड़वेज से सटे कब्रिस्तान के अगले भाग के स्वामित्व को लेकर अहमद हुसैन बनाम आजम आदि के बीच तिलहर कोर्ट में वाद चला था। अहमद हुसैन के निधन के बाद उनके बेटों अख्तर, शब्बन व लड्डन ने अपनी सगी बहन जीनत को इस जमीन का 2022 में दानपत्र के जरिए कब्जा व दखल दे दिया। 8 अगस्त से इस जमीन पर नींव भरवाई गई और बाउंड्री का कार्य शुरू किया गया। स्वामिनी जीनत का आरोप है कि कुछ लोग उनसे पैसे मांगने लगे। न देने पर निर्माण कार्य बंद कराने की धमकी दी। 8 सितंबर को सुबह 8 बजे कार्य शुरू होते ही तमाम लोग घुस आए और लेवर, मिस्त्री से जबरन काम बंद कराने लगे। हंगामा की सूचना मिलते ही 112 पुलिस पहुंची और दोनो पक्षों को कोतवाली ले गई। जहां कोतवाल ने काम रुकवा दिया।







# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हो...तो चालान जरूर होगा

संवाददाता, सिंगाही (लखीमपुर खीरी)

- प्रदेश संगठन की नाराजगी पर एसपी ने पलिया सीओ को सौंपी जांच
- गुस्साए भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहा पर किया हंगामा

**अमृत विचार:** एसपी के आदेश पर रविवार देर शाम चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सिंगाही में बखेड़ा हो गया। कस्बे के मुख्य चौराहे पर चेकिंग कर रहे दरोगा ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामजी पांडेय की कार रोक ली। उनके परिचय देने पर दरोगा बोला- अच्छा..भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हो.. अब तो तुम्हारा चालान जरूर होगा। आरोप है कि इतना कहते हुए दरोगा ने अभद्रता शुरू कर दी। इसकी जानकारी होने पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता चौराहे पर जा पहुंचे। फिर आधी रात तक हंगामा होता रहा। प्रदेश संगठन के नाराजगी जताने पर एसपी हरकत में आए। उन्होंने सोमवार शाम तक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस मामले की जांच सीओ पलिया को सौंपी है।

कस्बा बेलरायां निवासी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामजी पांडेय शनिवार को पार्टी के सदस्यता अभियान कार्यक्रम में भाग लेने निघासन गए थे। वहां से देर शाम अपनी कार में घर लौट रहे थे। इधर, एसपी गणेश प्रसाद साहा के आदेश पर जिले भर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। सिंगाही पुलिस कस्बे के मुख्य चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी बीच उधर से गुजर रहे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम जी पांडेय की कार दो सिपाहियों ने रोक ली। श्यामजी सीट बेल्ट नहीं लगाए थे। इस पर सिपाहियों ने उनकी वीडियोग्राफी शुरू कर दी। इसी बीच वहां दरोगा राणा प्रताप पहुंच गए। उन्होंने श्याम जी की कार का चालान करने की बात कही। इस पर श्यामजी नेअपना परिचय दिया। आरोप है परियच सुनते ही दरोगा भड़क उठा। कहा कि पूर्व जिलाध्यक्ष हो..अब तो चालान जरूर होगा।

आरोप है कि इतना कहते हुए दरोगा अभद्रता करने पर उतर आया। किसी ने इसकी खबर भाजपा के अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दे दी। कुछ ही देर में कार्यकर्ता चौराहे पर जा पहुंचे और हंगामा करने लगे। भीड़ बढ़ते देख पुलिस वाले खिसक गए। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया मौके पर पहुंचे और समझाने की कोशिश की। आक्रोशित कार्यकर्ता नहीं माने और आरोपी दरोगा के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने की मांग को लेकर हंगामा करने लगे।

### एएसपी ने कहा.. आपको परिचय देना ही नहीं चाहिए था

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामजी पांडेय ने बताया कि जब उन्होंने पूरे मामले की शिकायत फोन पर एएसपी पूर्वी पवन गौतम से की। इस पर एएसपी बोले–आपको को चालान करा लेना चाहिए था। पुलिस तो सरकारी कार्य कर रही थी। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष बताने की क्या जरूरत थी। एएसपी के बिगड़े बोल पर मामला और अधिक तूल पकड़ गया। इसकी शिकायत प्रदेश संगठन से की गई। इसके बाद अफसर हरकत में आए और एसपी ने मामले को संभालने के लिए खुद कमान संभाली। पूर्व जिलाध्यक्ष से वार्ता कर सोमवार की शाम तक दरोगा के निलंबन का आश्वासन दिया और मामले की जांच सीओ से कराने की बात कही। इस पर कार्यकर्ता मान गए और वापस लौट गए।

> दरोगा से कार का चालान करने की बात को लेकर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष से कुछ बातचीत हो गई थी। प्रकरण की जांच सीओ पलिया से कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एएसपी और पूर्व जिलाध्यक्ष के बीच क्या वार्ता हुई। इसकी मुझे जानकारी नहीं है।
>
> – **गणेश प्रसाद साहा**, एसपी

# कार और पांच लाख के लिए बहू का गला दबाने का प्रयास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** दहेज में कार और पांच लाख रुपये न देने पर ससुराल वालों ने बहू का गला दबाने का प्रयास किया। बेटी को जनने पर ससुराली अस्पताल में झगड़ा करने लगे। पुलिस ने पति समेत तीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला गौहरपुरा निवासी अनुराग सक्सेना ने बताया कि उसने अपनी बहन प्रिया सक्सेना की शादी चार साल पहले निखिल श्रीवास्तव निवासी जलालपुर कुटी थाना पारा, लखनऊ के साथ की थी। उसने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए। ससुराल वालों ने उसकी बहन से कहा कि मायके से कार और पांच लाख रुपये मंगाकर दो। उसकी बहन के असमर्थता जताने पर उसे प्रताड़ित करने लगे। उसकी बहन ने 28 मार्च 2023 को लखनऊ के एक नर्सिंग होम में पुत्री को जन्म दिया। प्रिया ने पुत्री को जन्म दिया तो ससुराल वाले अस्पताल में झगड़ने लगे और जान से मारने की धमकी दी। वह परिवार वालों के साथ लखनऊ पहुंचा और उन्हें समझाया तो वह बहन को ले गए। आरोप है कि उसके बाद पुनः ससुराल वालों ने प्रिया का गला दबाने का प्रयास किया। प्रिया ने फोन पर जानकारी दी। 14 अप्रैल 2024 को वह अपनी बहन की ससुराल गया और उसे और उसकी बेटी को घर ले आया।

# रंजिशन तीन लोगों को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद क्षेत्र के मोहल्ला नौसारा निवासी सुनीता गुप्ता ने बताया कि 21 अगस्त को दिन में 11 बजे उसके पति विशन गुप्ता, जेठ पन्ना लाल व जेठ का बेटा राज गुप्ता बोलेरो से आवश्यक कार्य से शाहजहांपुर जा रहे थे। बोलेरो उबरिया मंदिर के पास पहुंची तो आरोपी सूर्या गुप्ता आदि ने गाड़ी को रोक लिया। उसके पति पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी हाथ में धारदार हथियार, लाठी-डंडे लिए हुए थे। आरोपियों ने बोलेरो में सवार सभी लोगों को जान से मारने की नीयत से प्रहार किया। उसकी बोलेरो क्षतिग्रस्त कर दी। उसके पति, जेठ और जेठ का पुत्र घायल हो गए। इससे पहले भी उसके पति पर आरोपी हमला कर चुके है। महिला का आरोप है कि उसके परिवार वालों के साथ कोई घटना घटित हो सकती है। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी सूर्या गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, चंदन गुप्ता, शिवम वर्मा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ




डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याददाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400



# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# खाली जमीन पर दुकानें बनाकर आय बढ़ाएगा जिपं

## ढाई घंटे चली जिला पंचायत बोर्ड बैठक, इस्लामनगर में शहीद के नाम बनेगी सड़क

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** चार माह बाद हुई जिला पंचायत बोर्ड बैठक में सदस्यों ने वार्डों में काम नहीं होने पर रोष प्रकट किया। जर्जर सड़कें नहीं बनने से जनता सदस्यों के प्रति नाराजगी प्रकट कर रही है और अफसर सदस्यों की उपेक्षा कर रहे हैं। उनकी बात को अनसुना किया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व कुछ पंचायत सदस्यों ने गुप्त बैठक की थी इससे माना जा रहा था कि बोर्ड बैठक में हंगामा होगा लेकिन सोमवार को दोपहर 12 बजे शुरु हुई जिला पंचायत बोर्ड की बैठक ढाई बजे समाप्त हो गई। बैठक में देश के लिए बलिदान देने वाले शहीद मोहित राठौर के गांव इस्लाम नगर में सफा गांव से मुख्य मार्ग तक तीन किमी सड़क बनाने और उसका नाम शहीद के नाम पर रखने का प्रस्ताव पर सर्वसहमति बनी। पंचायत की आय बढ़ाने के लिए खाली जमीन पर दुकानें बनाने पर सहमति बनी।

सोमवार को जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला पंचायत सदस्य स्वर्गीय राजेन्द्र गुप्ता के निधन पर दो मिनट का मौन रखा। पुनरीक्षित कार्ययोजना वर्ष 2024-25 की पुष्टि सदन द्वारा की गयी। बैठक में कुछ अफसर मौजूद नहीं थे। अनुपस्थित अफसरों के स्पष्टीकरण मांगे जाने व निंदा प्रस्ताव भी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पास किया। बैठक में विभिन्न विभागों में चल रहे विकास कार्यों से संबधित क्षेत्र की समस्याओं को सदस्यों ने सदन के सामने रखा। बैठक में सदस्यों ने शिकायत की कि उनके वार्ड में विकास कार्य नहीं हुए हैं। पिछली बैठक में जो कार्य प्रस्तावित कराए गए थे वह अधर में लटके हैं। गांवों में बिजली नहीं पहुंच रही है। सड़कें जर्जर हैं। लोक निर्माण विभाग को कई बार सड़क मरम्मत के लिए पत्र दिए गए मगर किसी ने सड़क मरम्मत पर ध्यान नही दिया। दातागंज की पंचायत सदस्य रजनी सिंह, कछला के झंडू सिंह, दहगवां की मधु कश्यप ने नाराजगी जताते हुए बैठक में कहा कि उनके क्षेत्र की सड़कें जर्जर हैं। विकास कार्य ठप हैं। जनता से किये वायदे के तहत सड़कें भी नही बनाई जा रही हैं। अफसरों को समस्या की जानकारी देने के बाद भी कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। बैठक में जिला पंचायत की आय बढ़ाने के लिए पंचायत की ख्राली जमीन पर दुकानें बनाने पर भी विचार किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार व जिलास्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक की पुष्टि की गई। बैठक में अपर मुख्य अधिकारी, अभियन्ता मासूम रजा, वित्तीय परामर्शदाता जिला पंचायत जेनिथ कान्त व जिला पंचायत के अवर अभियन्ता कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक में शिकायत दर्ज कराते सदस्य महेन्द्र प्रताप सिंह । ● अमृत विचार



जिला पंचायत बोर्ड बैठक में शामिल सदस्य । ● अमृत विचार

- जिला पंचायत बोर्ड बैठक की सदस्यों की बीच बनी सहमति

### लेखपाल ने पैमाइश कराने को मांगे दस हजार

जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में ग्राम खंडुआ के जिला पंचायत सदस्य कौशल गुप्ता भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए कहा कि उन्होने कुछ साल पहले दो बीघा खेत का बैनामा कराया था। बैनामा होने पर रजिस्ट्रार ने उनसे पांच हजार रुपए की मांग की। रुपए न देने पर रजिस्ट्रार ने खेत के दाखिल खारिज में अड़ंगा लगा दिया। जिससे खेत विवादित हो गया। एसडीएम को जानकारी दी तो उन्होंने लेखपाल को पैमाइश करने के आदेश दिये। हल्का लेखपाल पैमाइश करने को पहुंचा तो उसने दस हजार रुपए की मांग की। सदस्य द्वारा रुपए नहीं दिए गए तो लेखपाल ने हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी दी। सदस्य द्वारा यह बात रखने पर सदन में भ्रष्टाचार भ्रष्टाचार का शोर हो गया। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी को शांत कराया और मामले की जांच कराने का भरोसा दिया। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विकास कार्य ठप होने पर रोष प्रकट किया। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की उपेक्षापूर्ण नीति को लेकर शिकायत दर्ज करायी।

# किसान यूनियन ने ब्लॉक पर बैठक कर दिया ज्ञापन



ब्लॉक पर बैठक करते भाकियू कार्यकर्ता । ● अमृत विचार

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** विकास खंड कार्यालय पर सोमवार को किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने बिजली समस्या और छुट्टा गौवंश से परेशान किसानों ने बैठक कर एसडीएम बिल्सी और एसडीओ के नाम ज्ञापन बीडीओ मुनव्वर खान और एसडीओ अनिल कुमार को सौंपा।

सोमवार को किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष किशनवीर की अध्यक्षता में ब्लॉक पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने कहा कि छुट्टा जानवरों से किसान बेहद परेशान हैं गौशालाओं से किसानों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। नूरपुर पिनौनी, जाफरपुर, पतीसा, सैगुल्लागंज के किसान गोवंश से परेशान हैं।इन सभी समस्याओं को लेकर किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक पर बैठक कर बीडीओ और एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष किशन वीर सिंह, रामाशंकर, भूरे लाल दीक्षित, समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मलेरिया और डेंगू की नहीं हो रही जांच

- स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से बढ़ रही बीमारी
- प्राइवेट अस्पतालों में भी लगी मरीजों की लाइन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बारिश के बाद धूप और गर्मी ने जैसे रफ्तार पकड़ी है वैसे ही बुखार और वायरल भी लोगों को जकड़ रहा है। जिले भर में बुखार और मलेरिया के बाद अब डेंगू के मरीज भी सामने आने लगे हैं। सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में मरीज भर्ती हो रहे हैं। सोमवार को जिला अस्पताल में बुखार 587 मरीज आए और वायरल के 108 मरीज देखे गए जबकि टाइफाइड के 11 मरीजों को यहां पर भर्ती किया गया। प्राइवेट पैथोलॉजी लैब पर ब्लड टेस्ट कराने पर डेंगू के मरीजों की भी पुष्टि हो रही है। लेकिन सरकारी आंकड़ों की मानें तो अभी डेंगू के मात्र तीन मरीज सामने आए हैं।

सोमवार को जिला अस्पताल में सुबह से ही पर्चा काउंटर पर मरीजों की लाइन लग गयी। मरीजों को देखने वाले डॉक्टरों ने सुबह साढ़े नौ बजे से एक बजे तक कर 695 मरीज देखे। इसके अलावा 11 मरीज टाइफाइड के आए जिन्हे आज भर्ती किया गया। इनमें 587 मरीज बुखार के, 108 मरीज वायरल और 11 मरीज टाइफाइड के देखे गए। डॉक्टरों ने बताया कि अब हर दिन बुखार बढ़ता जा रहा है। अस्पताल के सभी वार्ड फुल हो चुके हैं। निजी अस्पतालों में भी बुखार के मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। शहरी और कस्बों से आने वाले अधिकांश मरीज प्राइवेट अस्पतालों से दवा ले रहे हैं।



ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की लाइन

### आंकड़ो में डेंगू के तीन मरीज

सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले में डेंगू के मात्र तीन मरीज हैं। जबकि प्राइवेट पैथोलॉजी लैब पर जांच कराने पर अभी तक दर्जन भर लोग डेंगू के शिकार मिल चुके हैं। जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डेंगू की जांच नहीं की जा रही है।

> सोमवार को सबसे अधिक मरीजों की संख्या रहती है। इन दिनों बुखार का प्रकोप बना हुआ है। इसलिए मरीजों की संख्या हर दिन बढ़ रही है। आज करीब साढ़े छह सौ से अधिक बुखार के मरीज देखे गए हैं। इनके अलावा अन्य मरीजों को भी देख कर दवा दी गयी है। जब तक मौसम में परिवर्तन नहीं होगा तब तक बुखार बना रहेगा। **-डा. कप्तान सिंह**, सीएमएस

# राहत : गंगा का जलस्तर आया नीचे, आंचल समेटने लगी नदी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गंगा ने अपना आंचल समेटना शुरू कर दिया है। तटवर्ती इलाकों में पानी कम होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। कछला गंगा में जलस्तर खतरे के निशान से 27 सेमी ऊपर है। संभावना है कि अगले दो दिन में जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आ जाएगा।

सोमवार को नरौरा बैराज से मात्र 77 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। पांच दिन पहले तक एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा था जिससे तटवर्ती इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया था। सड़कों पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया था। पहाड़ों पर बारिश कम होने के कारण अब मैदानी इलाकों में भी पानी कम आ रहा है। सड़कों पर भरा पानी नीचे आ गया है जिससे सड़कों पर वाहनों का संचालन शुरू हो गया है। ग्रामीण इलाकों में पानी खत्म होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

रामगंगा में पानी कम होने से दातागंज, हजरत पुर क्षेत्र में गंगा फैलाव कम होने लगा है। नगरिया खनु और अनंदपुर क्षेत्र में पानी खत्म होने से लोगों ने काम शुरू कर दिया है। हजरतपुर से गढ़िया रंगीन को जाने वाली सड़क पर वाहनों का संचालन शुरू हो गया है।



जटा क्षेत्र में बांध से नीचे उतर रहा पानी। ● अमृत विचार

> नरौरा से अब पानी कम आ रहा है इसलिए तटवर्ती इलाकों में अब बाढ़ का खतरा खत्म हो गया है। अगले दो दिन में पानी और कम होने की संभावना है। गंगा का जलस्तर तेजी से नीचे आ रहा है। कछला और र रामगंगा का पानी कम होने से खतरा टल गया है। **-नेशपाल**, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

# कांग्रेस सेवादल ने संविधान की रक्षा का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** कांग्रेस सेवादल की परंपरा को पुनः शुरू करते हुए मलखान पुर से आसफपुर तक प्रभात फेरी निकाल कर संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया। जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष उमेन्द्र पाल शंखधार के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया। मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस सेवादल सहसचिव बाबू चौधरी व विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष सोमेंद्र यादव मौजूद रहे।

जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्षउमेन्द्र पाल शंखधार ने कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायत स्तर तक कांग्रेस सेवादल प्रभात फेरी निकालेगी। कांग्रेसियों ने संविधान की रक्षा की प्रतिज्ञा ली। प्रभात फेरी में कांग्रेस के लोग संविधान, तिरंगा और बापू का चित्र लेकर चलेंगे। कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष अविनेश मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया।



स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा का माल्यार्पण करते कांग्रेसी । ● अमृत विचार

# गायन में शादाब और काव्या ने मारी बाजी

**बिल्सी, अमृत विचारः** नगर के भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज में सोमवार को प्रतिभा की खोज प्रतियोगिता के तहत गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीत गाये। दो दिन पूर्व शिक्षिका दीपाली सक्सेना द्वारा ऑडिशन लिया गया। तत्पश्चात चयनित बच्चों के मध्य प्रतियोगिता हुई। जिसमें सीनियर वर्ग में शादाब ने प्रथम, वंशिका ने द्वितीय एवं नव्या गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# भेदभाव : 70 हजार में 21 हजार महिलाओं को मिला रोजगार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में महिलाओं के साथ भेदभाव हो रहा है। पुरुषों के मुकाबले 21 हजार महिलाओं को रोजगार मिल सका है। जबकि महिला जॉब कार्ड धारकों की संख्या 70 हजार से अधिक है। विभाग को इस वित्तीय वर्ष 38.38 मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य मिला हुआ है। जिसमें से अब तक 29.93 लाख मानव दिवस सृजित हो चुके हैं। इसके बाद भी सौ दिन रोजगार गारंटी योजना में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाए जाने के प्रयास सफल नहीं हो सके। रोजगार देने के उद्देश्य से संचालित मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार का जोर है। योजना के नियमानुसार महिलाओं को उनके आरक्षण के हिसाब से रोजगार दिया जाना चाहिए। योजना में कम से कम 33 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराई जाए। मनरेगा के संचालन के लिए जारी नियम और कानून का पालन जिले में सार्थक होता नहीं दिख रहा है। मनरेगा में जिले में अब तक कुल 29 लाख 93 हजार 173 मानव दिवस सृजित हो चुके हैं। सृजित मानव दिवस में मात्र 21 हजार 321 दिवस पर महिलाओं ने काम किया है। महिलाओं को रोजगार दिए जाने के मामले में कई विकास खंडों की प्रगति काफी पिछड़ी हुई है। सृजित मानव दिवस में अनुसूचित जाति के 41554 व्यक्तियों को मानव दिवस में काम मिला है। वहीं अनुसूचित जनजाति के 214 व्यक्तियों को काम दिया गया है। यह आंकड़े मनरेगा योजना वेबसाइट पर भी प्रदर्शित हो रहे हैं।

### जिले में हैं 2.60 लाख जॉब कार्ड धारक

जिले की 1036 ग्राम पंचायतों में 2.60 से अधिक जाब कार्डधारक हैं। इनमें से सक्रिय जॉब कार्ड धारकों की संख्या 1.50 लाख है। बरसात के दिनों में सभी गांवों में लगभग काम बंद ही रहा है। काम न मिलने से अधिकांश जॉब कार्ड धारक रोजी रोटी की तलाश में दूसरे प्रांतों की ओर रुख कर गए।

### मनरेगा योजना

- महिलाओं के साथ हो रहा भेदभाव, पुरुषों के मुकाबले 21 हजार को मिला रोजगार
- केंद्र सरकार का 33 प्रतिशत लक्ष्य महिलाओं को रोजगार देने का है लक्ष्य निर्धारित

> बरसात के दौरान मनरेगा में काम प्रभावित रहा था। अब बरसात लगभग बंद हो चुकी है। योजना के तहत काम शुरू हो गए हैं। महिलाओं को भी काम दिया जा रहा है। **-बलराम कुमार**, प्रभारी डीसी मनरेगा।

## एक नजर

### पोस्ट ऑफिस के सामने से बाइक चोरी

**कादरचौक, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव दुर्जन नगला निवासी मोर सिंह पुत्र राम अवतार की सोमवार की सुबह करीब आठ बजे आधार संशोधन कराने पोस्ट ऑफिस पहुंचे थे। बाइक को सामने खड़ी कर लाइन में लग गए। इसी दौरान उनकी बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने बताया कि चोर उसकी बाईक उसके सामने से चोरी कर ले गए। बाइक ले जाते चोर को पकड़ने का प्रयास किया, मगर वह तेज रफ्तार से बाइक को दौडा ले गया। बाइक चोरी पर पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### जीआईसी से सौर ऊर्जा पैनल चोरी

**ककराला, अमृत विचार :** क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद है। चोर बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पिछली चोरियों को एक महीना नहीं बीता था कि गभियाई के इकरी मार्ग पर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में लगे दस सोलर पैनलों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। कॉलेज के प्रधानाचार्य सुरेंद्र पाल सिंह ने थाना अलापुर में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी कॉलेज से पंखे आदि चोरी कर लिए गए थे।

### चोरियों का खुलासा न हुआ तो बाजार बंद होगा

**बदायूं, अमृत विचार :** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन चोरी की बढ़ती हुई घटनाओं को लेकर 10 सितम्बर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देगा और उनसे घटनाओं का खुलासा करने का आग्रह करेगा। ऐसा नहीं होने पर बाजार बंद किया जाएगा। यह जानकारी जिला अध्यक्ष जितेन्द्र महाजन ने दी है।

## एसएसपी की पहल, अब रात में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की सतर्कता को चेक करेंगे अधिकारी

# अभियान : शराब पीकर ड्यूटी की तो पुलिसकर्मियों का होगा निलंबन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रात को शराब पीकर ड्यूटी करना बहुत से पुलिसकर्मियों की आदत में शुमार है। तो कई अपने ड्यूटी प्वाइंट से लापता हो जाते हैं। अनुपस्थित रहते हैं। अब यह खेल नहीं चलने वाला। एसएसपी के निर्देश पर अभियान शुरू किया गया है। अधिकारी रात में किसी भी समय ड्यूटी प्वाइंट पर जाकर पुलिसकर्मियों को चेक करेंगे। शराब के नशे में धुत होने पर सिपाही के निलंबन की कार्रवाई होगी। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने रविवार रात थाना मूसाझाग और पीआरबी पर तैनात पुलिसकर्मियों को चेक किया।



पीआरबी पर तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता चेक करते एसएसपी।



थाना मूसाझाग में अभिलेख चेक करते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह

अपराध नियंत्रण के लिए एसएसपी ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। पुलिस को उनके दायित्वों का निर्वहन करने को जागरूक करने के अलावा कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। रात में किसी भी समय अधिकारी ड्यूटी प्वाइंट पर पहुंचकर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी चेक करेंगे। चीता मोबाइल पर तैनात पुलिसकर्मियों की भी जानकारी की जाएगी। शराब के नशे में होने पर पुलिसकर्मी का

- **अनुपस्थिति पर होगी विभागीय कार्रवाई**

> पुलिसकर्मियों के शराब पीने की शिकायत मिली थी। रात में किसी भी समय पुलिसकर्मियों के ड्यूटी प्वाइंट पहुंचकर स्थिति देखी जाएगी। अगर कोई पुलिसकर्मी शराब के नशे में मिला तो निलंबन और अनुपस्थित मिलने पर विभागीय कार्रवाई होगी।
>
> **– डॉ. बृजेश कुमार सिंह,** एसएसपी।

मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। शराब पीने की पुष्टि होने पर सीधे निलंबन होगा। अनुपस्थित मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सोमवार रात एसएसपी अचानक थाना मूसाझाग पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह कार्यालय पर मौजूद थे। एसएसपी ने थाना परिसर का भ्रमण किया। कार्यालय, हवालात, मालगृह का निरीक्षण किया। दर्ज हुई रिपोर्ट, वांछित अभियुक्त और आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के बारे में पूछा। कहा कि थाने पर आगंतुकों की समस्याएं सुनकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। एसएसपी ने डायल 112 की पीआरबी 1275 को जवाहरपुरी पुलिस चौकी के पास पेट्रोप पंप और पीआरबी 1311 को गुलड़िया तिराहे के पास चेक किया। दोनों पीआरबी पर पुलिसकर्मी सतर्क मिले। जवाहरपुरी पुलिस चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह मय चीता 9 पर गश्त करते मिले।

# शादी का झांसा देकर शिक्षक ने किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, ककराला

- **थाना अलापुर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, आरोपियों की तलाश शुरु**

**अमृत विचार :** अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा ककराला निवासी एलएलबी की छात्रा ने एसएसपी से शिकायत करके एक मदरसा के शिक्षक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि मदरसा शिक्षक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ तीन साल तक शारीरिक उत्पीड़न किया। शादी की बात कहने छात्रा से मारपीट की। आरोपी और उसके भाइयों ने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

छात्रा ने बताया कि लगभग तीन साल पहले उसकी मुलाकात वार्ड 15 निवासी मदरसा शिक्षक रफीउस्सान से हुई थी। वह स्टूडेंट इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन का पदाधिकारी और कैफे संचालक भी है। 31 अगस्त को युवती ने शादी की बात कही लेकिन उसने शादी से इंकार कर दिया। जिद करने पर शिक्षक ने छात्रा को घर पर बुलाया। जहां रफीउस्सान, उसके भाई मन्नान, हन्नान, फुरकान, सुबहान ने गाली-गलौज की। धमकाया कि ज्यादा बोली तो हत्या करके शव गायब कर देंगे। एसएसपी के निर्देश पर तहरीर के आधार पर पांचो के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## महिला की हत्या, पति समेत चार के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर

**बिसौली, अमृत विचार :** अतिरिक्त दहेज की खातिर गला दबाकर हत्या करने के आरोपी पति और षड्यंत्र रचने वाले ससुर, सास और देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश की जा रही है। बिसौली क्षेत्र के मोहल्ला वीरबाबू की बगिया निवासी रचना की उसके पति प्रशांत पाठक ने गला दबाकर हत्या कर दी और मौके से भाग गया। सूचना मिलने पर रचना के पिता महेश चंद्र शर्मा और चार भाई मौके पर पहुंचे और हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हत्या की पुष्टि हुई थी। रचना के भाई सौरभ शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति, सास-ससुर, देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बिसौली कोतवाल बृजेश सिंह ने बताया कि जल्द अी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी मिलने के बाद आरोपी फरार हो गए हैं।

# पशु व्यापारियों से लूट करने वाले तीन गिरफ्तार

## 12 अगस्त को सुबह बाइक सवार पशु व्यापारियों को गिराकर तमंचे के बल पर की थी लूट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** थाना जरीफनगर क्षेत्र में पशु व्यापारियों से हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। तीन बदमाशों ने दो पशु व्यापारियों से लूट की थी। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बदमाशों के पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा व एक कारतूस, बाइक और लूट के 14100 रुपये बरामद हुए हैं। बदमाशों को जेल भेजा गया है।

जरीफनगर थाना क्षेत्र के कस्बा दहगवां के वार्ड 6 निवासी अरबाज पुत्र इकबाल और उनके चाचा आदिल पशु व्यापारी हैं। वह दोनों 12 अगस्त की सुबह नाधा की बाजार से पशु खरीदने जा रहे थे। रास्ते में सुबह साढ़े छह बजे भोगाजीत नगरिया से खनुआ नगला मोड़ पर बाइक से आए तीन बदमाशों ने दोनों व्यापारियों से 49 हजार 500 रुपये और दो मोबाइल लूट लिए थे। अरबाज की तहरीर पर तीन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज हुई। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही थी।

सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि तीन लोग गांव खनुआ नगला मोड़ के पास सूनसान जंगल में खड़े हैं। जिनके पास अपाचे बाइक है। वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। पुलिस ने घेराबंदी की और तीन लोगों को पकड़ा। जिन्होंने अपना नाम सहसवान कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पठान टोला निवासी परवेज पुत्र मुशर्रफ पठान, जरीफनगर के गांव कांकसी निवासी सर्वेश यादव पुत्र नेम सिंह और गांव समसपुर मलिक फत्ता निवासी बबलू उर्फ बलवीर यादव पुत्र भूरे बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से तमंचा बरामद हुआ। यही बाइक व्यापारियों के साथ हुई लूट में प्रयोग की गई थी। पुलिस की पूछताछ में तीनों आरोपियों ने बताया कि नाधा में हर सोमवार को पशुओं का बाजार लगता है। पशु व्यापारी बाजार जाते हैं। वह लोग रास्ते में व्यापारियों को शिकार बनाते हैं। आरोपी परवेज के खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, चोरी आदि के मुकदमे चल रहे हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेजा। गिरफ्तारी करने वालों में थानाध्यक्ष रवि करन, उपनिरीक्षक मुकेश त्यागी, रामपाल सिंह, रजत यादव, सिपाही नरेंद्र कुमार, प्रिंस कुमार व लाखन सिंह रहे।



थाना जरीफनगर पुलिस की गिरफ्त में पशु व्यापारियों से लूट करने के आरोपी।

- **पहले करते हैं रेकी फिर मौका देखकर करते हैं लूटपाट, शातिर किस्म का है एक बदमाश**

> पशु व्यापारियों से लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। खुलासे के लिए टीमें लगाई गई थीं। तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक और लूटे गए 14100 रुपये बरामद किए हैं।
>
> **– केके सरोज,** एसपी देहात

### जेल में हुई थी मुलाकात, रेकी करके घटना को देते हैं अंजाम

पकड़े गये बदमाश सोमवार को भी लूट की घटना को अंजाम देना चाहते थे। आरोपी परवेज ने बताया कि वह बबलू को जेल से ही जानता है। सर्वेश को उसके चाचा शेर सिंह की वजह से जानता है। जेल में शेर सिंह से मुलाकात हुई थी। 12 अगस्त की सुबह तीनों आरोपी गांव रसूलपुर कलां के पास मिले थे। सर्वेश की बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी। उन्होंने देखा कि व्यापारी नाधा की बाजार जाने के लिए वहां से गुजर रहे हैं। तो सुनसान जगह पर चेहरे पर कपड़ा बांधकर खड़े हुए और व्यापारियों के आने का इंतजार करने लगे। उनको आता देखकर उन्होंने बाइक सवार पशु व्यापारी अरबाज व आदिल की बाइक गिरा दी और तमंचा दिखाकर लूट की थी। लूटे गए व्यापारियों के मोबाइल ईंट से तोड़ कर उसे खेत में फेंककर भाग गए थे। वह पहले रेकी करते हैं। मौके मिलते ही लूटपाट करते हैं।

## किशोरी ने युवक के खिलाफ दिए बयान पुलिस ने भेजा जेल

**विजय नगला, अमृत विचार :** सोने-चांदी के जेवर लेकर युवक के साथ गई किशोरी ने कोर्ट में युवक के खिलाफ बयान दिए। पुलिस ने दुष्कर्म और अपहरण के आरोपी को जेल भेज दिया।

थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी बेटी सोने-चांदी के आभूषण लेकर घर से लापता हो गई है। शुक्रवार को पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने किशोरी और युवक की तलाश की तो पता चला कि कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव कोठी नगला निवासी संजू किशोरी का अपहरण करके ले गया है। गांव में स्थानीय नेताओं की मौजूदगी में पंचायत कराई गई। इसमें दोनों पक्ष शामिल हुए। आरोप है कि किशोरी और उसके परिजनों पर दवाब बनाया गया तो वह फैसले को मान गए लेकिन पुलिस ने रविवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी को पता चला कि पंचायत में शामिल नेताओं ने समझौता कराने के नाम पर आर्थिक समझौता कर लिया है तो सोमवार को कोर्ट में युवक के खिलाफ बयान दिए। प्रभारी निरीक्षक प्रवेज कुमार ने बताया कि किशोरी के बयान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006





वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

# किसानों को जबरन दी जा रही जिंक, सल्फर

- **धान की फसल में यूरिया की किसानों को पड़ी आवश्यकता**
- **दुकानों पर खाद के साथ बेचे जा रहे सूक्ष्म तत्व उर्वरक**



इफको केंद्र पर यूरिया खरीदने को लगी भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** किसानों को नैनो यूरिया लेना जरूरी है लेकिन यूरिया के साथ किसान को जबरन जिंक सल्फर देना जरूरी नहीं है। लेकिन सहकारी समितियों, निजी दुकानदार और इफ्को केन्द्रों पर किसानों को यूरिया के साथ जबरन जिंक व सल्फर बेचा जा रहा है और अफसर मौन साधे हैं। वह कमरों से नहीं निकल रहे हैं और केन्द्रों का निरीक्षण किये बगैर ही कमरों से ही किसानों को सुविधाएं देने का दावा कर रहे हैं। चालू खरीफ सीजन में करीब 95 हजार हेक्टेयर भूमि पर धान की फसल लगाई गई है। फसल की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए किसानों के लिए यूरिया की जरूरत है। इसे खरीदने को किसान सहकारी समितियों, निजी दुकानदारों और इफको के निर्धारित केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। यहां पर यूरिया के साथ सूक्ष्म पोषक तत्व, जिंक, सल्फर, नैनो यूरिया आदि की टैंगिंग का खेल चल रहा है। किसानों की सहमति के बिना जबरन यूरिया के साथ सूक्ष्म तत्व जिंक और सल्फर बेची जा रही है। बीते दिनों हुए किसान दिवस के दौरान किसानों द्वारा इसका विरोध किया गया था। किसानों के विरोध के बाद टैगिंग उत्पाद ( किसानों की मर्जी के बिना ) जबरन बेचा जा रहा है। यदि किसान यह सूक्ष्म तत्व लेने से मना करते हैं तो उन्हें यूरिया नहीं दी जाती है। किसानों का आरोप है कि सूक्ष्म पोषक तत्वों के साथ यूरिया को 360 रुपये प्रति बोरी तक बेची जा रही है। जबकि यूरिया प्रति बोरी 266.50 रुपये निर्धारित है।

### बोले किसान



इफ्कों केंद्र पर यूरिया की बोरी के 360 रुपये लिए। साथ में एक किग्रा मोनो जिंक दिया गया। मोनो जिंक लेने से मना करने पर यूरिया देने से मना कर दिया। विवश होकर जिंक को लेना पड़ा। **–धर्मेंद्र, किसान**



निजी दुकानदार से यूरिया की बोरी खरीदी थी। जिसे तीन 350 रुपये में दिया गया। साथ ही जिंक की शीशी दी गई। मना करने पर यूरिया देने से दुकानदार ने इंकार कर दिया। मजबूरी में यूरिया के साथ जिंक की शीशी लेनी पड़ी। **–देवेंद्र किसान**

> किसान को यूरिया के साथ नैनो की शीशी अनिवार्य कर दी गई है। छोटे किसानों को जबरन नैनो यूरिया नहीं दी जाएगी। यूरिया के साथ अन्य टैगिंग उत्पाद बेचे जा रहे हैं। जिसकी जांच कराई जाएगी। **–डीके सिंह,** जिला कृषि अधिकारी

### डीएपी की किल्लत, ब्लैक में मिल रही यूरिया



**बदायूं :** किसानों ने इफको खाद सेंटर पर हंगामा शुरू कर दिया। सोमवार को सुबह आठ बजे किसान इफको सेंटर पर पहुंच गए। लाइन में लगने के बाद कुछ ही किसानों को खाद मिली उसके बाद खाद खत्म होने की बात कह दी गयी। परेशान किसान वापस लौट गए। कुछ किसानों ने हंगामा किया। लेकिन बाद में शांत हो गये ।ब्लाक जगत के गांव उदमई सूरजपुर कुतरई, उपरैला और इस्लाम गंज निवासी लोगों ने बताया कि समितियों पर खाद नहीं है। इसलिए प्राइवेट दुकानों से तीन सौ रुपए की बोरी खरीदनी पड़ रही है। इस्लाम गंज से खाद लेकर आए किसान देवेन्द्र ने बताया कि दो दिन तक इफको सेंटर पर खाद लेने गए लेकिन खाद नहीं मिली तो आज बाजार से तीन सौ रुपए में खाद की बोरी खरीद कर लाए है। किसानों को महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। किसान का कहना है कि इस समय धान में खाद लग रही है। लेकिन समितियों पर खाद नहीं है इसलिए ब्लैक में खाद खरीदनी पड़ रही है। सहायक निबंधक सहकारिता महेन्द्र सिंह ने बताया कुछ समितियों पर खाद नहीं है। वहां पर भी एक दो दिन में खाद पहुंचने वाली है। किसान लोग आलू में लगाने के लिए खाद का स्टॉक कर रहे हैं सलिए कुछ समितियों पर खाद खत्म हो गयी है। वैसे अभी तक खाद की कमी नहीं होने दी है। समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध रही है।

### नवागत सीओ ने संभाला बिल्सी सर्किल का चार्ज



**बिल्सी, अमृत विचार :** गैर जिले से स्थानांतरित होकर आए पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश चंद्र को रविवार की रात एसएसपी ने बिल्सी सर्किल की जिम्मेदारी सौंप दी। नवागत सीओ उमेश चंद्र ने सोमवार को यहां अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर कोतवाल राजेंद्र सिंह पुंडीर, एसआई अशोक कुमार सिंह, मंजीत कुमार सिंह, समीक्षा, चंद्रभान सिंह, प्रदीप चौधरी, आदि मौजूद रहे।

# मकान निर्माण को दो लाख न लाने पर पत्नी की हत्या

संवाददाता, उझानी

- **मारपीट के बाद गला दबाकर की हत्या फिर पत्नी को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा पति**

**अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के मोहल्ला गौतमपुरी निवासी महिला की उसके पति और ससुरालीजनों ने हत्या कर दी। वह महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर गए और कहा कि वह छत से गिर गई थी। मायका पक्ष ने मकान बनवाने को दो लाख रुपये, बाइक न देने पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें महिला के शरीर पर मारपीट के निशान और गले की हड्डी टूटी हुई थी। महिला के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच ससुरालीजनों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। सभी आरोपी फरार हो गए हैं।

बरेली जिले के थाना फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र निवासी सीताराम प्रजापति ने तहरीर देकर बताया कि बेटी कमलेश की शादी छह साल पहले उझानी क्षेत्र के मोहल्ला गौतमपुरी निवासी अनिल के साथ हुई थी। दो साल पहले से कमलेश ने बताया कि पति अनिल और ससुरालीजन दो लाख रुपये, सोने की चेन और बाइक की मांग कर रहे हैं। एक माह पूर्व ससुराल में पीटकर निकाल दिया तब से वह मायके में रह रही थी। रविवार को कमलेश अपनी मां मुन्नी देवी के साथ ससुराल गई। वहां अनिल ने भाई बालकिशन, विकास, पिता और मां ने कमलेश को पीटा और गला दबाकर हत्या कर दी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे दो पुत्र व एक पुत्री है मेरा बड़ा पुत्र गुरजीत सिंह गलत संगत में पड़ गया है। उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण मैं अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **जोगिन्दर सिंह पुत्र श्री सेवा सिंह निवासी ग्राम बरहैनी, पोस्ट हरदासपुर थाना अमरिया जिला पीलीभीत**

सूचना
मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र का अनुक्रमांक नं. 1220871291 व इण्टरमीडिएट का अंकपत्र का अनुक्रमांक नं. 2245757377 है। जो कि वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने पर अभी तक नहीं मिला। **रोहित कुमार पुत्र वीरेन्द्र कुमार नि. ग्राम इन्दिरा आवास कॉलोनी, तहसील पलिया कलां, खीरी**

सूचना
मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवश सुधीर कुमार शर्मा पुत्र श्री रामेन्द्र दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम सुधीर कुमार शर्मा पुत्र श्री रामेन्द्र शर्मा है। उपरोक्त नाम को संशोधित किया जाये। **सुधीर कुमार शर्मा पुत्र श्री रामेन्द्र शर्मा निवासी पिन्दारा रोड, रामबाग, कस्बा- बिसौली, जिला बदायूं**

सूचना
मैंने अपने पुत्र फराज खान पुत्र अकबर अली निवासी 120 साबरी मस्जिद के पास, पुरवा बब्बन खॉं, थाना सुभाषनगर, बरेली को उसके खराब चाल-चलन व गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से सदैव के लिये बेदखल कर दिया। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **अकबर अली पुत्र अनवार अली निवासी -120 साबरी मस्जिद के पास, पुरवा बब्बन खॉं, थाना सुभाषनगर, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### महिला की मौत, मायके वाले ने लगाया हत्या करने का आरोप

बदायूं,अमृत विचार : थाना मुजरिया क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मायका पक्ष पहुंचा। अतिरिक्त दहेज के लिए जहर देकर महिला की हत्या करने का आरोप लगाया। मुजरिया क्षेत्र के गांव तिगोड़ा निवासी रमेश की बेटी नीतू (20) की शादी गांव जाहिदपुर घंसुलिया निवासी विनोद पुत्र वीरेश के साथ हुई थी। एक सप्ताह पहले नीतू ने बच्ची को जन्म दिया था लेकिन कुछ देर के बाद ही नवजात की मौत हो गई। मायका पक्ष का आरोप है कि नीतू का पति विनोद और ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में 50 हजार रुपये और भैंस मांग रहे थे। जो पूरी न होने पर वह नीतू से मारपीट करते थे। रविवार को ससुरालीजनों ने नीतू को पीटा और जबरन विषाक्त पदार्थ खिला दिया। इससे उसकी मौत हो गई। जब वह घर पहुंचे तो शव जमीन पर पड़ा था। ससुरलीजन फरार थे। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा प्रिजर्व किया गया है।

# खाते में नहीं पहुंची पेंशन, कार्यालय के चक्कर लगा रहीं हजारों विधवा

## आधार लिंक न होने और खाते में गड़बड़ी बताकर कर रहे वापस

- जिले में 53 हजार से अधिक विधवा महिलाएं हैं पंजीकृत,इनके खाते में आती है पेंशन
- हर तीन माह में बैंक में आती है पेंशन आठ हजार विधवाओं के खाते में नहीं आई है पेंशन राशि हो रही है परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले की हजारों निराश्रित महिलाओं के खाते में पेंशन नहीं पहुंची है। जिसकी वजह से रोजाना सैकड़ों महिलाएं प्रोबेशन कार्यालय पहुंच रही हैं। तमाम महिलाएं ऐसी भी हैं जिनका आधार बैंक खाते से लिंक होने के बाद भी पेंशन का लाभ नहीं मिल सका है। विभागीय कर्मचारी महिलाओं के आधार लिंक नहीं होने की बता कह रहे हैं।

जिले में लगभग 53,212 महिलाएं विधवा पेंशन की लाभार्थी हैं। इन्हें हर तीन महीने में विधवा पेंशन योजना के तहत खाते में राशि भेजी जाती है। इसके लिए अप्रैल, मई और जून की किस्त हाल के दिनों में जारी की है। जिले की करीब 45 हजार से



प्रोबेशन विभाग में लगी महिलाओं की भीड़। ● अमृत विचार

अधिक महिलाओं के बैंक खाते में तीन महीने की राशि भेजी गई है। इसके बाद भी लेकिन लगभग 8 हजार से अधिक महिलाओं के खाते में राशि नहीं पहुंची,। सोमवार को विकास भवन स्थित प्रोबेशन विभाग बाहर दर्जनों महिलाओं की भीड़ जुटी थी। कई महिलाएं ऐसी शामिल थीं। जिनका आधार बैंक खाते से लिंक नहीं था। तमाम महिलाओं का आधार बैंक खाते से लिंक होने के बाद भी उनके खाते में पेंशन नहीं पहुंची थी। इसके अलावा ऐसी महिलाएं भी विभाग के चक्कर काट रहीं हैं जिनका एक ही बैंक में खाता है और वह आधार से लिंक है। इसके बाद भी उन्हें पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसी महिलाओं को पोस्ट ऑफिस में नया खाता खुलवाने की सलाह दी जा रही है। महिलाओं का कहना था कि कर्मचारी एक बार में कमियां नहीं बताते एक कमी पूरी करके आने पर दोबारा फिर कमी बताते है।

> करीब 45 हजार महिलाओं के खाते में पेंशन पहुंची है। तीन प्रतिशत ऐसी महिलाओं के खाते में पेंशन नहीं पहुंची है जिनका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है। कुछ ऐसी महिलाएं भी शामिल हैं, जिनके बैंक खाते में गड़बड़ी है। उनके खाते सही कराए जा रहे हैं। खातों से गड़बड़ी दूर होने पर सभी को पेंशन का लाभ मिलेगा। **-अभय कुमार,** जिला प्रोबेशन अधिकारी

## बच्चों को शारीरिक व मानसिक तौर पर कमजोर बना रहा मोबाइल

**बिल्सी ,अमृत विचार :** बदायूं रोड स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल में पेरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें माता-पिता के लिए बच्चों की शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में चर्चा की गई। इसका मुख्य उद्देश्य अभिभावकों और बच्चों में आपसी तालमेल को बढ़ावा देना तथा विद्यालय में बच्चों से जुड़े विभिन्न प्रकार के कार्यों व गतिविधियों के बारे में बताना था। कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर वी.पी. सिंह ने कहा कि आज नन्हे मुन्ने बच्चों को माता पिता मोबाइल के प्रयोग से बचाएं। मोबाइल बच्चों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से बच्चों को कमजोर बना रहा है। एमडी राहुल सिंह, प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह ने भी विचार व्यक्त किये। इस दौरान सी. के. शर्मा, परमेंद्र सिंह, बृजेश राखी गुप्ता, केशव शर्मा, पूनम चौहान, रूबी मौर्य, , रूमा सक्सेना, रोमा आर्या, दीक्षा गुप्ता, साक्षी, ट्विंकल जैन,अंजली सिंह शिवानी, नाहिद आदि रहे।

# आहट होने पर किसानों ने मारी टॉर्च, बदमाशों ने की फायरिंग

- रविवार रात चोरी की ट्रैक्टर-ट्राली, फसल की रखवाली कर रहे किसानों पर हुई फायरिंग

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** रात में गन्ने की फसल में आहट होने पर दो ग्रामीणों ने टॉर्च मारी। गन्ने में मौजूद बदमाशों ने उनपर फायरिंग की। सूचना पर पुलिस पहुंची। जंगल में कांबिंग की लेकिन बदमाशों की तलाश नहीं हो सकी। वहीं चोरों ने एक घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली चोरी कर ली।

रविवार रात चोरों ने सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा बुजुर्ग निवासी वकील पुत्र रहीसुल के घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली चोरी कर ली। रात में ही पुलिस को सूचना मिली। पुलिस ने जगह-जगह दबिश दी। सीसीटीवी फुटेज खंगाले लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चल सका। चोरों ने गांव सिलहरी निवासी उपदेश पटेल और बबलू शर्मा एमएफ राजमार्ग से गांव गुरुपुरी मार्ग पर फसल की रखवाली कर रहे थे। उन्हें गन्ने के खेत से बदमाशों की आहट सुनाई दी। किसानों ने गन्ने की ओर टॉर्च मारी और बदमाशों को आवाज लगाई। बदमाशों ने किसानों पर फायरिंग कर दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के खेतों पर काम कर रहे किसान पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। जंगल में कांबिंग की लेकिन बदमाशों को पता नहीं चल सका। वहीं ट्यूबवैल पर लंबे समय से हो रही चोरियां रोकने के लिए पुलिस ने किसानों की टीमें बनाई हैं। जो अपने ट्यूबवैल पर रुककर पुलिस के संपर्क में रहेंगे। नवादा चौकी इंचार्ज सुमित चौधरी ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली चोरी की सूचना मिली थी। दबिश दी गई है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### नायब तहसीलदार ने पकड़ी दो ट्राली डीएपी खाद

उघैती,अमृत विचार : ब्लैक में बेचने को ले जायी जा रही डीएपी खाद भरी दो ट्राली नायब तहसीलदार बिल्सी ने पकड़ ली। खाद के कागज मांगने पर चालक कुछ नहीं बोला जिसके बाद दोनो ट्रैक्टर ट्राली थाने में खड़े करा दिए गये। सोमवार को एसडीएम बिल्सी को मिली सूचना के बाद नायब तहसीलदार को मौके पर भेजा गया। सूचना सही थी उन्होंने इस्लामनगर की ओर से आ रही डीएपी खाद भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉली को रोक लिया। ट्राली चालक कोई कागज नहीं दिखा पाया। नायब तहसीलदार ने बताया कि खाद किसकी है कहां से लायी गयी थी। अभिलेख मांगे गये हैं।

# सुसज्जित झांकियों के साथ निकाली शोभायात्रा



भगवान गणेश की पूजा करते पूर्व एमएल सी जितेन्द्र यादव। ● अमृत विचार

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचार :** श्री गणेश चतुर्थी के पर्व पर खितौरा में श्रीगणेश सेवा समिति ने भगवान श्री गणेश की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम से निकली। बैंडबाजे तथा दर्जन भर झांकियों के साथ शुरू हुई शोभायात्रा कस्वे के श्री वाष्णेय शिव मंदिर से होती हुई होली चौक, महलोली रोड, रियोनाई रोड, भारद्वाज मार्केट , प्रचीन देवी मंदिर, डाकखान रोड होती हुई वापस शिव मंदिर प्रंगण में विसर्जित हुई । शोभायात्रा का शुभारम्भ पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, दीपेश गुप्ता, शिवम प्रताप सिंह ब्लाक प्रमुख वजीरगंज ने गणेश जी का पूजन कर के किया। शोभायात्रा में देवी देवताओं के स्वरूप राधा कृष्ण, शिव पार्वती, नाग नगिन, काली आखाड़ा, लांगुर संग हनुमन्त, गोपिकाओं संग बाल कृष्ण नृत्य आकर्षण के केन्द्र रहे। श्रद्धलुओं ने भगवान के प्रतीकात्मक रूप पर पुष्प वर्षा की। श्री गणेश सेवा समिति के अध्यक्ष रिंकू गुप्ता ने बताया 19 सितम्बर को कछला के भगीरथी घाट पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जायेगा। इस मौके पर मुन्नलाल गुप्ता, नन्दकिशोर गुप्ता, गौरव कुमार गुरु, नितिन कुमार सिंह,तिलक सिंह ,कुलदीप सिंह राना,रिंकू भारद्वाज, अरुण भारद्वाज, उज्जवल कुमार सिंह, विनोद गुप्ता ,सौरभ गुप्ता, शिवम गुप्ता, तनुज गुप्ता, कपिल गुप्ता, पप्पू गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मोंटी गुप्ता, अरविंद गुप्ता नीटू, देवपाल गुप्ता सहित थाना पुलिस का विशेष सहयोग रहा।

**विसर्जन से पूर्व निकाली गई गणेश जी की शोभायात्रा :**

**बिल्सी,अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या पांच स्थित पीपल बाबा मंदिर पर पिछले तीन दिनों से मनाए जा रहे श्री गणेश महोत्सव का सोमवार को समापन हो गया। महोत्सव स्थल पर स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा का आज कछला गंगा घाट पर भक्तों ने धूमधाम से विसर्जन किया। इससे पहले नगर के मुख्य बाजार में भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली गई। गंगा घाट पर एक भंडारा भी आयोजित कराया गया। जहां लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। महोत्सव को सफल बनाने में पूर्व पालिकाध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय, नरेंद्र बाबू, मेहुल वार्ष्णेय, हेमंत वार्ष्णेय, अमन वार्ष्णेय, रोहित, कमलेश वार्ष्णेय, साधना वार्ष्णेय, भुवनेश वार्ष्णेय, रजत शर्मा, नितिन वार्ष्णेय, पीयूष वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, सौरभ, उमेश, मुन्नालाल, रंजन माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

### भोला धाम में भगवान कार्तिकेय और गणेश जन्म कथा का हुआ वर्णन



**बदायूं,अमृत विचार :** श्री गणेश सेवा मंडल के तत्वावधान में भोला धाम में गणेश महोत्सव का आयोजन हो रहा है। कथा के तीसरे दिन कथावाचक देवी गौर प्रिया ने भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र भगवान कार्तिकेय के जन्म एवं भगवान गणेश के प्रकटोत्सव की कथा का बहुत ही सुंदर वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि भगवान गणेश का जन्म लोक कल्याण के लिए हुआ। कहा कि भगवान शिव को घर में प्रवेश न देने पर भगवान शंकर द्वारा श्री गणेश का सिर काट दिया। माता पार्वती के क्रोध एवं सभी देवताओं के आग्रह पर भगवान शिव ने गज का सिर श्रीगणेश जी को लगाकर पुन: जीवित किया। इसी कारण भगवान गणेश का नाम गजानन पड़ा और यह वरदान दिया कि गजानन सभी देवी देवताओं में प्रथम पूज्य होंगे। कहा कि भगवान गणेश की कृपा के बिना व्यक्ति कोई भी कार्य नहीं कर सकता है। शुभ कार्य का भाव भी तभी आएगा जब भगवान गणेश जी की कृपा होगी क्योंकि यह बुद्धि के देवता हैं । कथा में राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता, वीरेंद्र वार्ष्णेय , पवन शर्मा, सुनील वार्ष्णेय, मनोज गुप्ता, सुनील गुप्ता, राहुल राठौर आदि शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### बच्चों ने बिना आग के पकाया भोजन



**उझानी,अमृत विचार :** सोमवार को क्षेत्र के ग्राम बसौमा के रजत विद्या मंदिर विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र छात्राओं के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में पूर्व विधायक धर्मेन्द्र शाक्य ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्र छात्राओं को नया सीखने का अवसर मिलता है। स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने बिना आग के भोजन में भेलपुरी, फ्रूट चाट, सैंडविच, नारियल पेड़ा, बनाना शेक, कतली, जलजीरा, पंचामृत, सलाद, केक, डूनट तथा खराब वस्तुओं के मॉडल में चंद्रयान, जेसीबी, कुआं, जल शुद्धिकरण, एंबुलेंस, पेन स्टैंड, मन्दिर, एटीएम, गुड़िया, रोबोट, हाइड्रोलिक ब्रिज आदि बनाये। जिसमें छात्राओं में नव्या, नीरज, महक, भावना, निशा, अंशिका, श्रष्टि, अनामिका, स्वाति, रिया तथा छात्रों में आर्यन, शानु, अर्पिता, आयुष, मयंक, दिव्यांश आलम, अरबाज, अंकित आदि ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी का अवलोकन पूर्व विधायक धर्मेन्द्र शाक्य ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में नया सीखने की ललक पैदा होती है। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं की प्रतिभा की तारीफ भी की। इस मौके पर प्रबंधक शिवकुमार गुप्ता, ईजी रजत गुप्ता आदि ने धर्मेंद्र शाक्य का स्वागत किया।

### मासिक पंचायत के बाद भाकियू ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**बिसौली ,अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत का आयोजन तहसील परिसर में रामचंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में किया गया।किसानो की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। पंचायत का संचालन रामलखन सिंह यादव एडवोकेट युवा जिलाध्यक्ष ने किया। विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। सोमवार को आयोजित पंचायत में किसानों की समस्याओं को अवगत कराया कि ग्राम गुलड़िया से पृथ्वीपुर जाने की रास्ता खराब है, आये दिन घटनाएं होती रहती हैं, जिससे आसपास के किसान परेशान हैं। उसे अति शीघ्र सही कराई जाए, किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता कौशल कुमार श्याम वावू, रक्षपाल सिंह यादव , श्योराज सिंह, मेवाराम सिंह, राम तीरथ सिंह, रामचंद्र सिंह, जयपाल सिंह संदीप सक्सेना, महेशपाल, रतिराम,प्रेमपाल सिंह, ठाकुर सुखपाल सिंह, जयपाल सिंह,रामचंद्र सिंह, कुमारपाल रामनिवास, महेंद्र, देशराज, छत्रपाल, कठेरिया एडवोकेट, नरेंद्र कुमार, नंदराम प्रजापति अरामसिह, ठाकुर चंद्रभान, बीरसिह, सुरेंद्र सिंह यादव, सैकड़ौ की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### 12 को आईएमटी में लगेगा रोजगार मेला

**बदायूं,अमृत विचार :** जिला रोजगार सहायता अधिकारी सचिन सिंह ने बताया कि 12 सितम्बर को एक दिवसीय ऑनलाइन व ऑफलाइन रोजगार मेला इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेमेन्ट एण्ड टेक्नॉलॉजी कालेज में लगेगा। जिसमें लगभग 10 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। इन कंपनियों में लगभग 600 पद रिक्त हैं। इस रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं आईटीआई एवं जीटीआई उत्तीर्ण समस्त ट्रेडों के अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

### 30 अक्टूबर तक तैयार करें छात्रवृत्ति का मास्टर डाटा

**बदायूं,अमृत विचार :** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) की दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) के लिए शासन से संशोधित समय-सारिणी जारी की है। संशोधित समय सारणी के तहत शिक्षण संस्थाओं द्वारा छात्रवृत्ति मास्टर डाटाबेस तीस अक्टूबर तक तैयार कर अपलोड करेंगे। बताया कि विश्वविद्यालय/एफ़िलिएटिंग एजेन्सी/जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा शिक्षण संस्थान की मान्यता, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस आदि को ऑनलाईन पोर्टल पर अंकित एवं सत्यापित कर डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाइन लॉक किए जाने की अन्तिम तिथि 11 नवम्बर निर्धारित की गई है।

### विधायक ने किया देव छठ मेले का उद्घाटन



**बिल्सी ,अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी-खौंसारा मुख्य मार्ग पर स्थित श्री बलदाऊ महाराज के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हर वर्ष देव छठ मेला लगता है। प्राचीन देव छठ मेले का सोमवार को क्षेत्रीय विधायक हरीश शाक्य ने फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेला हमारी भारतीय संस्कृति को याद दिलाते हैं। इससे देश में भाईचारे और आपसी सौहार्द भी बढ़ता है। इसलिए मेला का आयोजन धूमधाम से होते रहना चाहिए। आयोजकों ने बताया कि इस बार मेला धूमधाम से लगाया जा रहा है। जो दो अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मेला प्रबंधक रामजीमल शर्मा, मेला अध्यक्ष अनिल शर्मा, पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन अनुज वार्ष्णेय, आचार्य संजीव रुप, रजनीश शर्मा, लक्ष्मण दत्त शर्मा, लव कुमार शर्मा, विनोद पालीवाल, कुश शर्मा, राघव शर्मा, आचार्य ललित शर्मा आदि मौजूद रहे।

### बच्ची से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**विजय नगला,अमृत विचार :** मानसिक मंदित बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटों में ही गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। आरोपी ने बच्ची को अकेला पाकर उसके घर में जाकर घटना को अंजाम दिया था। बिनावर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी 8 साल की बच्ची घर पर अकेली थी। गांव निवासी युवक घर में घुस आया और बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। शोर सुनकर ग्रामीण पहुंचे तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रवेज कुमार ने बताया कि आरोपी मुदस्सर अली को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सपा सांसद आदित्य यादव आज बिसौली में



**बदायूं,अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी सांसद आदित्य यादव 10 सितम्बर को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र आ रहे है। जिसके अन्तर्गत 10 सितम्बर को सांसद 12 बजे से 2 .बजे तक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस बिसौली में सपा कार्यकर्ताओं तथा आम जनता से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे, तत्पश्चात् विधानसभा क्षेत्र बिसौली में आयोजित विभिन्न राजनीतिक व निजी कार्यक्रमों में सम्मिलित होगें। तथा रात्रि विश्राम अपने आवास पर करेंगे। 11 को प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक सांसद अपने आवास पर सपा कार्यकर्ताओं तथा आम जनता से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुनेगें। इसके बाद विधानसभा क्षेत्र बिल्सी में दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक पूर्व विधायक हाजी बिट्टन के आवास पर जनता से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुनेगें। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष आशीष यादव ने दी है।

# दो घरों से लाखों की चोरी तीसरे में प्रयास असफल

- रविवार रात चोरों ने गांव ज्वालापुर के दो घरों को बनाया निशाना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** चोरी की घटनाएं नहीं रुक पा रही हैं। रविवार रात चोरों ने सहसवान क्षेत्र के गांव ज्वालापुर के दो घरों से लाखों की नगदी और आभूषण चोरी कर लिए। एक अन्य घर में चोरी का प्रयास असफल रहा। परिवार के जागने पर चोर भाग गए। पीड़ितों की ओर से तहरीर दी गई है।

बदायूं-मेरठ राजमार्ग स्थित गांव ज्वालापुर निवासी मानपाल सिंह ने बताया कि रविवार रात में चोर उनकी घर की दीवार फांदकर आए। बक्से का ताला तोड़ा और 80 हजार रुपये नगदी, सोने चांदी के जेवर और पीतल के एक बोरी बर्तन चोरी करके ले गए। सुबह चोरी की जानकारी हुई। इसी गांव निवासी यादवती ने बताया कि पति राजपाल बाहर रहते हैं। रात में चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर 20 हजार रुपये नगद, चांदी के जेवर चोरी कर ले गये। चोरों ने रमेश के घर पर रखा मैंथा का तेल चोरी करने की कोशिश की लेकिन परिजन जाग गए और चोर भाग गए।

# ग्राम विकास अधिकारियों ने किया प्रदर्शन

- अमृत तालाब में बालक के डूबने पर ग्राम विकास अधिकारी पर दर्ज हुई है रिपोर्ट, जता रहे विरोध

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** अमृत तालाब में बालक के डूबने से मृत्यु हो गई। जिस पर ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसका विरोध करते हुए ग्राम विकास और ग्राम पंचायत अधिकारियों ने विकास भवन में प्रदर्शन कर सीडीओ को ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि अगर दर्ज रिपोर्ट निरस्त नहीं हुई तो वह 11 सितंबर से कलमबंद हड़ताल शुरू कर देंगे।



सीडीओ को ज्ञापन सौंपते सचिव। ● अमृत विचार

ब्लॉक कादरचौक की ग्राम पंचायत कासिमपुर में बन रहे अमृत तालाब में पांच वर्षीय बालक की मौत हो गई। जिस पर मृतक बालक के परिजनों की शिकायत पर ग्राम पंचायत पर कार्यरत सचिव के खिलाफ प्रथम दृष्टया रिपोर्ट दर्ज हुई है। जिसका विरोध करते हुए सचिवों ने विकास भवन में धरना प्रदर्शन किया। साथ ही सीडीओ को ज्ञापन सौंपा है। और कहा कि बालक के माता पिता की गलती के कारण घटना हुई है। जिसका दोषी ग्राम पंचायत अधिकारी माना जा रहा है। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। थाना पुलिस उक्त ग्राम पंचायत को परेशान कर रही है। कहा कि थाने में दर्ज रिपोर्ट को निरस्त कराया जाए। अन्यथा सभी सचिव 11 सितंबर से धरना प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम पंचायत, विकास अधिकारी समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चंद्र पाल, रवि वर्मा सहित अन्य सचिव मौजूद रहे

# एडीपीआरओ को निरीक्षण में मिली गंदगी, फटकारा

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार:** विकासखंड के गांव जसूपुर में सोमवार को एडीपीआरओ पहुंचे। उन्हें गांव में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन किया। इस दौरान अभिलेखों को खंगालते हुए प्राथमिक विद्यालय, चकरोड, खड़ंजा, सीसी रोड, इंटरलाकिंग और नाला निर्माण की स्थिति को देखा। वहीं आरआरसी सेंटर, सामुदायिक शौचालय का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय के सामने भारी मात्रा में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई। प्रधान और सचिव को जल्द जलभराव की समस्या को दूर कर नया रोड बनवाने के निर्देश दिए।



विद्यालय के सामने गंदगी देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए एडीपीआरओ

बीते दिनों ग्रामीणों ने शासन स्तर पर सीसी रोड और हैंडपंप रिबोर एवं प्राथमिक विद्यालय में सीसी रोड बिना बनवाए पैसे निकालने की शिकायत की थी ,शासन स्तर से यह शिकायत जिला पंचायत राज अधिकारी के पास पहुंची। शिकायती पत्र में गांव में हुए विकास कार्यों में ग्राम प्रधान और सचिव पर भ्रष्टाचार और मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखने का आरोप लगाया गया था। साथ ही ग्रामीणों ने शिकायत थी की गांव में लाखों रुपये की लागत से सीसी और स्कूल में टाइल्स का कार्य मानक के अनुसार नही किया गया प्रधान और सचिव ने धन का बंदरबांट किया है। इसके बाद डीपीआरओ के निर्देश पर एडीपीआरओ गिरीश कुमार गांव में पहुंचे थे।

इस संबंध में एडीपीआरओ गिरीश यादव ने कहा कि गांव में हर तरफ गंदगी है। इसको लेकर सचिव प्रधान को सफाई कराने के निर्देश दिए। प्रधान और सचिव द्वारा पंचायत भवन की देखभाल नहीं की जा रही है। इसको लेकर भी दिशा निर्देश दिए। पंचायत भवन के रास्ते पर कीचड़ मिली। इसको ठीक कराने को कहा गया है। अन्य कई और कमियां मिली है। इन सभी कमियों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए है।

# गलियों में बाइकर्स गैंग ने किया हुड़दंग, घरों में घुस गए लोग

- एक साल पहले तत्कालीन थानाध्यक्ष ने गैंग पर कसा था शिकंजा

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में बाइकर्स गैंग फिर सक्रिय हो गया है। रविवार रात नगर में इस बाइकर्स गैंग ने दर्जनों बाइकों पर सवार होकर जमकर हुड़दंग मचाया। गलियों में पटाखे फोड़कर थाना पुलिस को दी चुनौती। इस हुड़दंग का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हो रहा है।एक साल पहले यह गैंग नगर व आसपास में सक्रिय हुआ था। । तब भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। तत्कालीन थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा ने इस गैंग पर शिकंजा कसा था। अब कुछ दिनों से यह बाइकर्स गैंग फिर सक्रिय हो गया है। रविवार रात गैंग ने नगर में कई जगह आतंक मचाया। 12 से अधिक बाइकों पर सवार इस गैंग ने नगर की सड़कों व गलियों में हुड़दंग मचाया। उनकी हरकतों को देख लोग घरों में घुस गए। इस गैंग में ज्यादातर युवा नगर व आसपास के ही हैं। जो आए दिन नगर व आसपास के लोगों में अपना रौब गांठते हैं। इस बाइकर्स गैंग ने अपना नाम टाक्सिक गैंग रखा है। थाना प्रभारी निरीक्षक बताया कि अभी इस संबंध में शिकायत नहीं आई है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

**आज का मौसम**

आसमान में हल्के बादल छाये रह सकते हैं।

35° अधिकतम तापमान | 27° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.32 | सूर्यास्त 07.11

**जिले में आज**

- थाना सुन्नगड़ी क्षेत्र के गांव शहवाजपुर में बौद्ध कथा सुबह 11 :00 बजे से
- अमापुर के गांव कौंधा में रामलीला का आयोजन रात 8 :00 बजे से
- महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध में तीनों तहसीलों में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन सुबह 10 :00 बजे से
- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में गुरु वंदना कार्यक्रम बीएवी इंटर कॉलेज में सुबह 11 :00 बजे से

खबरें www. amritvichar.com पर भी पढ़ें

# फरार दो आरोपी अधिवक्ता भी चढ़े पुलिस के हत्थे

## महिला अधिवक्ता हत्याकांडः चार आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** महिला अधिवक्ता मोहनी तोमर हत्याकांड की जांच जारी है। इधर फरार चल रहे नामजद दो अन्य आरोपी अधिवक्ता भी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। हत्या क्यों और कैसे की गई इस राज से पर्दा नहीं उठ पा रहा है। दावा किया जा रहा है कि जल्द ही कारण स्पष्ट कर दिया जाएगा। अभी मामले में जांच की जा रही है।

मोहनी तोमर हत्याकांड के तीन आरोपी अधिवक्ता और एक विधि छात्र पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। अधिवक्ता केशव और मुनाजिर रफी फरार चल रहे थे। पुलिस उनकी तलाश में दबिशें दे रही थी। इन दोनों अधिवक्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

इधर अभी तक पुलिस स्पष्ट नहीं कर पाई है कि महिला अधिवक्ता की हत्या क्यों और किस तरह हत्या की गई है। बहरहाल पुलिस पर आरोप लगाये जा रहे हैं कि जानबूझकर पुलिस हत्या का कारण स्पष्ट नहीं कर रही है। इधर पुलिस का दावा है कि अभी और भी कई राज छिपे हुए हैं। उनको उजागर करने के बाद हत्या की बजह स्पष्ट की जाएगी।



आरोपी अधिवक्ताओं का चिकित्सीय परीक्षण के बाद न्यायालय ले जाते पुलिस कर्मी।



सुरक्षा को लेकर कासगंज न्यायालय में तैनात पुलिस के जवान। ● अमृत विचार



आरोपियों की पेशी के दौरान कोर्ट में मौजूद बड़ी संख्या में पुलिस बल। ● अमृत विचार

● मंगलवार को लापता हो गई थी अधिवक्ता, बुधवार को नहर में मिला था शव

### अस्पताल से लेकर न्यायालय तक रही सुरक्षा

गिरफ्तार किए गए अधिवक्ताओं केशव और मुनाजिर रफी का चिकित्सीय परीक्षण अशोकनगर सीएचसी में कराया गया। कोतवाली से लेकर अस्पताल तक कड़ी सुरक्षा रही। दोनों आरोपियों की न्यायालय में पेशी के दौरान भी सुरक्षा के कडे इंतजाम रहे। सीओ विजय कुमार राणा सुरक्षा की कमान संभाले रहे।

### भूमि विवाद तो चंदन हत्याकांड बताई जा रही वजह

मोहिनी हत्याकांड को लेकर कोई भूमि विवाद बता रहा है तो कोई चंदन हत्याकांड की पैरवी इस घटना का कारण बता रहा है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि पुलिस ने मोहिनी तोमर के कुछ रिश्तेदारों से भी पूछताछ की है। इधर न्यायालय में चर्चा रही कि अधिवक्ता मुनाजिर रफी, केशव मिश्रा अपने बचाव के लिए उच्च न्यायालय जा रहे थे। भनक लगते ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

हत्याकांड के नामजद सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। चार आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। मामले में जांच की जा रही है। विधिक कार्रवाई कर रहे हैं।
**–अपर्णा रजत कौशिक, एसपी**

हत्या का कारण जल्द ही स्पष्ट कर दिया जाएगा। यह विवेचना का विषय है। विवेचक गंभीरता से जांच कर रहे हैं। अभी और भी राज हो सकते हैं। उसकी जांच हो रही है।
**– राजेश भारती, एएसपी**



आरक्षण वर्गीकरण को लेकर बैठक करते आजाद समाज पार्टी के नेता। ● अमृत विचार

# आरक्षण वर्गीकरण विरोध को सफल बनाने के लिए बैठक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● आजाद समाज पार्टी के नेताओं ने बड़ा गांव कोटरा में की बैठक

**अमृत विचारः** दिल्ली के रामलीला मैदान में 11 सितम्बर को होने वाले आरक्षण वर्गीकरण के विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए आजाद समाज पार्टी के गांव-गांव संपर्क कर रहे है।

दस सितंबर को जिले से पांच हजार से अधिक कार्यकर्ता दिल्ली के लिए कूच करेंगे। आजाद समाज पार्टी के नेताओं ने सोमवार को बडा गांव कोटरा में बैठक की। अलीगढ मंडल अध्यक्ष गुफरान नूर ने कहा कि आरक्षण वर्गीकरण में जो फैसला सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया है वह गलत है। आरक्षण के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 11 सितम्बर को दिल्ली के रामलीला मैंदान में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

मंडल सचिव देवी सिंह रोहिल्ला, मंडल अध्यक्ष मोनू जाटव , भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष विशाल कुमार ने लोगों से पहुंचने की अपील की। इस मौके पर जयप्रकाश, सनाउल्लाह साहब, अरशद अली, शेखर खान ,खलील अहमद, शकील अहमद, शहाबुद्दीन आदि लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर का मिला शव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** पटियाली सिढपुरा मार्ग पर अशोकपुर बहादुर नगर के समीप 45 वर्षीय व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस पटियाली सीएचसी पर लेकर पहुंची जहां चिकित्सको ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने हत्या करने की आशंका जताई है।



मृतक रामसिंह।



पोस्टमार्टम गृह पर मृतक रामसिंह के परिजन। ● अमृत विचार

● परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने भेजा पोस्टमार्टम के लिए

अलीगढ़ के थाना बरला क्षेत्र के गांव दतावली निवासी 45 वर्षीय रामसिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह पटियाली थाना क्षेत्र के गांव नगला मनसा निवासी स्वर्गीय रामप्रकाश के घर पर पांच वर्ष से पत्नी और बच्चों के साथ रहकर मजदूरी करता है। वह रविवार को मजदूरी करने के लिए गया। शाम को घर नहीं पहुंचा। सिढपुरा रोड पर अशोक नगर-बहादुर नगर के मध्य सड़क किनारे अचेत अवस्था में पड़ा मिला। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा पटियाली स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि वह साइकिल से मजदूरी करने गए थे। साइकिल भी गायब है। उन्होंने हत्या की आशंका जताई। इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा ने कहा कि तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत 15 तक करें आवेदन

**कासगंज ,अमृत विचारः** विज्ञान के प्रति जहां विद्यार्थियों में जोश भरा जा रहा है। बहरहाल धीमी गति से हो रहे आवेदन को लेकर अधिकारी चिंतित दिखाई दिए हैं। अधिक से अधिक आवेदन कराने की अपील की गई है। 15 सितम्बर तक आवेदन हो सकेंगे। अब इंस्पायर अवार्ड मेला भी लगाया जाएगा।

जिला समन्वयक विज्ञान क्लब जयंत गुप्ता ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति जागरुक किया जा रहा है। 15 सितम्बर तक आवेदन होने हैं। अभी कुछ विद्यालय लापरवाह हैं। जिन्हें जिला विद्यालय निरीक्षक ने पत्र जारी कर दिया है।

# बाल श्रम से बच्चों को हर हाल में मुक्त कराया जाए

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप योजना एवं बाल-विवाह की रोकथाम के लिए जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक की गई।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बताया कि उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना-सामान्य के कुल 231 आवेदन पत्र एवं स्पॉन्सरशिप योजना के कुल 55 आवेदन पत्र जिला टास्क फोर्स समिति, कासगंज द्वारा अनुमोदित किये गये। उन्होंने बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा को चेतावनी देते हुये बच्चों से सम्बन्धित प्रकरणों में कार्यवाही करने को निर्देशित किया। कहा कि जनपद को बाल श्रम से मुक्त किया जाए।





कलेक्ट्रेट सभागार में टास्क फोर्स समिति की बैठक लेतीं डीएम मेधा रूपम। ● अमृत विचार

● जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में डीएम ने अधिनस्थों को दिए दिशा-निर्देश

उन्होंने बाल श्रम को रोकने के लिए समय-समय पर अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिला जज सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार, मुख्य विकास अधिकारी सचिन, अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल, उप जिलाधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला श्रम अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला कौशल विकास अधिकारी, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, अध्यक्ष, सृष्टि फाउंडेशन, सेन्टर मैनेजर, वन स्टॉप सेन्टर, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर, चाइल्ड लाइन 1098, कासगंज आदि लोग उपस्थित रहे।

### भारतीय स्टैट बैंक की शाखा का कोड किया परिवर्तित

**कासगंज :** वरिष्ठ कोषाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की शाखा बिलराम गेट का आईएफएस कोड 00011631 था जिसे भारतीय स्टेट बैंक की कृषि शाखा एडीबी सोरों गेट आईएफएस कोड 0004504 में परिवर्तित-विलय कर दिया गया है। अत : आप सभी अपने कार्यालय अधिष्ठान से जो भी देयक तैयार करें, उसमें यह सुनिश्चित कर लें कि लाभार्थी का खाता एवं आईएफएस कोड अपडेट कर लिया गया है।

# जंग का मैदान बना राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सोरों

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● शिक्षकों व अन्य स्टाफ ने डीएम को प्रार्थनापत्र देकर प्रधानाचार्य पर लगाये कई आरोप

**अमृत विचारः** सोरों की राजकीय पॉलीटेक्निक जंग का मैदान बन गया है।आए दिन विवाद हो रहा है। अब प्रधानाचार्य पर विद्यालय के कर्मचारियों ने मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। डीएम को प्रार्थना पत्र देकर प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

डा.कपिल गोस्वामी, अवनी त्यागी, सुमित कुमार, सुनील कुमार, अनुज कुमार सहित 16 कर्मचारियों ने जिलाधिकारी मेधा रूपम को प्रार्थना पत्र दिया किप्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह आए दिन धमकाते हैं। उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। अश्लील मानसिकता के साथ टिप्पणी करते हैं। महिलाओं पर छीटाकंसी करते हैं। आरोप लगाया है कि प्रधानाचार्य धमकी देते हैं कि मेरे हिसाब से चलों अन्यथा वृद्धि रोक दूंगा अन्य कार्रवाई करुंगा। अनैतिक कार्य करने के लिए दबाब बनाते हैं। उनके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। अन्यथा मजबूर होकर आंदोलन करना पड़ेगा।कहा कि वह मुरादाबाद में भी विवादित रह चुके हैं। उनके विरुद्ध शिकायत की गई। कई मामलों में उनके विरुद्ध शिकायतें लंबित है। उन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# रामलीला मंचन के आय-व्यय का ब्यौरा दिया

संवाददाता, सोरों जी

**अमृत विचारः** तीर्थनगरी की राम लीला कमेटी ने राम की लीलाओं के मंचन , दशहरा के आयोजन एवं शोभायात्राओं के आय-व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक किया है। पहली पुस्तिका नगर पालिका चेयरमैन को भेंट की।

राम लीला कमेटी के अध्यक्ष नीतेश मेधावी ने बताया कि रामलीला मंचन के लिए कुल 963060 रुपये चंदा आया। कुल खर्चा 898300 रुपया हुआ। इसकी पुस्तिका छपवाई गई। प्रथम पुस्तिका कमेटी द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे को भेंट की गई। इस दौरान महामंत्री भोला तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, सोनू बौहरे, निर्देशक ललित मोहन तिवारी, पवन चरोरे, पुल्लो पहलवान, कल्लू महेरे, आकाश महेरे, राम गोविंद महेरे, आशुतोष तिवारी,सोरभ पचौरी, पंकज तिवारी, कांन्हा, अनमोल मेधावी, आकाश तिवारी, दीपक बौहरे, आशीष अयाचक, गुंजन तिवारी, यशु दुबे, सचिन चौधरी, सार्थक मिश्रा, नन्दकिशोर तिवारी, वैभव पचौरी, विक्की पचौरी, रिसभ पचौरी, अभय पचौरी, लक्छ पचौरी, मोनू मेधावी, दीपक मेधावी, निक्की मेधावी मौजूद रहे।





रामलीला के आय-व्यय की पुस्तिका नगर पालिका अध्यक्ष को देते पदाधिकारी।

● 9,63060 रुपया हुआ था इकट्ठा, खर्चा 8,98300 रुपये

# एसडीएम की रोक के बाद भी खड़ी कर दी दीवार

**कासगंज,अमृत विचारः** फतेहपुर माफी के ग्राम प्रधान ने खाद के गढ्ढे पर अवैध कब्जा कर दीवार लगा दी है। जबकि एसडीएम ने दीवार को रुकवाने का आदेश दिया था।

ग्रामीण खुशीराम वर्मा ने बताया कि गाटा संख्या 561 /0.0490 हेक्टेयर खाद के गड्ढे के लिए सुरक्षित की गई है। ग्राम प्रधान राजू भारती ने दीवार लगाकर कब्जा कर लिया है। शिकायत पर एसडीएम ने निर्माण रुकवाने के आदेश लेखपाल और पुलिस को दिए थे। बावजूद लेखपाल ने कार्रवाई नहीं की।

एसडीएम संजीव कुमार ने कहा कि ग्रामीण की शिकायत पर गांव फतेहपुर माफी में अवैध निर्माण को रुकवाने और जांच कराने के निर्देश दिए गए थे। वैध निर्माण हो रहा है, तो निश्चित कार्रवाई की जाएगी।

# नौगवां और महावर की टीम ने जीते अपने मैच

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार।** हिंद स्वाभिमान फाउंडेशन एवं प्रेम फर्नीचर के संयुक्त तत्वाधान में मिनी ग्रामीण स्टेडियम नगला पट्टी कासगंज में चल रहे सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन पहला मैच नौगवां और नगला अंडौआ के बीच खेला गया । नगला अंडौआ ने पहले बल्लेबाजी कर 90 रन बनाए।नौगवा की टीम ने दो गेंद शेष रहते 91 रन बनाकर मैच जीत लिया । मैन ऑफ़ द मैच 43 बनाकर नॉट आउट रहे भुवनेश कुमार को दिया गया।

दूसरा मैच ढोलना और महावर के मध्य खेला गया। ढोलना की टीम ने केवल 29 रन बनाए। महावर की टीम ने मात्र तीन ओवरों में 31 रन बनाकर मैच जीत लिया। मुनेश राजपूत पीटीआई जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय लोधी महासभा, बाबूराम ,प्रेम राजपूत, मुकेश कुमार, स्कोर गोविंद सिंह, एनाउंसर तेजेंद्र लोधी और अंपायर बादशाह के अलावा रवि कुमार, अभिषेक कुमार, प्रवीण कुमार, रामवीर सिंह, मेवाराम, लोकमन, विनय कुमार उपस्थित रहे।



विजेता क्रिकेट टीम के खिलाड़ी को पुरस्कृत करते आयोजक।

**शिक्षा में आधुनिकता** | ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर दिया जा रहा है शिक्षकों को चार दिवसीय प्रशिक्षण

# नवीन पाठ्यक्रम के अनुरूप दिया जा रहा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सत्र 2024-25 से नया पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया है। नवीन पाठ्यक्रम के अनुरूप जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में शिक्षकों को जनपद के सभी ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर प्रशिक्षण देकर दक्ष किया जा रहा है।

जनपद में करीब 1263 परिषदीय विद्यालय हैं जिनमें पांच हजार से अधिक शिक्षक एवं शिक्षामित्र हैं। इन शिक्षकों को एआरपी भाषा, गणित एवं अंग्रेजी में शिक्षण कार्य की बारीकियां एवं प्रक्रियाओं आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ब्लॉक अमाँपुर में प्रशिक्षण दे रहे एआरपी धीरेंद्र सोलंकी और मनीष चौहान तथा पटियाली के संदर्भदाता चंद्रदेव दीक्षित एवं सत्येंद्र सिंह एआरपी ने बताया कि शिक्षण कार्य शिक्षक संदर्शिका एवं पाठ्य पुस्तक को समावेश कर किया जाएगा। उसी के अनुसार साप्ताहिक क्रियाकलाप आयोजित किए जाएंगे।



ब्लॉक संसाधन केंद्र पटियाली के सभागार में प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक। ● अमृत विचार

ब्लॉक पटियाली में शिक्षकों के छठवें बैच का प्रशिक्षण हो रहा है। सभी एकेडमिक रिसोर्स पर्सन संदर्भदाता के रूप में शिक्षकों को संदर्शिका के अनुरूप कालांश विभाजन, शिक्षण एवं आकलन आदि प्रशिक्षण की बारीकियां सिखा रहे हैं।
**–शशिकांत यादव, खंड शिक्षा अधिकारी, पटियाली**

जनपद के अधिकतर शिक्षकों को नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षित किया जा चुका है। शेष बचे शिक्षकों का प्रशिक्षण प्रक्रिया सभी ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगा।
**–सूर्य प्रताप सिंह, बीएसए, कासगंज**

### एनसीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित हैं नवीन पुस्तकें

केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू करने के बाद कक्षा एक और दो की नवीन पाठ्य पुस्तकें एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित हैं जबकि पिछले सत्र में एससीईआरटी के पाठ्यक्रम पर आधारित थीं। भाषा की नवीन पुस्तक का सारंगी एवं गणित की आनंदमय गणित नाम दिया गया है। ये पुस्तकें परिवार, जीव जगत, हमारा खान पान, त्यौहार और मेले एवं हरी भरी दुनियां थीम आधारित बनाई गई हैं। इसके अतिरिक्त इन पुस्तकों को आसपास के परिवेशीय वातावरण एवं बच्चों के पूर्व अनुभव को आधार बनाकर इस प्रकार लिखा गया है कि बच्चे इनको रुचिपूर्वक पढ़ सकें।

# तैराकी, टेबल टेनिस, कुश्ती के चयन ट्रायल आज से

**कासगंज , अमृत विचारः** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला तैराकी, टेबल टेनिस, कुश्ती प्रतियोगिता के चयन ट्रायल दस सितंबर से होंगे। प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मेरठ में किया जाएगा।उपक्रीडा अधिकारी हरफूल सिंह ने बताया के सोरों के फरीदनगर स्थित स्पोटर्स स्टेडियम में आयोजन होगा। इच्छुक खिलाडी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आधार कार्ड की छायाप्रति जरूर लेकर आयें। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता 11 को सुबह 11 बजे स्टेडियम अलीगढ में शुरु होगी। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता 13 को मेरठ में कराई जाएगी। इसी तरह कुश्ती प्रतियोगिता बालक वर्ग में स्पोटर्स स्टेडियम सोरों में 10 सितम्बर को दोपहर दो बजे, मंडल स्तर पर अलीगढ में 13 सितम्बर को दोपहर11 बजे के अलावा 27 से 29 सितम्बर तक स्टेडियम आगरा में कराई जाएगी।

# गाय की शव यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए ग्रामीण



गाय के शव को कादरगंज गंगाघाट ले जाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचारः** गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव धर्मपुर में प्राचीन शिव मंदिर में रहने वाली गाय की मृत्यु हो गई। गांव वालों ने गाय की शव यात्रा निकालकर काद गंज गंगा घाट पर दफनाकर अंतिम संस्कार किया।

गांव धर्मपुर में प्राचीन शिव मंदिर है। गांव के निवासी निकेश सिंह ने बताया कि लगभग चार वर्ष पूर्व गाय कहीं से आ गई थी और तीन मंजिला मंदिर में चढ़ गई। दो दिन बाद स्वयं नीचे उतर आई, तब से गाय मंदिर प्रांगण में रहती थी।

ग्रामीणों का उससे लगाव बढ़ता गया। शनिवार को गाय बीमार हो गई। ग्रामीणों ने चिकित्सकों से इलाज कराया परंतु रविवार को गाय की मौत हो गई। ग्रामीणों ने कादरगंज गंगा घाट पर गाय का अंतिम संस्कार किया।

# डिप्थीरिया संक्रमित मिला, शिविर लगाकर दी दवाएं

**कासगंज, अमृत विचारः** अमांपुर कस्बे के राजीव नगर ददवारा में एक बच्चे में डिप्थीरिया के लक्षण मिले। स्वास्थ्य कर्मियों ने शिविर लगाकर दवा दी। अमांपुर कस्बे के राजीव नगर ददवारा निवासी जावेद खान के 11 साल के पुत्र इशान में डिप्थीरिया के लक्षण मिले हैं। इशान के गले में दिक्कत होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। बच्चे में डिप्थीरिया के लक्षण मिले। इशान का आगरा में निजी चिकित्सक के यहां उपचार चल रहा है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.संदीप राजपूत के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुहल्ले में शिविर लगाकर सभी बच्चों का टीकाकरण कराया। लोगों को संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। डा. गौरव तोमर, डा. शेर सिंह, डा. संजय यादव, संतोष कुमार, फार्मासिस्ट गिरीश चन्द्र, एलडी जुगेन्द्र पाल सिंह, बीपीएम बृजेश यादव, शिखा यादव, आंगनबाड़ी साक्षी गुप्ता, गौरव कुमार रहे।

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा, शास्त्रं तस्य करोति किं।
लोचनाभ्याम विहीनस्य, दर्पण : किं करिष्यति ॥

जिस व्यक्ति के पास स्वयं का विवेक नहीं है। शास्त्र उसका क्या करेगा? जैसे नेत्रहीन व्यक्ति के लिए दर्पण व्यर्थ है।

## संपादकीय

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

अर्थव्यवस्था जैसे-जैसे मजबूत हो रही है, सरकार देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। भारत रक्षा क्षेत्र के लिए जरूरी सामानों के आयात को कम कर रहा है और 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत घरेलू बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दे रहा है। इस पहल के तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने व निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। रक्षा खरीद प्रक्रिया को 2016 में संशोधित किया गया, जिसमें घरेलू रक्षा उद्योग के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए विशिष्ट प्रावधान पेश किए गए। रक्षा खरीद नीति ने आयात पर निर्भरता की चिंताओं को देखते हुए स्वदेशी विनिर्माण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सहयोग के महत्व पर जोर दिया। रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सुखोई-30एमकेआई विमान के लिए 240 एएल-31 एफपी एयरो इंजन खरीदने हेतु हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध पर सोमवार को हस्ताक्षर किए। इंजनों का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन में किया जाएगा। एचएएल, बीईएल, बीडीएल, आईओएल, एमडीएल, जीएसएल, जीआरएसई और हिंदुस्तान एचएसएल रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हैं।

सरकार ने देश में आर्थिक विकास और रक्षा औद्योगिक आधार के विकास के इंजन के रूप में काम करने के लिए दो रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने का निर्णय लिया है। ये गलियारे तमिलनाडु में चेन्नई, होसुर, कोयंबटूर, सलेम और तिरुचिरापल्ली तथा उत्तर प्रदेश में अलीगढ़, आगरा, झांसी, चित्रकूट, कानपुर और लखनऊ तक फैले हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' संकल्प के लिए विस्तृत पैमाने पर किए गए प्रयासों से रक्षा वस्तुओं के देश में ही निर्माण होने के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। देश में ही हथियार से लेकर लड़ाकू विमान तक बनाए जा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि हम एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं तो हमें आधुनिक हथियारों और उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता होगी। बीते एक दशक में रक्षा क्षेत्र में भारत का निर्यात 25 गुना बढ़ चुका है। कहा जा सकता है भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की सीढ़ी पर लगातार आगे बढ़ रहा है। उम्मीद है भारत का रक्षा क्षेत्र में पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2025 तक 29 फीसदी और वित्त वर्ष 2030 तक 37 फीसदी बढ़ जाएगा। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए आधुनिक उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के भरोसे 2047 तक ग्लोबल पावर बनेगा।

# लद्दाख की दिल्ली दस्तक को समझना जरूरी



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

एनएन वोहरा को 2003 में जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को तो इसमें शामिल कर लिया, लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया। वोहरा 2008 में जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल बनाए गए थे।

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बीच दूसरे केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में सियासी और सामाजिक गतिविधियों पर ज्यादा लोगों का ध्यान नहीं है। जम्मू-कश्मीर की अवाम को अगर चुनाव के बाद राज्य का दर्जा वापस होने की उम्मीद है तो लद्दाख के लोगों में भी इसकी ललक है। पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद-370 हटाने के साथ ही लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश तो बना दिया गया,लेकिन विधानसभा खत्म कर दी। उनके चार सदस्य विधानसभा के लिए चुने जाते थे। यही नहीं, सरकार में एक मंत्री पद भी मिल ही जाता था।

सामरिक महत्व वाले लद्दाख के लोग चार साल से बीच-बीच में आंदोलन करते रहे हैं। अब उन्होंने 1 सितंबर से दिल्ली के लिए यात्रा शुरू कर दी है। यात्रा 2 अक्तूबर को दिल्ली पहुंचेगी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे 8 अक्तूबर को आएंगे और इससे पता चल जाएगा कि अनुच्छेद-370 खत्म करने और पूर्ण राज्य के लिए केंद्र सरकार का आश्वासन जमीनी स्तर पर कितना कारगर रहा है। देश का मस्तक माने जाने वाले लद्दाख में फिलहाल लेह और कारगिल जिले हैं। लेह अपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस (केडीए) से जुड़े लोग नवंबर 2022 में अपनी मांगें मनवाने के लिए दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले लद्दाख में 66 दिन धरना चला था। चुनाव परिणाम में इसका गुस्सा दिखा और निर्दलीय मोहम्मद हनीफा जीत गए। भाजपा प्रत्याशी तासी ग्यालसन तीसरे स्थान पर रहे। मैग्सेसे पुरस्कार विजेता शिक्षा-पर्यावरणविद सोनम वांगचुक आंदोलन के बड़े चेहरे हैं।

लद्दाख से भाजपा के पूर्व सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल और थुपस्तान शेवांग भी साथ हैं। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा,संविधान की छठी अनुसूची लागू करने, लेह और कारगिल को अलग-अलग लोकसभा सीट बनाने और पृथक लोकसेवा आयोग बनाकर सभी नौकरियां स्थानीय लोगों को देने की उनकी प्रमुख मांगें हैं। पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने पर विधानसभा खुद-ब-खुद मिल जाएगी,जो अपने नागरिकों के हित के कानून बनाने में सक्षम होगी। मांगें सियासी और चुनावी नहीं हैं। संस्कृति की रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना इससे जुड़ी है। याद रखना होगा। लेह के बौद्ध लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिलाने के लिए 30 साल तक आंदोलन कर चुके हैं।




लद्दाख से भाजपा के पूर्व सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल और थुपस्तान शेवांग भी साथ हैं। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा, संविधान की छठी अनुसूची लागू करने, लेह और कारगिल को अलग-अलग लोकसभा सीट बनाने और पृथक लोकसेवा आयोग बनाकर सभी नौकरियां स्थानीय लोगों को देने की उनकी प्रमुख मांगें हैं। पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने पर विधानसभा खुद-ब-खुद मिल जाएगी,जो अपने नागरिकों के हित के कानून बनाने में सक्षम होगी। मांगें सियासी और चुनावी नहीं हैं। संस्कृति की रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना इससे जुड़ी है।

तिब्बत, चीन और पाकिस्तान से घिरे लद्दाख के हर वर्ग के लोग शिद्दत से चाहते हैं कि पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। मांग है कि जब तक संभव न हो, संविधान की छठी अनुसूची के तहत उनके हित सुरक्षित किए जाएं। जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश बनाने से लद्दाख के लोग खुश थे। कारण, कश्मीरी हुक्मरानों से आजादी की उनकी मांग पूरी हो गई थी। खुशी के आलम में नहीं समझ पाए कि दिल्ली ने उन्हें विधानसभा न देकर नौकरशाहों की नीतियों और नीयत पर छोड़ दिया है। लद्दाख में विधानसभा नहीं है, इसलिए राजनीतिक दृष्टि से उसकी चिंता नहीं की जाती है।

दूसरी ओर आंदोलन शुरू होने के बीच केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के मनाली और लद्दाख के कारगिल को जोड़ने वाली शिंकूला सुरंग के निर्माण की मंजूरी दी। अभी तक हिमाचल प्रदेश से अटल टनल के जरिए ही लद्दाख पहुंचा जा सकता है। श्रीनगर-लेह के बीच जोजिला पर भी सुरंग बनाई जानी है। जम्मू-कश्मीर में चल रहे विधानसभा चुनाव के बीच केंद्र ने लद्दाख में जांस्कार, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग को नया जिला बनाने की घोषणा की है। लेह और कारगिल के अलावा जांस्कार और नुबरा विधानसभा सीटें थीं। कारगिल के सांकू और शकर चिक्तन को भी जिला बनाने की मांग तेज हो गई है। अपराध मुक्त लद्दाख की अर्थव्यवस्था का बुनियादी आधार पर्यटन है। चीन से सटे अरुणाचल प्रदेश को 1987 में राज्य बनाया गया था। 1972 में यह केंद्र शासित प्रदेश और इससे पहले असम का हिस्सा था। छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग की जा रही है। 5,40,493 आबादी वाले सिक्किम में 32 सीटें हैं। इस समय लद्दाख की अनुमानित जनसंख्या 3.02 लाख है। 2019 में लद्दाख में बौद्ध अनुयायी 45.87 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 47 फीसदी थी। बौद्धों की बहुतायत लेह में है,जबकि कारगिल में शिया मुस्लिम ज्यादा हैं। कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर केंद्र सरकार ने जितने भी वार्ताकार नियुक्त किए, उनका कार्यक्षेत्र मुख्यतः कश्मीर ही रहा। एनएन वोहरा को 2003 में जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को तो इसमें शामिल कर लिया, लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया। वोहरा 2008 में जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल बनाए गए थे।

लद्दाखवासी अपनी मांगें मनवाने के लिए जिस तरह से आंदोलित हैं, उससे लगता है कि भविष्य में कठोर फैसले ले सकते हैं। अनदेखी केंद्र की कठिनाई बढ़ा सकती है। लद्दाख के लोगों ने धर्मगुरुओं के मार्गदर्शन में कश्मीरी अलगाववादियों को ही दरकिनार नहीं किया, पाकिस्तान और चीन के मंसूबे नाकाम करने के लिए सुरक्षा बलों के कंधे से कंधे मिलाया। यही कारण है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को राज्य बहाली की जितनी बेचैनी है,लद्दाख के बाशिंदे उससे भी अधिक फिक्रमंद हैं। इस संदर्भ में पूर्व में सोनम वांगचुक ने एक उल्लेखनीय बयान दिया था। कहा था कि यहां (लद्दाख) क्या हो रहा है, क्या वही, जो चीन तिब्बत में कर रहा है। सवाल उठे कि यह अंतर्राष्ट्रीय साजिश है। कहा गया कि अलग राज्य बौद्धों के लिए गुलामी का सबब बनेगा। जम्मू विश्वविद्यालय के पूर्व डीन प्रो. हरिओम ने 'बुद्धिस्ट प्लेयिंग विद फायरः पॉलिटिकल हिस्ट्री ऑफ लद्दाख पोस्ट अगस्त 2019' में भी केंद्र शासित प्रदेश की आवश्यकता और अनिवार्यता बताई है। पूर्ण राज्य के विरोधी क्षेत्र की धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान के लिए स्वायत्तशासी पर्वतीय परिषद के सशक्तीकरण पर जोर देते हैं। स्वायत्तशासी परिषदें लेह और कारगिल जिलों में अस्तित्व में ही नहीं,सक्रिय भी हैं।

## प्रसंगवश

# हिन्दी-उर्दू और अंग्रेजी

अंग्रेजी को अंग्रेज लेकर आए और पूरे देश (पढ़ने-लिखने वाले लोगों) में फैला दिया,लेकिन अंग्रेजी देश के किसी भी हिस्से में सामान्य जन तक नहीं पहुंच पाई। वह शासकों की और भद्रजन की ही भाषा बनी रही। हिंदी खड़ी बोली का परिष्कृत रूप है,जो मुसलमानों के आगमन के साथ, उन्हीं के कारण उत्तर-मध्य भारत और भौगोलिक रूप से इस भूभाग से विच्छिन्न हैदराबाद दकन के एक बड़े इलाके में फैल गई।

इसके पहले विद्वानों के लिए संस्कृत और सामान्य जन के लिए अपभ्रंश थी,जो प्राकृत की अंतिम और हिंदी की पहली अवस्था थी। अलग-अलग जगहों पर प्राकृत के अलग-अलग रूप थे। प्राकृत के एक क्षेत्र विशेष के रूप को पालि कहते थे। तब तक पालि-प्राकृत की तरह अपभ्रंश में भी साहित्य लिखा जाने लगा था,जिससे उसका एक मानक रूप बन रहा था। हिन्दी के विकास और विस्तार में मुसलमानों का योगदान उनके राज्य विस्तार के कारण हुआ। उन्होंने दिल्ली-मेरठ के आसपास एक छोटे से इलाके में बोली जाने वाली प्राकृत के अंतिम रूप (अक्खड़-सी खड़ी बोली) को उठाया, उसे मांजा और उसमें अरबी, फारसी, तुर्की की संज्ञाएं फेंट दीं। इस तरह उसका एक शहरी,मानक रूप बन गया। उसे उन्होंने अपने शासनकाल में न केवल आज की विशाल हिंदी पट्टी में,बल्कि इस पट्टी से दूर और इससे असंपृक्त हैदराबाद दकन के एक बड़े भूक्षेत्र में जन-जन तक फैला दिया।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

मुसलमान शासक न होते तो खड़ी बोली के मानक रूप हिंदी का निर्माण और विस्तार न होता। स्वतंत्र भारत में एक वृहत् राजभाषा विभाग है और केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों तथा केंद्र के उपक्रमों में उसके कार्यालय और वेतनभोगी अधिकारियों की एक बड़ी फौज है। किंतु यह विभाग हिंदी को किसी ऐसे क्षेत्र के सामान्य-जन तक नहीं ले जा पाया,जहां वह मुस्लिम शासन काल में पहले से ही नहीं पहुंच गई थी। खुसरो के वक्त तक इस हिंदी का वह रूप स्थिर हो चुका था,जो आज तक कायम है। रहीम, रसखान वगैरह हिंदी के ही बड़े कद के रचनाकार थे। अवधी में लिखने वाले जायसी को फिलहाल छोड़ देते हैं। उर्दू का तब कहीं नामोनिशान नहीं था। यह तो 1780 के बाद फारसी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी में अरबी-फारसी की अतिरिक्त संज्ञाओं को कृत्रिम ढंग से घुसेड़कर एक नया नाम दे दिया गया-उर्दू। उर्दू वह बोली थी,जो मुसलमान सैनिक स्थानीय लोगों से काम चलाऊ संवाद के लिए इस्तेमाल करते थे। यानी खड़ी बोली। कालांतर में उसी का परिष्कृत रूप वह जबान बनी,जो दिल्ली किले की बेगमें बोलती थीं। तो उर्दू ए मुअल्ला का शाब्दिक अर्थ जो भी हो,व्यावहारिक अर्थ हुआ किले की बेगमों की जबान,जिसमें एक तहजीब थी, एक नफासत थी। 1780 के बाद मुअल्ला का पुछल्ला हटाकर किले की बेगमों की इसी जबान को उर्दू कहने लगे। इसी का प्रयोग मुस्लिम भद्रजन और उनके संपर्क में रहने वाले हिंदू भद्रजन आपसी बोलचाल में, साहित्य लेखन में और अपने अधीन बचे रह गए प्रशासन में भी करने लगे।

यह वह समय था जब अंग्रेजी राज्य के विस्तार के साथ मुस्लिम शासक वर्ग के भद्रजनों में ह्रासोन्मुख असुरक्षा का भाव और पहचान का संकट खड़ा हो गया था। सामान्य जन से पृथक, अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखने के लिए उन्होंने भाषा का एक भुरभुरा सहारा लिया और हिंदी का एक ऐसा रूप विकसित किया, जिसमें अरबी-फारसी की संज्ञाएं अधिक मात्रा में थीं और जिसे फारसी लिपि में लिखा जाता था।

कैसी विडंबना है कि कुछ ज्ञानी लोग आज मुसलमानों द्वारा संजोई और फैलाई गई हिंदी को हिंदुओं की और उसी की फारसी लिपि में लिखी जाने वाली एक शैली 'उर्दू' को मुसलमानों की भाषा मानते हैं। वह शैली क्या है? उसमें अरबी, फारसी की संज्ञाएं कुछ अधिक मात्रा में हैं। ये संज्ञाएं तो हिंदी में भी हैं और खूब हैं। इस कदर कि कोई आमफहम हिंदी बोलता है तो उर्दू वाले उसे उर्दू समझते हैं। जैसे कोई आमफहम उर्दू बोलता है तो हिंदी वाले उसे हिंदी समझते हैं। रहस्य यह है कि दोनों शैलियों में सारी की सारी क्रियाएं एक ही हैं। और बिना क्रिया भिन्न हुए कोई भी भाषा भिन्न नहीं हो सकती। आप कार्यालय जा सकते हैं, दफ्तर जा सकते हैं, ऑफिस भी जा सकते हैं,लेकिन कार्यालय और दफ्तर गो नहीं कर सकते। वह कोई भाषा नहीं होगी। 'आई गो टु माय दफ्तर/कार्यालय' अंग्रेजी हैं, इसलिए कि इसमें क्रियापद गो अंग्रेजी है। जैसे ही आप ऑफिस या दफ्तर या कार्यालय "जाएंगे" कहेंगे,वह भाषा हिंदी/उर्दू हो जाएगी।

# आपदाओं से लेना होगा सबक



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

आज प्रकृति जिस तरह से करवटें ले रही है उसे देखते हुए हमें एक समग्र एवं दूरगामी नीति बनाने की आवश्यकता है,ताकि हम भविष्य में प्रकृति के प्रकोप से बच पाएं।

भारत के अनेक राज्य हाल ही में गंभीर प्राकृतिक आपदाओं की गिरफ्त में जकड़े रहे। आपदाओं का यह कहर अभी रुका नहीं है,बल्कि हर दूसरे या तीसरे दिन इन आपदाओं से होने वाली क्षतियों की खबरें मिलती रहती हैं। प्रमुख राज्यों पर यदि दृष्टिपात किया जाए तो केरल के वायनाड जिले में हुए जबरदस्त भूस्खलन से सैकड़ों लोग काल के गाल में समा गए। न जाने कितने पेड़ उखड़ गए, कितने मकान और वाहन बह गए और कितनी सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं।

हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड में बादल फटने से जिस स्तर तक तबाही मची उसका अंदाजा लगा पाना भी नितांत मुश्किल है। खास बात यह है कि इन राज्यों में क्लाउडबर्स्ट की भयावह घटना एक बार ही नहीं,बल्कि अनेक बार घटित हुई, लिहाजा इससे होने वाला नुकसान भी एक बार में नहीं कई किस्तों में हुआ। बादल फटने की घटना जम्मू कश्मीर में भी घटित हुई। आपदाओं की इस श्रृंखला ने न जाने कितनी सड़कों, पुलों, पेड़-पौधों, इमारतों और कितनी जिंदगियों को लील लिया। प्रकृति का बढ़ता प्रकोप हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है,किंतु यह भी समझने की जरूरत है कि प्रकृति इतना भीषण कहर बेवजह नहीं बरपाती। प्रकृति हमें अपने अभिशाप के दायरे में तभी लेती है जब हम अहंकारवश अपनी सीमाएं लांघकर प्रकृति की शक्ति को चुनौती देने पर उतारू हो जाते हैं।

भारत के विभिन्न राज्यों में इन त्रासदियों का जिम्मेदार आखिरकार कौन है? कटुसत्य यही है कि इन सभी दुर्घटनाओं की नींव निर्मित करने में हमारा स्वार्थ, हमारी अतिमहत्वाकांक्षाएं एवं हमारी अंधी दौड़ शामिल है। प्रकृति ने ऐसी व्यवस्था कदापि नहीं बनाई थी कि किसी स्थान पर पलक झपकते ही सामान्य से पांच सौ प्रतिशत ज्यादा बारिश हो जाए। ये सभी असामान्य घटनाएं हमारे ही द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से तैयार की गई हैं। आज हम विकास पर केंद्रित हैं और विकास के पीछे पागलों की तरह दौड़े चले जा रहे हैं,लेकिन हम यह भूल रहे हैं कि जिन गतिविधियों को हम विकास की संज्ञा देते हैं,वे तो वस्तुतः विनाश की नींव पर आधारित हैं या कह सकते हैं कि विनाश का ही दूसरा रूप हैं। आज हमारे द्वारा विकास के जिस मॉडल को अपनाया जा रहा है,उसके अंतर्गत आने वाली गतिविधियों से पर्यावरण का संतुलन पूरी तरह बिगड़ता जा रहा है।

हमको समझना होगा कि कोई भी आपदा अचानक नहीं आती है। उसके उद्भव में एक लंबे समय तक सक्रिय रहे विभिन्न कारकों का योगदान होता है। ये कारक प्राकृतिक भी होते हैं एवं मानवजनित भी,किंतु बादल फटना एवं भूस्खलन जैसी आपदाओं के पीछे अप्रत्यक्ष रूप से मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं। विकास की दौड़ में मनुष्य ने उन सभी कृत्यों को अंजाम दिया,जिनकी वजह से वैश्विक तापमान में लगातार इजाफा होता गया और नतीजा यह है कि अतिशय वाष्पोत्सर्जन एवं उच्च तापमान की वजह से बादलों के लिए स्वयं को रोक पाना भी मुश्किल हो गया है। नतीजतन वे अनुकूल परिस्थितियां पाकर फट पड़ते हैं और भयंकर तबाही मचा देते हैं। पर्वतों पर विकास के नाम पर अनगिनत पेड़-पौधे एवं जंगल काट दिए गए,किंतु इस कटान से पहाड़ पर क्या असर पड़ेगा, शायद हमने इस पर विचार नहीं किया। पेड़ों के काटने से पहाड़ों की मिट्टी जिस शक्ति के साथ बंधी हुई थी, वह शिथिल पड़ चुकी है और नतीजा यह है कि पहाड़ों पर भूस्खलन की घटनाएं आरंभ हो चुकी हैं। पहाड़ों की मिट्टी को स्वयं प्रकृति ने ही वृक्षों का रूप लेकर बांधकर रखा है,लेकिन हम यह बात नहीं समझते और वृक्षों का अंधाधुंध कटान कर देते हैं। बदले में हमें प्रकृति के प्रकोप का भागी बनना पड़ता है।

हाल ही में ब्रिटिश कंपनी क्लाइमेट एक्स के शोधकर्ताओं के द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, आने वाले दो दशकों में दुनिया के 50 विरासत स्थल खो जाएंगे, जिनमें से पांच भारत के हैं। भारत के इन स्थलों में सिक्किम का कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान, उड़ीसा का कोणार्क सूर्य मंदिर, राजस्थान का केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिम बंगाल का सुंदर वन राष्ट्रीय उद्यान और गोवा का चर्च एवं कॉन्वेंट शामिल है। शोध के अनुसार इन धरोहरों के विलुप्त होने की वजह जलवायु परिवर्तन से जनित भूस्खलन, बाढ़, तूफान एवं भीषण गर्मी जैसी आपदाओं को बताया गया है।

आज प्रकृति जिस तरह से करवटें ले रही है उसे देखते हुए हम एक समग्र एवं दूरगामी नीति बनाने की आवश्यकता है, ताकि हम भविष्य में प्रकृति के गंभीरतम प्रकोप से बच पाएं। यह प्रकृति का बदलता रुख ही है कि बारिश जैसी सामान्य एवं प्राकृतिक घटना आज हमारे लिए आफत का रूप बन चुकी है। यदि हमें अपने अस्तित्व को बचाना है तो हमें प्रकृति के अनुकूल रहना होगा।

## सोशल फोरम

# कैसे हुई काले धन की शुरुआत

प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू मानव में देवत्व देखने के आदी थे। वह उनके साथ के नेतागण, अर्थशास्त्री,बुद्धिजीवी सभी यह मानते थे कि भारतीय मनुष्य देवता हैं और अपने स्वार्थ की परवाह किए बिना देश के लिए सब कुछ न्यौछावर कर देंगे। इस विश्वास का सबूत उन्होंने आयकर की दरों में दिया।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

1960 तक शीर्ष धनियों और उद्योगपतियों की आमद पर आयकर की दर लगभग 88 प्रतिशत (प्रभावतः 97 प्रतिशत) थी यानी बहुत धनी लोग इतने देशभक्त माने गए थे कि अपने अर्जित 100 रुपये में 97 रुपये सरकार को देंगे और केवल 3 रुपये अपने पास रखेंगे। अहा,नेहरू जी से बड़ा समाजवादी और आदर्श नेता और कौन हो सकता है? यह देव-मानवतावादी सिलसिला 1973 तक चला। 1973-74 के बाद शिखर पर के धनियों की आय पर कर की दर प्रभावतः 77 प्रतिशत थी। मतलब कि शिखर के धनाढ्य लोग 100 में 23 रुपये अपने पास रखेंगे और 77 रुपये सरकार को दे देंगे। अहा, क्या गुलाबी दृष्टिकोण था। वर्ष 1985-87 में वीपी सिंह ने आयकर के चार स्लैब बनाए और शीर्ष स्लैब पर आयकर की दर को अधिकतम 50 प्रतिशत कर दिया। मानव को देवत्व से उतारकर मानव समझने की कोशिश शुरू हुई। सांस्कृतिक रूप से यह मानवीकरण मात्र पतन ही था।

यह माना गया कि आयकर की दर बहुत ज्यादा होने की वज़ह से टैक्स की चोरी होती है। यह दुखद है कि हमारे धनाढ्यों और उद्योगपतियों को देवदूत न समझकर 'कर-चोर' समझा गया, जो महामना पूंजीपति गांधीजी की बकरी तक को एयरकंडीशंड कमरे में रखने की उदारता दिखा सकते थे, उन्हें स्वार्थी, लोलुप, चरित्रहीन और दौलत का पुजारी कहा गया। यह भयंकर वैचारिक पतन था। धनाढ्यों के चरित्र पर शंका एक हृदयविदारक घटना थी। हाय, उन्हें स्वार्थी समझा गया। मनमोहन सिंह (1991-96) ने मानव को और नीचे गिराया और उन्हें स्वार्थी समझकर आयकर के मात्र तीन स्लैब बना दिए। आयकर की अधिकतम दर 40 प्रतिशत कर दी गई। पी. चिदंबरम और नीचे गिर गए। उन्होंने 1997-98 में आयकर की अधिकतम दर 30 प्रतिशत कर दी। अब तक हम और अधिक नीचे नहीं गए हैं।

-फेसबुक वॉल से

# क्या भारतेंदु हिंदू राष्ट्रवादी थे



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

भारतेंदु 19वीं सदी के भारत के सबसे बड़े साम्राज्यवाद-विरोधी थे। उन्होंने हंटर कमीशन की गवाही की शुरुआत अपनी इस पंक्ति से की थी, 'मैं हिंदी, संस्कृत और उर्दू कवि हूं'।

भारतेंदु हिंदू थे। वे वैष्णव थे,राधा-कृष्ण की युगल मूर्ति के उपासक थे,पर वे यह भी कहते थे,'हिंदुओं का शास्त्र पंसारी की दुकान है'। उन्होंने धार्मिक पाखंड की आलोचना की, 'हिंदू चूरन इसका नाम, विलायत पूरन इसका काम।' वे ईश्वर चंद्र विद्यासागर के मित्र थे और विधवा पुनर्विवाह के समर्थक थे। वे जाति प्रथा के विरोधी थे,'वैष्णव में हम जाति बुद्धि नहीं करेंगे।' वे विक्टोरिया की जय बोलने की रणनीति के साथ उसी कविता में यह भी कह सकते थे,'ऐसो न चाहिए आपुके राज, प्रजा जन ज्यों मछरी बिनु पानी'।

वे 19 वीं सदी के भारत के सबसे बड़े साम्राज्यवाद-विरोधी थे। उन्होंने हंटर कमीशन की गवाही की शुरुआत अपनी इस पंक्ति से की थी, 'मैं हिंदी, संस्कृत और उर्दू कवि हूं'। वे बलिया वाले भाषण में हिंदू-मुस्लिम एकता की बात कहते हैं। 'इतिहास की बात' लेख में अकबर के राज्य की प्रशंसा करते हैं। भारतेंदु के साहित्य में ऐसे विचार ज्यादा हैं,जो 19 वीं सदी के नवजागरण, उदारवाद और समावेशी भारतीय राष्ट्रीयता को ध्वनित करते हैं,लेकिन पिछली सदी के 80 और 90 के दशक में अंग्रेजी परस्त एलीट समाजवैज्ञानिकों का एक ऐसा दल उभरा,जो भारतेंदु को हिंदू राष्ट्रवादी कहने लगा। उनमें पहला नाम सुधीर चंद्र है और दूसरा वसुधा डालमिया। हिंदी में भी कुछ लेखक इसी प्रभाव में भारतेंदु को खारिज करने पर तुले हुए थे। सुधीरचंद्र की भारतेंदु की अधपढ़ता पर आधारित अधकचरी स्थापना का जवाब देने के लिए ही मैंने 1986 में 'भारतेंदु और भारतीय नवजागरण' पर एक संपादित पुस्तक निकाली, जिसमें चंद्रबली सिंह से लेकर शिव कुमार मिश्र और कुंवरपाल सिंह के भिन्न कोण से लेख थे और मेरे भी विचार थे।

वसुधा डालमिया ने तो भारतेंदु को 'हिंदू परंपराओं के राष्ट्रीयकरण' के अभियान में संकुचित कर दिया। उन्होंने अपनी पुस्तक के कवर पर भारतेंदु का जो चित्र दिया,उसमें भारतेंदु अपनी प्रेमिका मल्लिका को गोद में लेकर बैठे हुए हैं। निश्चित रूप से पुस्तक के कवर पर ऐसा चित्र देने का उद्देश्य भारतेंदु को गौरव प्रदान करना नहीं था। इस तरह वे स्त्री को भी किस संकुचित नजरिए से देख रही थीं,कहना न होगा। भारतेंदु पर आक्रमण का यह सिलसिला प्रसाद और निराला तक जारी था,मानों वे सभी निरर्थक हैं और हिंदी के महान साहित्यकार अब जाकर इन आक्रमणकारियों के रूप में धरती पर अवतरित हुए हों।

मुख्य बात है, बीसवीं सदी के आखिरी दशक में भारत की समावेशी साहित्यिक परंपराओं का अंधकार अपने चरम पर था और देश की सांप्रदायिक शक्तियों को बढ़ाने में ऐसे अंधबुद्धिवादियों के लेखन का एक प्रमुख योगदान है। इन्होंने एक बड़े मानवीय और सेकुलर आंदोलन को एकदम कोने में कर दिया और खुद भी अकेले तथा विच्छिन हो गए।

आज पिछली गलतियों से सीखकर अंधबुद्धिवाद को त्यागने और समावेशी आलोचनात्मकता को अपनाने की जरूरत है। 19 वीं सदी ने हमें 'क्रिटिकल थिंकिंग' के लिए फिर से प्रेरित किया,हमें इतना तो उसका आभार मानना ही चाहिए।

# बैंक जमाराशियों में गिरावट चिंतनीय

देश के प्रमुख वित्तीय अखबारों ने सार्वजनिक बैंकों में जमा राशियों में वृद्धि की गिरावट की खबर को प्रमुखता से छापा है। फिक्की आईबीए बैंकिंग सम्मेलन में भारतीय बैंक संघ के के अध्यक्ष श्री एमवी राव ने इस बात पर प्रकाश डाला कि म्युचल फंड उच्च रिटर्न प्रदान कर रहे हैं,क्योंकि वो बैंकों के समान विनियामक प्रतिबंधों के अधीन नहीं है। इससे निवेशकों की प्राथमिकताओं में बदलाव आया है, जिससे बैंकों के लिए जमा जुटाने में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखना मुश्किल हो गया है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

23 अगस्त की समाप्त समीक्षाधीन पखवाड़े में सभी अनुसूचित बैंकों की जमा वृद्धि में गिरावट देखी गई है। बैंकिंग एक विशेष व्यवसाय होने से स्थाई ग्राहक संबंध से पनपता है। खासकर उस मद में जहां ग्राहक अपने जीवनभर की कमाई किसी भरोसे पर छोड़ देता हो,जमाकर्ताओं के बीच आमने-सामने की बातचीत की आवश्यकता होती है, जो प्रौद्योगिकी के माध्यम से फेसलेस होकर नहीं हो सकती। आमतौर पर जमा डेस्क पर अधिकांशतः क्लर्क होते हैं,जो सीधे संवाद स्थापित करते हैं। इनकी संख्या कम होने से जमा संग्रहण में और संबद्ध सेवाओं में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

एक और प्रमुख कारण जो लो कास्ट जमाओं को लेकर बताया गया है कि 2011 से बचत खातों में विनियमन होने से अलग-अलगबैंकों की बचत खातों की ब्याज दरें अलग-अलग है। इस विनियमन को वापस लेने और भारतीय रिजर्व बैंक को दर तय करने की जरूरत है। बचत खातों पर जुर्माना, खासकर न्यूनतम शेष राशि के नियम का पालन न करने के कारण होता है। वो ग्राहक को अनुशासित करने की बजाय बैंकों में गैर ब्याज आय बढ़ाने के उद्देश्य से लगाया जा रहा है,उसे भी कम करने की जरूरत है। इस गिरावट पर इंडियन बैंक एसोसिएशन और भारतीय रिजर्व बैंक को ध्यान देने और तुरंत ठोस उपाय करने की जरूरत है।

## एक नजर

### बस की टक्कर से टेंपो सवार पांच घायल

एटा, अमृत विचार : बस ने टेंपो में टक्कर मार दी। इस हादसे में टेंपो चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों को अस्तपाल में भर्ती कराया है। सोमवार की दोपहर को सवारी भर टेंपो जा रहा था। बस ने टक्कर मार दी। इस हादसे में टेंपो में सवार चालक दिवाकर सिंह, मीरा पत्नी सियाराम व अजय पुत्र पकज, खान मीरापुर फर्रुखाबाद के गणेशपुर निवासी राज्यपाल पुत्र महाराज सिंह और थाना अलीगंज के अमरोली रतनपुर निवासी शबनम पत्नी केशराम घायल हो गई।

### फंदा लगाकर युवक ने दी जान

एटा, अमृत विचार :पत्नी से चल रहे विवाद के बाद युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना निधौली कलां क्षेत्र के गांव शहबाजपुर निवासी मुकेश (40) पुत्र ओमवाल का पत्नी से विवाद चल रहा है। वह करीब डेढ़ वर्ष से मायके में रह रही है। रविवार की देरशाम को वह खेत पर गया था वहीं पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। सोमवार की सुबह मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम लिए भेजा है।

### पंखे में करंट आने से ग्रामीण की मौत

एटा, अमृत विचार : सराय अगहत में फर्राटा पंखा में करंट आने से अधेड़ की मौत हो गई। थाना नया गांव क्षेत्र गांव सराय अगहत निवासी नाहर सिंह (55) पुत्र छोटे सिंह कुशवाह कमरे में सोने के लिए गए थे। उन्होंने पंखा लगाने के लिए जैसे ही बटन दबाया वैसे ही करंट की चपेट में आ गए। जानकारी मिलने पर परिवार के लोग पहुंच गए। जब तक उन्हें कहीं ले जा पाते कि तब तक उसकी मौत हो गई।

### डांस प्रतियोगिता में अना प्रथम, नियति रही द्वितीय

जलेसर, अमृत विचार : महाकाल सेवा समिति के तत्वाधान में चिंता हरण महादेव मंदिर पर चल रहे गणेश महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 5 वर्ष से 10 वर्ष तक के बच्चों की डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अना गुप्ता ने प्राप्त किया। समिति के अध्यक्ष संजीव वाष्णेय ने बताया कि 5 वर्ष से 10 वर्ष तक के बच्चों की सुधार रानी गुप्ता, पूजा राजपूत वैशाली वाष्णेय ने अना गुप्ता को प्रथम, नियति को द्वितीय व पहलवान को तृतीय स्थान दिया ।विजई कपिल देव वाष्णेय गौरव वाष्णेय हिमांशु गुप्ता अरुण सराफ देबू वाष्णेय दीपक वाष्णेय सुमित वाष्णेय रवि कुमार संदीप वाष्णेय योगेश गोस्वामी आदि प्रमुख थे।

# नहीं थम रहा वायरल फीवर का प्रकोप, उमड़ रहे मरीज

## जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर से लेकर लैब के बाहर लगी रहती हैं मरीजों की कतारें

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचारः मौसम में उतार चढाव के चलते जिला अस्पताल में वायरल फीवर के मरीजों की भरमार है। पर्चा काउंटर से लेकर पैथोलॉजी लैब तक मरीजों की कतारें लगी हुई है। अस्पताल में हर दिन पांच से सात हजार पैरासिटामाल की गोली की खपत हो रही है।

जिला अस्पताल के आकड़ों पर गौर करें तो सोमवार को कुल 1604 नए मरीजों ने चिकित्सकों को ओपीडी में दिखाने के लिए पंजीकरण कराया था। जबकि 541 पुराने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

इनमें 443 लोग वायरल से पीड़ित मिले। सांस के 372 मरीज मिले। खांसी जुकाम के 100, लूज मोशन के 122 व डिहाइड्रेशन के 15 मरीज मिले। स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए सुबह नौ बजे से बड़ी संख्या में लोग जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं जहां पर लोगों को पंजीकरण काउंटर पर लंबी कतार लगने से लोगों को पर्ची कटाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर अस्पताल से जांच व दवा वितरित कराई।



पैथोलॉजी के बाहर जांच कराने के लिए कतार में खड़े मरीज। ● अमृत विचार



चिकित्सक कक्ष में मरीजों को देखते डॉ. आमिर। ● अमृत विचार

### ये बोल चिकित्सक

डा. कर्मवीर सिंह ने बताया कि बारिश से मौसम ठंडा हो जाता है और धूप खिलने पर गर्मी का एहसास होता है। साथ ही बारिश में पीने का पानी दूषित होने की संभावना अधिक रहती है। मौसम में हो रहे उतार चढ़ाव का असर लोगों की सेहत पर देखने को मिल रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं ।प्रतिदिन बड़ी संख्या में बुखार, उल्टी-दस्त व अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज इलाज कराने पहुंच रहे है। बारिश के समय कम बोर वाले हैंडपंप का पानी उबाल कर उसे ठंडा करने के बाद पीने की सलाह दी। चिकित्सक डा .आमिर ने कहा कि बदलते मौसम में सभी लोग सावधानी बरते। दूषित जल व भोजन करने से बचे।

> मौमस में बदलाव के चलते वायरल फीवर और सांस, डायरिया के मरीजों में इजाफा हो रहा है। दवाएं पर्याप्त मात्र में हैं। सभी को दवाएं दी जा रही हैं।
> -डा .संजीव सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक



जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों की कतारें। ● अमृत विचार

### पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है दवा

गर्मी को देखते हुए अस्पताल में दवाओं का भंडारण पर्याप्त मात्रा में कर लिया गया है। वर्तमान में एक लाख 5 हजार पैरासिटामाल की गोली, खांसी-जुकाम, डायरिया, पेटदर्द व अन्य बीमारियों की दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सभी को अस्पताल से निशुल्क जांच की सुविधा व दवा वितरित कराई जा रही है।

## सार संक्षेप

### दिनदहाड़े हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

एटा, अमृत विचार : दिन दहाड़े युवक की हत्या करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार बरामद किया गया है। सीओ सदर अमित राय ने बताया कि विजय शंकर उर्फ गिरजाशंकर उर्फ टीटू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछतांछ की गई तो उसने हत्या करना स्वीकार किया। हत्या का बदला लेने के लिए विवेक को मार दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिशें दे है। हत्या में प्रयुक्त् धारदार हथियार भी बरामद किया है।

### स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने पर किया सम्मानित

एटा, अमृत विचार : जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल पर मोहल्ला कैलाशगंज निवासी अनुज कुमार शर्मा ने शस्त्र लाईसेंस निरस्त कराया ।जिलाधिकारीने अनुज को कार्यालय में बुलाकर प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि स्वेच्छा से शस्त्र लाईसेंस निरस्त कराने वाले व्यक्तियों के नाम वर्षों तक जिलाधिकारी कार्यालय में लगे बोर्ड पर देखने को मिलेंगे। एडीएम वित्त एवं राजस्व लालता प्रसाद शाक्य, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश रहे।

### समीक्षा हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक 12 को

एटा, अमृत विचार : अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) सत्यप्रकाश ने सूचित किया है कि जिला स्तरीय समिति के सदस्य व संयोजक के रूप में समिति का गठन किया गया है। समिति के कार्यों की समीक्षा हेतु 12 सितम्बर को अपरान्ह 04 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में एक आवश्यक बैठक आहूत की जायेगी।

### भाकियू भानु की राष्ट्रीय महापंचायत लखनऊ में कल

जलेसर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह के आवाहन पर राष्ट्रीय इकाई के तत्वाधान में महापंचायत का आयोजन लखनऊ के पीजी आई मैदान में 11 सितंबर को प्रात: 10 बजे आयोजित होगी। जिला अध्यक्ष पंकज ठाकुर ने समस्त कार्यकर्ताओं पदाधिकारी से आवाहन किया है कि वे समय से लखनऊ पहुंचे।

### जीआरपी थाने के समीप मिला वृद्ध का शव

कासगंज, अमृत विचार : रविवार की सुबह जीआरपी थाने के समीप वृद्ध का शव पड़ा मिला है। कोतवाली पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए। शव की शिनाख्त संतोष पुत्र लालाराम कश्यप निवासी चित्रगुप्त कॉलोनी पुलिया नंबर पांच के रूप में हुई। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह कैंसर से पीडित थे ।कोतवाल लोकेश भाटी ने बताया कि शव की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# 15 लाख की रिश्वत मांगने वाला लेखपाल सस्पेंड

संवाददाता,जलेसर

- जमीन के मामले को रफा-दफा करने का ऑडियो आया था सामने, डीएम ने की कार्रवाई
- पीड़ित को दी थी रुपये नहीं देने पर केस दर्ज करा भू-माफिया एक्ट के तहत कार्रवाई की धमकी

अमृत विचारः जनपद के जलेसर तहसील में तैनात लेखपाल मुकेश कुमार पर जमीन के मामले को रफा-दफा करने के लिए 15 लाख रुपये रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगा है। जिला अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने लेखपाल को निलंबित कर दिया है। मामले का ऑडियो वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गई।

जलेसर तहसील में तैनात लेखपाल मुकेश कुमार को 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगना भारी पड़ गया। जिला अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने रिश्वत के गंभीर आरोपों के बाद लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। लेखपाल मुकेश कुमार ने नगला गंगा निवासी किसान भगवान दास से उनकी 5 बीघा जमीन के मामले को रफा-दफा करने के लिए 15 लाख रुपये की मांग की थी। ऑडियो वायरल होने के बाद यह मामला तूल पकड़ गया। ऑडियो में लेखपाल भगवान दास को धमकी देते हुए कह रहा है कि यदि पैसा नहीं दिया तो एफआईआर दर्ज कराकर एंटी भू-माफिया एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित भगवान दास ने बताया कि उनकी जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। फिर भी लेखपाल ने दबाव बनाते हुए 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी। एसडीएम को शिकायती पत्र देकर लेखपाल की हरकतों की जानकारी दी और उसके द्वारा भेजे गए नोटिस को वापस कराने की मांग की है। ऑडियो के वायरल होने के बाद प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया और लेखपाल को निलंबित कर दिया। अब इस मामले की गहन जांच की जा रही है।

## महिला आयोग सदस्य रेनू गौड़ को सम्मान



महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ को प्रतीक चिन्ह देते लोग।

कासगंज,अमृत विचारः उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ का सोमवार को ब्राह्मण समाज के युवाओं ने जय जय राम मोहल्ला स्थित उनके आवास पर प्रतीक चिन्ह देकर एवं फूल माला और पटका पहनाकर सम्मानित किया।

रेनू गौड़ ने भरोसा दिलाया कि महिलाओं पर किसी भी प्रकार का उत्पीड़न सहन नहीं किया जायेगा। जहां भी महिलाओं के सम्मान को कोई ठेस पहुंचाई जाएगी उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।युवा जिला अध्यक्ष अमित उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य पंकज मिश्रा, प्रदीप शर्मा,राजीव शुक्ला रहे।

# जंगल में घुसे बड़ी संख्या में ग्रामीण और उठा लाए शव

पीलीभीत कार्यालय

- एसडीएम-सीओ समेत वन अफसर मौके पर पहुंचे, काफी देर तक मान-मनौव्वल के बाद माने ग्रामीण

अमृत विचारः कलीनगर तहसील क्षेत्र में पीटीआर की माला रेंज से सटे धान के खेत की रखवाली कर रहे बुजुर्ग को बाघ मजदूर को खींचकर जंगल में ले गया और निवाला बना डाला। ग्रामीणों की भीड़ जंगल में जा घुसी और कुछ देर बाद ही मजदूर के शव को उठाकर बाहर ले आई। गुस्साए ग्रामीणों ने पीलीभीत-माधोटांडा पर ट्रैक्टर-ट्राली खड़ा कर और शव रोड पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही प्रशासनिक एवं वन अफसर मौके पर पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीण हमलावर बाघ को पकड़ने की मांग पर अड़ गए। काफी देर तक चली वार्ता के बाद वन अफसरों द्वारा बाघ को जल्द पकड़ने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने करीब दो घंटे बाद जाम खोला।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा निवासी केदारी लाल (60) पिछले कुछ दिनों से सिख फार्मर बलदेव सिंह के धान के खेत की रखवाली करते आ रहे हैं। बलदेव सिंह का खेत माला रेंज से की जंगल सीमा से सटा हुआ है। रोजाना की तरह केदारी लाल सोमवार सुबह खाना खाकर घर से खेत की रखवाली करने के लिए निकले थे। खेत पर पहुंचने के कुछ देर बाद केदारी लाल पड़ोस के खेत में रखवाली कर रहे गांव ढकिया निवासी उधम सिंह से मिलने पहुंचे। ग्रामीणों के मुताबिक करीब 10 बजे के आसपास एक बाघ जंगल के भीतर से निकला और उसने केदारी लाल पर हमला कर दिया। बाघ मजदूर को खींचकर जंगल में ले गया। कुछ ही दूरी पर मौजूद उधम सिंह ने घटना की जानकारी गांव वालों को दीं। बाघ हमले में ग्रामीण की मौत की खबर सुनकर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। आनन-फानन में तमाम ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार होकर मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को जब इस बात की जानकारी हुई कि बाघ केदारी लाल के शव को जंगल में उठाकर ले गया, तो ग्रामीणों ने साहस बटोरते जंगल के भीतर जाकर शोर-शराबा करते हुए मजदूर की तलाश शुरू कर दी। तलाशी के दौरान ग्रामीणों को केदारी लाल का अधखाया शव जंगल में कुछ दूरी पर पड़ा दिखाई दिया। भीड़ शव को उठाकर बाहर ले आई। इस बीच रेंज के वनकर्मियों की टीम भी मौके पर पहुंच गई। टीम से देरी से पहुंचने पर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और शव को उठाकर पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग पर ले आए। पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गया। यहां ग्रामीणों ने अपरान्ह करीब 11.30 बजे शव को मार्ग पर रखकर एक ट्रैक्टर-ट्राली की मदद से जाम लगा दिया। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की कतार लगने लगी। पूरे मार्ग पर ग्रामीणों की भीड़ ही भीड़ नजर आ रही थी।

> माला रेंज की भैरों बीट के कंपार्टमेंट 124 में ग्रामीण का शव मिला है। ग्रामीण गश्ती दल द्वारा सचेत करने के बाद भी जंगल में गया था। बाघ को पकड़ने के लिए घटनास्थल के पास ही पिंजरा लगाया गया है। बाघ को पकड़ने के लिए उच्च स्तर से अनुमति मांगी गई है। टीमों को निगरानी के लिए लगाया गया है। - मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

### मुआवजा नहीं चाहिए, पहले बाघ को पकड़ो

ग्रामीण की मौत पर अफसरों ने मुआवजा दिलाने की बात कहीं तो ग्रामीण भड़क उठे। ग्रामीणों का कहना था कि हमें मुआवजा नहीं चाहिए, बाघ को तुरंत पकड़ा जाए। करीब 12 .40 बजे पीटीआर के उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान, सामाजिक वानिकी प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी श्रीवास्तव, प्रशिक्षु आईएफएस भरत कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को बाघ की लगातार मॉनिटरिंग होने की बात भी कही, लेकिन ग्रामीण नहीं माने।

### आश्वासन मिलने पर दो घंटे बाद खुला जाम

जाम के चलते मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। भीड़ धीरे-धीरे बेकाबू होती नजर आ रही थी। स्थिति को देखते ही हुए आसपास से पुलिस फोर्स बुला लिया गया। उच्चाधिकारियों से वार्ता करने के बाद मौजूद अफसरों ने ग्रामीणों को बताया कि बाघ को पकड़ने के लिए शासन से अनुमति मांगी जा रही है। अनुमति मिलने के बाद बाघ का जल्द ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा जाएगा। अफसरों के मिले आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने करीब दो घंटे बाद जाम खोल दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

# निबंध प्रतियोगिता में वीनेश और पोस्टर में हर्षित प्रथम

संवाददाता,एटा

- नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

अमृत विचारः नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सोमवार को पोस्टर प्रतियोगिता व एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन श्री गांधी स्मारक इण्टर कालेज एटा में किया गया। बढ़ चढ़कर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

जिला मद्य निषेध अधिकारी एटा भूपेश कुमार ने बताया कि नशे के कारण बहुत सारी सड़क दुर्घटनायें होती हैं एवं पारिवारिक शान्ति भंग हो जाती है। इसके अलावा महिलाओं के प्रति दुर्व्यवहार बढ़ जाते है , बच्चों का भविष्य खराब होता है। इसलिए नशे को जड़ से खत्म किया जाना आवश्यक है। युवाओं को नशे की लत को छोड़ना होगा। निबन्ध प्रतियोगिता में वीनेश कुमार ने प्रथम स्थान, शशांक सिंह ने द्वितीय, लोकेन्द्र वर्मा ने तृतीय और अनुराग ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में हर्षित कुमार ने प्रथम, विशाल ने द्वितीय, आरुष ने तृतीय व यशदेव ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित किए गये। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा न करने के लिए शपथ भी दिलायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य चन्द्रजीत राव, संयोजक व संचालक ब्रजेश कुमार एवं निर्णायक मण्डल में नरेन्द्र, डॉ. अरविन्द, सुभाष चन्द्र उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने किया कान्हा गोशाला का निरीक्षण

जलेसर, अमृत विचारः नगर पालिका द्वारा संचालित कान्हा गोशाला में निरंतर गोवंश की हो रही मौत एवं अव्यवस्था की शिकायतों को दृष्टि गत उप जिलाधिकारी विपिन कुमार नोरंग ने पालिका प्रशासन के अधिकारियों के साथ गोशाला का औचक निरीक्षण किया। गोशाला में व्याप्त कमियों को दूर करने के निर्देश के साथ-साथ चेतावनी दी कि कमियों को दूर किया जाए, अन्यथा कडी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

गोशाला में भीषण गंदगी है, गंदगी हटवाकर तत्काल इसमें ईटों का खड़ंजा लगाया जाए गोवंश के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था ठेकेदार करें। गौशाला में इंचार्ज की व्यवस्था देख रहे महेश चंद्र को हटाकर रूप किशोर को जिम्मेदारी सौंपी गई। शहर लेखपाल सौरभ चौहान, सफाई निरीक्षक महेश चंद्र एवं पालिका के कर्मचारी मौजूद थे।

# स्कूल प्रबंधन पर धार्मिक भेदभाव का आरोप, अभाविप का हंगामा

संवाददाता, बिलारी( मुरादाबाद)

- कलावा, माथे पर तिलक लगाने से रोकने व शुक्रवार को मुस्लिम बच्चों की छुट्टी जल्दी करने का आरोप

अमृत विचार : रुस्तम नगर सहसपुर स्थित डी पॉल स्कूल के बाहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी एवं छात्र नेताओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने स्कूल प्रबंधक व प्रधानाचार्य पर छात्रों से धार्मिक भेदभाव करने का आरोप लगाया।

सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता डी पॉल स्कूल पहुंचे। उन्होंने नारेबाजी करते हुए स्कूल प्रबंधक व प्रधानाचार्य पर आरोप लगाए कि प्रार्थना सभा में सरस्वती वंदना नहीं की जाती है और न ही भारत माता की तस्वीर लगाई जाती है। मुस्लिम छात्राओं को मांस का सेवन करने से मना नहीं किया। जबकि हिंदू छात्रों को कलावा बांधने व तिलक लगाने पर रोक लगाई गई है। शुक्रवार को मुस्लिम बच्चों की छुट्टी जल्दी कर दी जाती है। हंगामे की सूचना पर पहुंचे एसडीएम बिलारी विनय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस संबंध में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो अभाविप बड़ा आंदोलन करेगी। उधर स्कूल प्रबंधक एवं प्रिंसिपल का कहना था कि प्रिंसिपल ऑफिस में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, भारत माता व अन्य महापुरुषों की तस्वीर लगी हैं। उन्होंने आरोपों को बेबुनियाद बताया। वहीं एसडीएम ने कहा कि स्कूल प्रबंधक फादर सीनू और प्रिंसिपल सिस्टर सिंधु से बात की जाएगी।

# बीएसएनएल:लगेंगे 4 जी के 493 नए टॉवर

बरेली कार्यालय

- 4जी के 424 टॉवर से पहले से कर रहे हैं काम
- 2जी और 3जी टॉवर भी किए जा रहे हैं अपग्रेड
- निजी कंपनियों के रिचार्ज महंगे होने पर पांव बढ़ा रही बीएसएनएल

अमृत विचार : बीएसएनएल ने अपने उपभोक्ताओं को बेहतर कनेक्टिविटी और तेज इंटरनेट स्पीड की सुविधा देने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 493 नए 4 जी टावर लगाने का फैसला लिया है। अधिकारियों के मुताबिक नए टॉवर लगाने का काम शुरू हो गया है।

जल्द से जल्द इसे पूरा कराने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा 2जी और 3जी टॉवरों को भी तेजी से 4जी में बदला जा रहा है। निजी कंपनियों के रिचार्ज महंगे होने के बाद बीएसएनएल ने एक बार फिर अपने पैर जमाने की कोशिश शुरू कर दी है। लोगों का रुझान भी तेजी से बीएसएनएल की तरफ बढ़ा है। 3 जुलाई को निजी कंपनियों का डाटा प्लान 20 प्रतिशत तक महंगा होने के बाद से लोग बीएसएनएल के नए सिम खरीदने के साथ नंबर बीएसएनएल में पोर्ट करा रहे हैं। करीब दो महीने में ही बीएसएनएल के बरेली वाणिज्य क्षेत्र में इसके चलते एक लाख से ज्यादा उपभोक्ता बढ़ गए हैं।

बीएसएनएल अधिकारियों ने मौके का फायदा उठाते हुए अपनी 4 जी सेवा को सुदढ़ करने का काम शुरू कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक वर्तमान में बरेली वाणिज्य क्षेत्र बरेली में बीएसएनएल के 4 जी के 424 टॉवर काम कर रहे है। इनकी संख्या लगातार बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। तेज इंटरनेट स्पीड और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 493 नए 4 जी टॉवर लगने शुरू हो गए हैं। 2जी के 674 और 3जी के 362 टॉवरों को भी 4 जी में बदला जा रहा है।

> बीएसएनएल के उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ रही है। इसी के मद्देनजर लगातार 4जी के नए टॉवर लगाने का काम कराया जा रहा है ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर इंटरनेट की सुविधा मिल सके।
> - पंकज पोरवाल, महाप्रबंधक बीएसएनएल

# परिवार से दूरी: उठ रहे आत्महत्या जैसे खतरनाक विचार

विश्व आत्महत्या दिवस

बरेली कार्यालय

- जिला अस्पताल के मन कक्ष में रोजाना आठ से 10 मरीज इस तरह के पहुंच रहे
- चार साल में 778 मरीजों ने बनाया आत्महत्या का मन, इनमें सबसे अधिक युवा



अमृत विचारः सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताने की वजह से लोग परिवार से दूर हो रहे हैं। आपसी रिश्तों में दूरी मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रही है।

वहीं नशा करने से भी मानसिक स्वास्थ्य खराब हो रहा है। ऐसे में परेशान युवा आत्महत्या जैसा खतरनाक कदम उठाने की सोचने लगते हैं। जिला अस्पताल स्थित मन कक्ष में इस तरह के रोजाना आठ से 10 मामले पहुंच रहे हैं। मन कक्ष प्रभारी डॉ. आशीष के अनुसार वर्ष 2020 से 2024 के अगस्त तक 778 ऐसे मामले पंजीकृत किए गए हैं।

जिनमें किसी न किसी कारण से मरीजों के मन में आत्महत्या की कोशिश करने की बात आई। ऐसे लोगों को काउंसिलिंग और इलाज देकर उनकी मनोदशा को सुधारा गया। इन मरीजों में 15 से 35 वर्ष तक के मरीजों की संख्या अधिक है।

### ये हैं प्रमुख कारण

डॉ. आशीष के अनुसार मन में आत्महत्या जैसे अपराध का विचार आना गंभीर बात है। मरीजों की काउंसिलिंग के दौरान कुछ प्रमुख कारण सामने आए हैं जिनमें पारिवारिक कलह, नशा, अवसाद समेत अन्य हैं। इसलिए जरूरी है कि काम की व्यस्तता के बीच परिवार के लोगों के लिए भी समय निकाल कर आपसी संवाद को बढ़ाएं। वहीं अगर घर कोई सदस्य अकेला रह रहा है, किसी से बात नहीं करता है और छोटी-छोटी बात पर चिढ़ रहा है तो इसको नकारे नहीं बल्कि तुरंत मनोरोग विशेषज्ञ से सलाह लें।

## रोजगार मेले का आयोजन कल

एटा, अमृत विचार : जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 11 सितम्बर को जिला सेवायोजन कार्यालय जिला पंचायत परिसर, एटा में पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इसमें प्रतिष्ठित कम्पनियां 18 से 35 वर्ष तक की आयु के हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण पुरुष व महिला अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर रोजगार हेतु चयन करेंगी। रोजगार मेले में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल एवं एनसीएस पोर्टल पर कराकर अपनी शैक्षिक योग्यता आयुवर्ग के अनुसार पोर्टल पर प्रदर्शित कम्पनियों में ऑनलाइन आवेदन अवश्य करें

# युवक की हत्या में पत्नी, प्रेमी और रिश्तेदार को उम्रकैद

मुरादाबाद कार्यालय

अमृत विचारः थाना मूंढापांडे के हुसैनपुर गांव में मंजू ने अपने पति सुखपाल के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला की तहरीर पर थाने में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई। सुखपाल का शव जंगल में मिला है। शव को कुएं में फेंक उस पर यूकेलिप्टस की टहनियां डालकर छिपाने की कोशिश भी की गई।

इस मामले की सुनवाई एडीजे योगेन्द्र चौहान की अदालत में हुई। एडीजीसी दिनेश कुमार कश्यप ने बताया कि कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस को पता चला कि मंजू के कटघर के गोविंदनगर निवासी राज कुमार से संबंध हैं। इस पर पति-पत्नी में विवाद था। बाधक बने सुखपाल को हटाने की योजना बना ली जिसमें महिला का ननदोई राजीव भी शामिल हो गया। एडीजीसी के अनुसार इस मामले में नौ गवाह पेश हुए।

सुनवाई के बाद तीनों को दोषी मानते हुए कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए आरोपियों पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## धूमधाम से निकाली दाऊजी महाराज की शोभायात्रा

अवागढ़, अमृत विचार : वाष्णेय समाज द्वारा सोमवार को किला रोड स्थित मंदिर श्री दाऊजी महाराज से दाऊजी महाराज की 79 वीं रथयात्रा पूरे नगर में आकर्षक झांकियों एवं बैंड बाजों के साथ निकाली। नगर में प्रभात फेरी निकाली गई ।मंदिर में महंत विश्वदीप उपाध्याय द्वारा हवन यज्ञ विधि विधान से कराया गया। दोपहर बाद दाऊजी महाराज की रथ यात्रा पूरे नगर में निकाली गई। धर्म प्रेमियों द्वारा जगह-जगह दाऊजी महाराज की पुष्प वर्षा कर आरती उतार कर खुशहाली की कामना की। डॉ, संजीव वार्ष्णेय, बंटी, यतेंद्र वार्ष्णेय, राजीव वार्ष्णेय, शिवम वार्ष्णेय, राजा, रानू, विष्णु साईं, गणेश वार्ष्णेय, प्रतीक, अतुल, सौरभ, तनु, शिखर, कृष्णा, निखिल आदि थे।

## एक नजर

### उर्स की वजह से ट्रेनों का रुड़की स्टेशन पर दिया जाएगा ठहराव

**बरेली।** कलियर में साबिर पाक के उर्स में जाने वाले जायरीन को भी रेलवे प्रशासन ने राहत दी गई है। रेलवे की तरफ से 24 सितंबर तक कई ट्रेनों का ठहराव रुड़की स्टेशन पर देने का फैसला लिया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि 14617 पूर्णिया कोर्ट- अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस, 15211 दरभंगा- अमृतसर जननायक एक्सप्रेस, 15531 सहरसा- अमृतसर जनसाधारण एक्सप्रेस, 12237 वाराणसी- जम्मूतवी एक्सप्रेस, 12358 अमृतसर- कोलकाता सुपरफास्ट और 12492 जम्मूतवी- बरौनी एक्सप्रेस समेत 18 ट्रेनों को रुड़की स्टेशन पर उर्स की वजह से ठहराव दिया जाएगा।

### दिल्ली-दरभंगा गाड़ी का संचालन 25 अक्टूबर से

**बरेली।** दिल्ली-दरभंगा-दिल्ली वाया गोरखपुर त्योहार स्पेशल गाड़ी का संचालन दिल्ली से 25, 29 अक्टूबर और 1, 5, 8, 12, 15 नवंबर को प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को दरभंगा से 26, 30 अक्टूबर और 2, 6, 9, 13, 16 नवंबर को प्रत्येक बुधवार और शनिवार को सात फेरों के लिए किया जाएगा। 04068 दिल्ली-दरभंगा त्योहार स्पेशल दिल्ली से 19 .30 बजे चलकर मुरादाबाद 22 .38 बजे, दूसरे दिन बरेली 00 .03 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04067 दरभंगा-दिल्ली त्योहार स्पेशल दरभंगा से 18 .00 बजे चलकर लखनऊ से 08 .05 बजे, बरेली 11 .35 बजे, मुरादाबाद 13 .35 और दिल्ली 16 .35 बजे पहुंचेगी।

### एलएलबी के प्रवेश पूरे, जल्द लगेंगी कक्षाएं

**बरेली।** बरेली कॉलेज में एलएलबी की प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो गई। जल्द की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। वहीं परास्नातक की प्रवेश प्रक्रिया भी जल्द से जल्द पूरी की जाएगी। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि एलएलबी की सभी 320 सीटों पर प्रवेश हो गया है। करीब एक हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया था। इसके लिए चार मेरिट जारी की गई थीं। जल्द ही परास्नातक की प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। एमए-एमएससी के कई पाठ्यक्रमों की दो और तीन मेरिट जारी हो चुकी हैं।

---

**चार महीने में 20 से 50 प्रतिशत तक बढ़ीं दवाओं की कीमतें, थमने में नहीं आ रहा सिलसिला**

# डायबिटीज को काबू में रखना हुआ और भी महंगा

शब्या सिंह तोमर, बरेली

- दवा कारोबारियों का आरोप, कंपनियां मनमाने ढंग से बढ़ा रहीं दाम
- सर्वाधिक बिकने वाली मेटामार्फिन साल्ट वाली दवाएं हुईं सबसे महंगी

**अमृत विचार :** बीमारियों पर दवाओं के खर्च ने लोगों की कमर तोड़ दी है। अब डायबिटीज को काबू में रखना और महंगा हो गया है। पिछले चार महीनों में डायबिटीज की दवाओं की कीमत लगातार बढ़ रही है और अब तक 20 से 50 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं। कीमतों में वृद्धि का यह सिलसिला अब भी रुकने में नहीं आया है।

जिले में मेडिकल स्टोरों पर अलग-अलग कंपनियों की डायबिटीज की 70 से 80 दवाएं आती हैं। ये कंपनियां लगातार अपनी दवाओं के दाम बढ़ा रही हैं। मेटामार्फिन साल्ट की दवाओं का डायबिटीज रोगी सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। पिछले चार महीनों में इस साल्ट की अलग-अलग कंपनियों की दवाओं की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है।

शास्त्री मार्केट के एक दवा कारोबारी के मुताबिक मेटामार्फिन साल्ट की एक कंपनी की 10 गोली कुछ समय पहले तक 90 रुपये की थीं जो अब 110 की हो गई है। एक और कंपनी की इन्हीं गोलियों का पत्ता सौ रुपये का था, अब कंपनी ने उसका दाम बढ़ाकर 119 रुपये कर दिया है। एक कंपनी की एक गोली दो रुपये की आती थी जो साढ़े तीन रुपये की हो गई है। दस गोलियों का पत्ता अब 20 रुपये के बजाय 35 रुपये में आ रहा है। इसी तरह तमाम और कंपनियों की दवाएं हैं, जिनके रेट मन मुताबिक बढ़ा दिए गए हैं।

> युवाडायबिटीज की दवाओं के दाम में 20 प्रतिशत तक उछाल आया है। सरकार को कंपनियों के मनमाने ढंग से दवाओं के रेट बढ़ाने से रोकना चाहिए ताकि ये दवाएं गरीब लोगों के लिए भी उपलब्ध रहें।
> **- विजय अग्रवाल**, अध्यक्ष बरेली रिटेल केमिस्ट वेलफेयर सोसाइटी

### इंसुलिन इंजेक्शन की कीमतों में आया और ज्यादा उछाल

टाइप-1 डायबिटीज के मरीजों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले इंसुलिन इंजेक्शन की भी कीमतें बढ़ी हैं। इसमें दवाओं से भी ज्यादा बड़ा उछाल आया है। शास्त्रीनगर में एक मेडिकल स्टोर के मालिक रविंद्र के मुताबिक शहर के मेडिकल स्टोरों पर जो इंजेक्शन सबसे ज्यादा बिकता है, उसकी कीमत चार महीने पहले तक चार सौ रुपये थी जो अब बढ़ाकर 469 रुपये कर दी गई है। एक दूसरे इंजेक्शन की कीमत 650 रुपये थी जो अब करीब-करीब 933 रुपये की डेढ़ गुनी कीमत का हो गया है।

---

# होमगार्डों के लिए बनेगी फायरिंग रेंज और परेड ग्राउंड

बरेली कार्यालय

- बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के भी सैकड़ों होमगार्डों को मिलेगा लाभ
- मंडलीय प्रशिक्षण होमगार्ड का प्रशासनिक भवन भी बनेगा, नवदिया में देखी भूमि

**अमृत विचार:** होमगार्डों को अब ट्रेनिंग के दौरान शस्त्र चलाना सीखने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। बरेली में ही मंडलीय होमगार्ड प्रशिक्षण का प्रशासनिक भवन बनेगा, जिसमें फायरिंग रेंज के साथ परेड ग्राउंड भी होगा। होमगार्डों के रहने के लिए छात्रावास का भी निर्माण होगा।

फायरिंग रेंज बनने से बरेली के साथ बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जिलों के सैकड़ों होमगार्डों को लाभ मिलेगा। प्रशासनिक भवन का निर्माण कराने के लिए जिला प्रशासन से भूमि की मांग की गई है। नवदिया हरकिशन क्षेत्र में भूमि देखी गई है लेकिन यह नवीन परती की भूमि होने की वजह से पेच फंसा है। पिछले दिनों मंडलीय कार्यालय से जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मंडलीय प्रशिक्षक होमगाड्र्स के प्रशासनिक भवन के साथ छात्रावास, फायरिंग रेंज, परेड ग्राउंड, एमटी और फायरिंग रेंज के लिए निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराने की मांग की थी।

अब मंडलीय कमांडेंट संदीप कुमार सिंह ने फिर उप जिलाधिकारी सदर को पत्र लिखकर याद दिलाया है कि अब तक भूमि का आवंटन नहीं हुआ है। उन्होंने ग्राम नवदिया हरकिशन में गाटा नंबर 40, 41, 42, 44 की नवीन परती/नजूल की करीब 15 बीघा भूमि का जिक्र करते हुए उसके कागजात भी भेजे हैं। कहा है कि भूमि के खसरा की आवश्यकता है, ताकि यदि वह आवंटन योग्य हो तो जिलाधिकारी से उसके आवंटन के संबंध में दोबारा : अनुरोध किया जा सके। इसके बाद एसडीएम गोविंद मौर्य ने तहसीलदार सदर से भूमि के संबंध में रिपोर्ट मांगी है।

---

# शाहजहांपुर समेत 32 जिलों के दुग्ध संघों की हालत सुधरेगी

**दुग्ध संघों का सौंदर्यीकरण कराने के साथ पुनर्जीवित किया जाएगा**

बरेली कार्यालय



- योजना में 80 करोड़ रुपये प्रस्तावित, पहले चरण में 20 करोड़ रुपये आवंटित

**अमृत विचार:** बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर समेत 32 जिलों में मांग के सापेक्ष दूध की आपूर्ति कराने के लिए राज्य सरकार दुग्ध संघों की माली हालत सुधारेगी। अनुदान जिला से प्रत्येक दुग्ध संघ का सौंदर्यीकरण किया जाएगा और उन्हें पुनर्जीवित भी किया जा सकेगा। योजना में 80 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं और पहले चरण के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

विशेष सचिव राम सहाय यादव ने दुग्ध विकास अधिकारी, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी और आहरण वितरण अधिकारी को चिट्ठी जारी की कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में वर्तमान दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्जीवित करने की योजना दुग्ध संघों को अनुदान (जिला योजना) शुरू हुई है। बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, आगरा, मैनपुरी, झांसी, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, मेरठ, रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, गोण्डा, बहराइच के दुग्ध संघों की हालत सुधारने के लिए 80 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं।

निर्देश दिए गए हैं कि जारी धनराशि का उपयोग दुग्ध व्यवसाय को और बेहतर करने के लिए किया जाएगा। व्यय में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए संबंधित आहरण वितरण अधिकारी और धनराशि का उपयोग करने वाले इकाई प्रभारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। वहीं बरेली दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ अपने स्तर से दुग्ध व्यवसाय बढ़ाने और लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रयास करता है। बरेली शहर में पराग नाम से कई दुग्ध पार्लर खुलवा दिए गए हैं।

---

# अमृतसर-कटिहार साप्ताहिक त्योहार स्पेशल गाड़ी का संचालन 18 से

**बरेली ,अमृत विचार:** रेलवे आगामी त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ की संभावना को देखते हुए लगातार स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा कर रहा है। अब रेलवे ने 18 सितंबर से 29 नवंबर तक अमृतसर कटिहार त्योहार स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन बरेली, शाहजहांपुर और मुरादाबाद में भी ठहरेगी। कटिहार से अमृतसर तक इस गाड़ी का संचालन 11 फेरों के लिए किया जाएगा।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि गोरखपुर होते हुए कटिहार-अमृतसर-कटिहार साप्ताहिक त्योहार स्पेशल ट्रेन कटिहार से 18 सितंबर से 27 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को और अमृतसर से 20 सितंबर से 29 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को 11 फेरों के लिए किया जाएगा। 05736 कटिहार-अमृतसर साप्ताहिक त्योहार स्पेशल कटिहार से 21.00 बजे चलकर दूसरे दिन सीतापुर 19.45 बजे, शाहजहांपुर 22.06 बजे, बरेली से 23.06 बजे पहुंचेगी और तीसरे दिन मुरादाबाद 00.53 बजे और अमृतसर 09.45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05735 अमृतसर-कटिहार साप्ताहिक स्पेशल अमृतसर से 13.25 बजे चलकर मुरादाबाद से 21.50 बजे, बरेली 23.12 बजे और दूसरे दिन शाहजहांपुर 00.20 बजे और सीतापुर 02.15 बजे पहुंचेगी। गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के तीन, जी एसएलआर का एक और शयनयान श्रेणी के पांच, साधारण द्वितीय श्रेणी के पांच समेत 15 कोच लगाए जाएंगे।

---


## कार्यालय जिला गन्ना अधिकारी, बरेली

पत्रांक संख्या: 1926 **आवश्यक सूचना** दिनांक: 09.09.2024

जनपद बरेली की समस्त सहकारी गन्ना विकास समितियों के सदस्य गन्ना कृषकों के पेराई सत्र 2024-25 में सुचारू रूप से गन्ना आपूर्ति / सट्टा संचालन हेतु निम्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराना है:-

1. समस्त कृषक जिन्होंने अभी तक घोषणा पत्र ऑनलाइन नहीं भरा है वह अपना घोषणा पत्र 30 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से भर दें अन्यथा आगामी पेराई सत्र में उनका सट्टा संचालित नहीं होगा, समिति में नये सदस्य बनाये जाने व उपज बढ़ोत्तरी आवेदन की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर है।
2. कृषण बन्धू प्री कैलेण्डर ऑनलाइन eganna App तथा वेबसाइट enquiry.caneup.in पर लाईव कर दिया गया है। किसान भाई ई गन्ना मोबाइल ऐप्प गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते है और प्री कैलेण्डर में दर्ज पौधा, पेड़ी व अन्य सूचना का अवश्य अवलोकन कर लें यदि कोई त्रुटि हो तो सट्टा प्रदर्शन मेले में लिखित रूप से प्रार्थना पत्र देकर सही करा लें।
3. सट्टा प्रदर्शन हेतु समिति कार्यालय में गन्ना सट्टा प्रदर्शन मेला समितिवार उनके सम्मुख तिथियों में आहूत किया जायेगा।

**समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेला कार्यक्रम:-**

| क्र.सं. | नाम गन्ना समिति | समिति स्तरीय मेले के तिथियों | मेले का स्थान |
|---|---|---|---|
| 01. | बहेड़ी, बरेली, नवाबगंज, भोजीपुरा मीरगंज, भुडिया अमरिया | 11.09.2024 से 20.09.2024 | समिति प्रांगण |
| 02. | फरीदपुर | 11.09.2024 से 20.09.2024 | गन्ना विकास परिषद, प्रांगण |

टोल फ्री नम्बर 1800-121-3202 वेबसाइट www.sgk.caneup.in मोबाइल एप- eGANNACANEUP

4. सट्टा प्रदर्शन मेला में प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण उपरान्त डाटा अन्तिम रूप से लॉक कर जायेगा। जिसके पश्चात् किसी भी प्रकार संशोधन ग्राहय नहीं होगा।

समस्त गन्ना कृषकों से अनुरोध है कि समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेले का अधिकाधिक लाभ उठायें एवं आगामी पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति में आने वाली कठिनाइयों से बचें।

**समस्त सचिव**
**सहकारी गन्ना विकास समिति लि.**
**जनपद-बरेली**

**समस्त ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक**
**जनपद-बरेली**

**जिला गन्ना अधिकारी**
**बरेली**


---

# रोडवेज बस में लगी आग, यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर बचाई जान

संवाददाता, भमोरा/बरेली

- बरेली से कासगंज जा रही थी बस, भमोरा में हुआ हादसा
- ग्रामीणों की मदद से आग पर पाया गया काबू

**अमृत विचार:** भमोरा में कासगंज डिपो की बस में आग लग गई। आग लगने से यात्रियों में खलबली मच गई। यात्रियों ने खिड़की से कूदकर जान बचाई। अग्निशमन विभाग के दो गाड़ियों ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई। वहीं रोडवेज के अधिकारी किसी दूसरे डिपो की बस में आग लगने की बात कह रहे हैं।

कासगंज डिपो की यूपी 81-ईटी-4250 बस बरेली से कासगंज जा रही थी। बस में 39 यात्री मौजूद थे। सोमवार की शाम 7:30 बजे बस जब भमोरा उपकेंद्र के पास पहुंची तो अचानक से आग लग गई। आग लगने के बाद तेज लपटें देख यात्रियों की जान हलक में आ गई। आनन फानन में यात्रियों ने बस की खिड़की से कूदकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि कोई यात्री आग की चपेट में नहीं आया। पुलिस ने यात्रियों को दूसरी बस में बैठाकर रवाना किया। इंजन में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई गई। चालक के पास का हिस्सा जलकर राख हो गया। अन्य सभी सीटें सुरक्षित हैं।

सीएफओ चंद्रमोहन शर्मा ने बताया कि भमोरा में रोडवेज बस में आग लगने की सूचना पर दो फायर गाड़ियों को भेजकर आग पर काबू पाया गया था। हादसे में किसी को कोई जनहानि नहीं हुई है। टीम जांच कर आग लगने का कारण तलाश रही है। आरएम बरेली रीजन दीपक चौधरी ने कहा कि इस तरह का कोई मामला संज्ञान में नहीं है। अन्य किसी रीजन के डिपो की बस होगी।

### सबमर्सिबल से पानी लेकर बुझाई आग

बस में आग लगी तो यात्रियों के साथ चालक और परिचालक भी घबरा गए। घटनास्थल के पास ही वीरेश कुमार के सबमर्सिबल से चालक संजय कुमार और परिचालक हुकुम सिंह ने आग पर काबू पा लिया। बिजली नहीं होती तो आग पर काबू पाना मुश्किल हो जाता।

---

## भारतीय शिक्षा व्यवस्था की समकालीन प्रवृत्तियों और चुनौतियों पर किया गया मंथन

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में यूजीसी एनईपी सारथी योजना के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पक्ष और विपक्ष पर प्रतियोगिता हुई। पक्ष में शुभ्रा प्रकाश प्रथम, विधि द्वितीय और प्रतिमा तृतीय रहीं और विपक्ष में अनुराधा सिंह प्रथम, सुमित सिंह द्वितीय और वत्सल वर्मा और स्नेहा गौतम तृतीय स्थान पर रहे। सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पाण्डेय ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। निर्णायक मंडल में डॉ. सुबोध धवन और प्रो. पीबी सिंह रहे। मंच संचालन पंखुड़ी कंचन ने किया।

## आज पीआई देंगे आईआरजी की प्रगति आख्या

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शोध निदेशालय की ओर से मंगलवार को प्रोजेक्ट इन्वेस्टीगेटर (पीआई) की शोध की प्रगति आख्या प्रस्तुतीकरण की जाएगी। शोध को प्रोत्साहन देने के लिए नौ फैकल्टी मेंबर को 25 नवंबर 2023 को आईआरजी प्रोजेक्ट आवंटित हुए थे। शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने सभी को दोपहर 2 बजे 10 स्लाइड के साथ शोध निदेशालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

---


**अभियुक्त व्यक्ति की उपसंजाति के लिए अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**(धारा 82, अनूसूची 5, प्रपत्र संख्या 4)**

न्यायालय जिला शाहजांपुर
वाद संख्या-325/23
प्रति बनाम रूम सिंह आदि
धारा-2/3 G Act
थाना खुदागंज, शाहजहांपुर

चूंकि मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि रूम सिंह व ऋषिपाल पुत्रगण गया प्रसाद निवासी ग्राम शाहबाजपुर थाना बीसलपुर जिला पीलीभीत द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा के अधीन दण्डनीय अपराध किया गया है, और तदुपरि निकाले गये गिरफ्तारी के किये जाने का संदेह किया जाता है। (NBW) अधिपत्र को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त को पाया नहीं जा सका है और चूंकि मुझको समाधानप्रद रूप में यह संदर्शित कर दिया अपपलायन कर गया है।

उक्त अधिपत्र की तामील से बचने के लिये अपने को छिपा रहा है। अतएव एतद्द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि रूम सिंह, ऋषिपाल निवासी उपरोक्त से यह अपपेक्षा की जाती है कि वह दिनांक मास सन् ई. को इस न्यायालय में मेरे समक्ष परिवाद का उत्तर देने के लिए उपस्थित हों।


---


## कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर खीरी

पत्रांक संख्या: 363/जन.नि./एम.बी.एल./2024-25 दिनांक: 07.09.2024

**अति अल्कालिक निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, लखीमपुर द्वारा राज्य वित्त आयोग / पालिका निधि के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु दिनांक 14.09.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार निविदा प्रपत्र क्रय करके निविदा में भाग लेना चाहते हैं, वह निर्धारित निविदा मूल्य जमा करके निविदा प्रपत्र दिनांक 07.09.2024 से 14.09.2024 तक पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक नगर पालिका परिषद, लखीमपुर कार्यालय के निर्माण अनुभाग से प्राप्त कर सकते हैं। उक्त निविदायें नगर पालिका परिषद लखीमपुर में रखे टेण्डर बॉक्स में दिनांक 14.09.2024 तक पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे डाल सकते हैं। प्राप्त निविदायें इसी दिनांक को सायं 05:00 बजे पालिका के सक्षम अधिकारी के समक्ष ठेकेदारों की उपस्थिति में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नतवत् है:-

| क्र.सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बिड सिक्योरिटी (ई.एन.डी.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | लखीमपुर खीरी | मोहल्ला राजगढ़ वार्ड संख्या- 11 में धीरेन्द्र शुक्ला के मकान से संजय अवस्थी के मकान तक पाइप लाइन विस्तार एवं गृह संयोजन का कार्य। | 2,53,000 | 25,300.00 | 354.00 | 1 माह |

**नियम व शर्तें:-**

1. सम्मिलित ठेकेदार को स्वीकृत राशि की नियमानुसार निविदा प्रपत्र शुल्क जी.एस.टी. सहित नकद या इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ही केनरा बैंक मुख्य शाखा लखीमपुर में नगर पालिका लखीमपुर के खाता संख्या 2910101004088 IFSC Code:- CNRB0002910 में जमा करना होगा एवं जमानत धनराशि इन्टरनेट बैंकिंग अथवा EPVG, FDR, NSC / Tragary Challan जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता निविदा के साथ 100/- के स्टाम्प पर इस आशय कर शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा कि उसका कोई भी सगा-सम्बन्धी पालिका में कार्यरत नहीं है, न ही कोई सेवानिवृत्त हुआ है।
3. निविदादाता को निविदा के साथ 100/- टी-6 (नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर) जमा करना अनिवार्य होगा।
4. आयकर, रायल्टी, लेवर, सेस आदि की कटौती ठेकेदार के भुगतान बिल से की जायेगी।
5. कार्यादेश निर्गत किए जाने के पश्चात् कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व, कार्य किए जाते समय एवं कार्य समाप्ति से सम्बन्धित साइट का फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप होगी।
7. जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयकर, पेन, आधार आदि समस्त प्रपत्र निविदा के साथ स्वप्रमाणित का जमा करना अनिवार्य होगा।
8. निविदादाता को समस्त कार्यो हेतु शासन / नगर विकास अनुभाग द्वारा जारी समय-समय पर आदेशों / निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
9. यदि निविदा खोले जाने वाले दिवस में अवकाश रहता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
10. सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
11. निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न किए जाने पर उपरोक्त कार्य निरस्त करते हुए सम्बन्धित फर्म / ठेकेदार की जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
12. निविदा पर कटिंग या उपरिलेखन होने पर निविदा अमान्य होगी।
13. ठेकेदार / फर्म जो कार्य मानक के अनुरूप नहीं करेगा वह भारतीय दण्ड संहिता अन्तर्गत अपराध होगा तदनुसार उसके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।
14. निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

**संजय कुमार**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

**डॉ. इरा श्रीवास्तव**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**


---

# नाले में नहाते समय चार बच्चे डूबे, दो बच्चों की मौत

**हरपालपुर (हरदोई), अमृत विचार:** हरदेव राजा के देवस्थान पर बेलन पूजा के लिए महिलाओं के साथ गए चार बच्चे गंगा नदी के नाले में नहाते समय डूब गए थे। इनमें दो बच्चों की मौत हो गई है।

हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर के मजरा ज्ञानपुर गांव में भाद्रपद मास के सोमवार को गांव से करीब 500 मीटर दूर हरदेव राजा के स्थान पर प्रतिवर्ष बेलन पूजा होती है, जिसमें गांव की सैकड़ों महिलाएं पूजा में शामिल होती हैं। इसी दौरान गांव के कई बच्चे भी गए थे। उसमें उमाकांत का बेटा कुशल (14) तथा अनुराग (9) एवं रामलखन का बेटा अंशू (11), लालता का बेटा विजय (10) गंगा नदी से निकली सेढा नाले में नहा रहे थे। अचानक गहरे पानी में चले जाने से कुशल तथा अंशू की मौत हो गई है, जबकि अनुराग तथा विजय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कुशल गांव में ही कक्षा 8 तथा अंशू कक्षा 6 का छात्र था। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार अनेक सिंह राजस्व लेखपाल श्यामवीर सिंह ने मृतक छात्रों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

---

# बिजली चोरी मामले में पूर्व सांसद डॉ.तजीन फात्मा दोष मुक्त

**रामपुर ,अमृत विचार :** हमसफर रिसॉर्ट में बिजली चोरी के मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। इसके बाद केस बंद कर दिया। सुनवाई के दौरान पूर्व सांसद डॉ.तजीन फात्मा कोर्ट में पेश हुईं। उन्होंने 32 लाख रुपये की शमन शुल्क पहले ही जमा कर दिया था। सोमवार की शाम उन्हें दोष मुक्त कर दिया गया।

सपा नेता आजम खां की पत्नी और पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा के खिलाफ शहर कोतवाली में 5 सितंबर 2019 को रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसके आरोप था कि डॉ.तजीन फात्मा के हमसफर रिसॉर्ट में चोरी की बिजली का प्रयोग होते हुए पाया गया था। डूंगरपुर बिजलीघर के तत्कालीन जेई राहुल रंजन ने यह रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हुई। पिछली तारीख पर डॉ. तजीन फात्मा ने अपने अधिवक्ता नासिर सुल्तान के माध्यम से एक अर्जी दाखिल की थी। इसमें कहा गया था कि उनके द्वारा 32 लाख का शमन शुल्क जमा किया गया था। इसी आधार पर केस को खत्म किया जाए। बिजली विभाग की ओर से अधिवक्ता सर्वेश गुप्ता ने प्रार्थना पत्र पर आपत्ति दाखिल करने के लिए समय मांगा था। इस पर सोमवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले को बंद कर दिया, जिससे डॉ.तजीन फात्मा दोष मुक्त हो गईं। अधिवक्ता नासिर सुल्तान ने बताया कि जुर्माना 2022 में ही जमा कर दिया गया था। इस केस को बंद करने के लिए अर्जी लगाई थी। सोमवार को केस बंद हो गया और इस मामले में डॉ.तजीन फात्मा दोष मुक्त हो गईं।

## अब्दुल्ला आजम और आजम खां पर लगाया 10 हजार रुपये जुर्माना

**रामपुर, अमृत विचार :** समय खराब करने के मामले में अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। अब इस मामले में 13 सितंबर को सुनवाई होगी। हालांकि पहले लगाए गए प्रार्थना पत्र को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। इस मामले में दोनों सजा काट रहे हैं। दो पैनकार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में चल रही है। सोमवार को इस मामले में सुनवाई हुई। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि आजम खां के अधिवक्ता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। उसे खारिज कर दिया गया है। न्यायालय ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता के आचरण को अनुचित माना। इसके बाद अब्दुल्ला आजम और आजम खां पर 10,000 रुपये जुर्माना भी लगाया गया। शेष साक्ष्य के लिए 13 सितंबर की तारीख निर्धारित की गई है।

---


## सूचना/ विज्ञप्ति

**विषय:-मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी की रिक्त भूमि स्थित 106, सिविल लाइन्स, बरेली को मैथोडिस्ट चर्च सदस्यगणों को वर्ष 2007 एवं तदोपरांत विक्रीत किये जाने विषयक।**

मा.महोदय, मैथोडिस्ट चर्च इन इण्डिया एक रजिस्टर्ड सोसायटी है एवं मुख्यालय मुम्बई महाराष्ट्र राज्य में स्थित है। मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी विभिन्न कार्य करती है जिसमे स्कूलों का संचालन, चिकित्सालयों की स्थापना, अनाथ आश्रमों की स्थापना व संचालन, व्यवसायिक गतिविधियों के रूप में फैक्ट्रियों की स्थापना, कमर्शियल कॉम्प्लैक्स की स्थापना जैसे बटलर प्लाजा, एम0सी0आई0 प्लाजा व अन्य सामाजिक कार्य करती है। मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी की सम्पूर्ण सम्पत्तियाँ सोसायटी की सम्पत्तियां हैं। मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी का संचालन ईसाई धर्माविलम्बियों द्वारा किया जाता है। ईसाई धर्माविलम्बियों द्वारा धार्मिक उपासना के उददेश्य से विभिन्न नगरों में चर्च भवनों का निर्माण किया गया। मैथोडिस्ट मिशनरी सोसायटी की सम्पूर्ण भूमि व सम्पत्तियों उक्त विश्लेषण के क्रम में चर्च की सम्पत्ति नहीं है वरन मैथोडिस्ट चर्च इन इण्डिया रजिस्टर्ड सोसायटी जिसके विभिन्न उद्देश्य हैं की सम्पत्ति है। उक्त विश्लेषण सोसायटी के संविधान द बुक ऑफ डिसिप्लिन के पैरा "सोसायटी के उद्देश्य" में वर्णित व रजिस्टर्ड है। विषयक रिक्त भूमि क्राइस्ट मैथोडिस्ट चर्च के निकट स्थित रिक्त व निष्प्रयोज्य भूमि थी जिसे सम्पूर्ण प्रकिया के अनुपालन उपरान्त मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी के मुम्बई मुख्यालय से जारी अधिकार पत्र के अनुरूप नियमानुसार प्रतिफल मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी मे एडवांस जमा करने के उपरान्त सामान्यता विक्रय विलेख मैथोडिस्ट चर्च के सदस्यों के नाम रजिस्टर्ड किया गया है। वर्ष 2012 से पूर्व भी विभिन्न विक्रय विलेख, लीज विलेख मैथोडिस्ट चर्च इन इण्डिया सोसायटी द्वारा मैथोडिस्ट चर्च सदस्यों के पक्ष में 106, 94, 97 आदि सिविल लाइन्स, बरेली ने रजिस्टर्ड किये गये थे एवं सभी रजिस्टर्ड विलेख नियमानुसार प्रयोगार्थ है। मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी से क्रय किये गये विभिन्न भूखण्डों पर व्यवसायिक प्रतिष्ठान जैसे कृष्णा लॉन, बटलर प्लाजा शॉपिंग कॉम्प्लैक्स आदि निर्मित हैं व विधिक रूप से प्रयोगार्थ हैं। विषयक विक्रय विलेखों जो कि सामान्यता मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी की रिक्त भूमि के नियमानुसार किये गये थे की एक शिकायत अरूण थॉमस द्वारा इस आशय की प्रथम सूचना के रूप मे दर्ज कराई गई कि विषयक विक्रय विलेख चर्च हैं एवं बिना अधिकार अवैध रूप से मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी के नियमों के विपरीत रजिस्टर्ड कराये गये हैं। अत: अवैध विक्रय विलेखों पर कानूनी कार्यवाही की जाये। उपरोक्त सूचना मुकदमा अपराध सं0 225 सन् 2012 के रूप मे रजिस्टर्ड हुआ। उपरोक्त बाद में विवेचना उपरान्त कुछ बिन्दुओं पर विवेचना रह जाने के क्रम में पुन: विवेचना उपरान्त पाया गया कि विषयक सम्पत्ति का विक्रय नियमानुसार है। पॉवर ऑफ एटार्नी वास्ते विक्रय पत्र रजिस्ट्रेशन सम्पूर्ण प्रक्रिया उपरान्त नियमानुसार जारी है। प्रतिफल मैथोडिस्ट चर्च संस्था में जमा है एवं किसी भी स्तर पर कोई वैधानिक त्रुटि नहीं है। अत: उक्त प्रकरण में कोई अपराधिक मामला नही बनता है। विक्रय पत्र निष्पादन में किसी नियम या कानून का उल्लंघन नहीं किया गया है। विवेचना से उक्त प्रकरण में किसी अपराध का होना नहीं पाया जा रहा है। विवेचना साक्ष्य के अभाव में समाप्त कर दी गयी थी। अत: स्पष्ट है कि श्री अरूण थॉमस द्वारा लिखाई गयी प्रथम सूचना रिपोर्ट मुकदमा अपराध सं0 225/2 पूर्णतया फर्जी पाई गयी है व उक्त क्रम में अन्तिम रिपोर्ट/मुकदमा समाप्त रिपोर्ट न्यायालय को प्रेषित कर दी गयी। उपरोक्त प्राथमिकी के पक्षकार पादरी होने के कारण धार्मिक कार्यो में अन्य जिलों व प्रदेशों में जाने के कारण प्राथमिकी से सम्बन्धित न्यायालय में उपस्थिति दर्ज कराने मे कुछ बार असमर्थ हो गये जिस क्रम में न्यायालय द्वारा उनकी उपस्थिति वांछित है जिस हेतु विधिक प्रक्रिया लम्बित है। अधोहस्ताक्षरी या प्रथम सूचना अपराध सं0 225 सन् 2012 के प्रतिपक्षियों द्वारा मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी की किसी भी भूमि का अवैध क्रय-विक्रय नहीं किया गया है। वर्तमान में मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी की विभिन्न रिक्त सम्पत्तियों जो कि निष्प्रयोज्य हैं एवं विभिन्न अवांछित तथ्य सम्पत्तियों पर कब्जा करने हेतु प्रयासरत रहते हैं परन्तु मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी की सम्पूर्ण सजगता के अनुरूप कोई अवैध कब्जा आदि नही हो सकता है। उल्लेखनीय है कि बरेली स्थित मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी की सभी सम्पत्तियाँ स्थित 91, 94, 88, 84, 97, 98, 106 सिविल लाइन्स, बरेली आदि चौरिटी कमिश्नर मुम्बई के न्यायालय में रजिस्टर्ड है। मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी की सम्पत्तियों पर किसी भी प्रकार का स्थाई या अस्थाई निर्माण जनरल सेक्रेटरी मैथोडिस्ट चर्च इन इण्डिया मुम्बई की लिखित अनुमति के बिना वैधानिक रूप से नही किया जा सकता। उक्त निर्माण से पूर्व चौरिटी कमिश्नर मुम्बई की अनुमति वांछित है। उक्त के अतिरिक्त प्रत्येक निर्माण अवैध निर्माण की परिभाषा में माना जायेगा एवं उक्त पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। श्रीमान जी तत्कालीन समय में विभिन्न भ्रान्तियों निहित स्वार्थ में लिप्त व्यक्तियों द्वारा मैथोडिस्ट चर्च सोसायटी के परिसर बरेली के सम्बन्ध में फैलाई जा रही हैं के क्रम में उपरोक्त स्पष्टीकरण सादर प्रेषित है।

**अधिशासी सचिव नार्थ इण्डिया रीजनल कांफ्रेंस मैथोडिस्ट चर्च इन इण्डिया**
**पादरी सुनील के0 मसीह 91, सिविल लाइन्स, बरेली**

# अवैध कब्जा हटाएं, राजस्व विभाग के जिम्मेदार पदों को शीघ्र भरें : योगी

## अवैध कब्जेदारों के खिलाफ एफआईआर भी लिखाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूमि व भवन आदि पर अवैध कब्जा करने वालों के साथ पूरी कठोरता से कार्रवाई करने की हिदायत सभी जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों को दी है। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं है। इसलिए ऐसे सभी मामलों को सूचीबद्ध कर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी जानी चाहिए।

अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ एफआईआर भी पंजीकृत कराया जाए। मुख्यमंत्री ने इसी क्रम में राजस्व परिषद व राजस्व विभाग को और मजबूत बनाने के लिए नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम, एडीएम (न्यायिक), कानूनगो और लेखपाल के रिक्त सभी पदों को यथाशीघ्र भरे जाने का सुझाव दिया। सोमवार को राजस्व परिषद के अध्यक्ष, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव राजस्व, पुलिस महानिदेशक सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर एक समीक्षा बैठक की।

### नामांतरण, पैमाइश, उत्तराधिकार का तुरंत निस्तारण हो



मुख्यमंत्री ने नामांतरण, पैमाइश, वरासत, उत्तराधिकार और भूमि उपयोग से जुड़े मामलों के तत्काल निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। योगी ने सम्बंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने जिलों के मानचित्र को अपडेट करने के भी निर्देश दिए। वहीं, अवैध खनन की गतिविधियों रोकने के लिए अलर्ट रहने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए ''जीरो पॉइंट'' पर ही कार्रवाई किया जाना उचित होगा।

- **तहसीलदार, एसडीएम, एडीएम (न्यायिक) व लेखपाल के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाये**

योगी ने कहा कि जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान, एसडीएम, सीओ, तहसीलदार जनता से सीधे तौर पर जुड़कर एक तय समय सीमा के भीतर मेरिट के आधार पर उनका निस्तारण कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडलायुक्त तहसीलों, जिलों और ज़ोन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्राधीन सरकारी कार्यालयों, थानों, मालखानों का औचक निरीक्षण करें।

## वुजूखाने के एएसआई सर्वेक्षण मामले की सुनवाई टली

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के कथित वुजूखाने का आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया (एएसआई) से सर्वे कराने के मामले में दाखिल याचिका पर सोमवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। वर्तमान मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ के समक्ष हुई। पिछली सुनवाई के दौरान मस्जिद कमेटी द्वारा जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया।

अगली सुनवाई पर याची श्रीमती राखी सिंह कोर्ट में जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगी। मालूम हो कि शृंगार गौरी मामले में मुख्य वादी श्रीमती रखी सिंह ने जिला अदालत, वाराणसी के आदेश को चुनौती दी है। याची का तर्क है कि जिस तरह ज्ञानवापी के पूरे परिसर का एएसआई सर्वेक्षण किया गया है, उसी तरह से सील वुजूखाने (शिवलिंग को छोड़कर) का भी सर्वे होना चाहिए।

## ट्रांसजेंडर नीति के मामले में केंद्र और राज्य सरकार से जवाब तलब

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विभिन्न क्षेत्रों में शोषण और उत्पीड़न का शिकार हो रहे किन्नर समाज की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर नीति तैयार करने के मामले में भारत सरकार, यूपी राज्य, विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से जवाब तलब करते हुए विपक्षियों को चार सप्ताह के अंदर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई आगामी 16 अक्टूबर को सुनिश्चित की गई है।



उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने किन्नर शक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष शुभम गौतम के माध्यम से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। याचिका में राज्य स्तर पर गरिमा ग्रह सुविधाओं की स्थापना और संचालन के लिए संसाधनों का उचित आवंटन, राज्य में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरत को पूरा करने के लिए व्यापक नीतियां तैयार करने, ट्रांसजेंडर शौचालय की स्थापना और शिक्षण संस्थानों में ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को प्रवेश प्रदान करने और विशेष अभियान चलाकर सरकारी क्षेत्र में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की भर्ती करने की मांग की गई।

इसके साथ ही राज्य में प्रभावी आउटरीच और जागरूकता कार्यक्रम तथा ट्रांसजेंडर सुरक्षा सेल की स्थापना के साथ ट्रांसजेंडर आयुष्मान टीजी प्लस कार्ड योजना के त्वरित कार्यान्वयन की भी मांग की गई।

## सार-संक्षेप

### पीजीआई नर्सिंग आफीसर परीक्षा का सॉल्वर गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिले की एसओजी टीम ने पीजीआई नर्सिंग ऑफीसर परीक्षा के सॉल्वर को गिरफ्तार किया। लखनऊ के बीकेटी निवासी आरोपी पर 25 हजार का इनाम भी था। अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि अब तक 15 सॉल्वर पकड़े जा चुके हैं। अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि केपी सिंह मेमोरियल कॉलेज तालगांव में पीजीआई नर्सिंग आफीसर परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दौरान परीक्षा पत्र लीक होने की बात प्रकाश में आई थी। जिसके आधार पर केस दर्ज किया गया। इसमें अब तक 14 आरोपी गिरफ्तार किये गए थे। सॉल्वर गैंग के मुख्य आरोपी रविकांत का फतेहपुर जनपद में विद्यालय है। सीतापुर सहित अन्य जनपदों में भी संपर्क है। इसको लेकर कई रसूखदार लखनऊ के अलावा सीतापुर सहित अन्य जनपदों में हैं। चूंकि कुल मामले की जांच एसटीएफ को स्थानांतरित हो गई है। ऐसे में आईबी भी निगरानी कर रही है।

### जज के पति का शव गंगा बैराज में मिला

**कानपुर, अमृत विचार :** 31 अगस्त को नानामऊ घाट पर डूबे वाराणसी स्थित निजी मेडिकल कॉलेज के डिप्टी डायरेक्टर आदित्यवर्धन सिंह उर्फ गौरव का शव रविवार रात गंगा बैराज में मिला। शव बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। परिजनों ने बरमूडा व हाथ में पहनी हुई मूंगा की अंगूठी से शिनाख्त की। मूलरूप से उन्नाव, बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के कबीरपुर गांव निवास आदित्यवर्धन सिंह निजी मेडिकल कॉलेज में डिप्टी डायरेक्टर के पद पर वाराणसी में कार्यरत थे। वह वर्तमान में लखनऊ के इंदिरा नगर में रहते थे। उनकी पत्नी श्रेया महाराष्ट्र के अकोला में जज हैं। बीते 31 अगस्त को आदित्यवर्धन दो साथियों योगेश्वर मिश्र व प्रदीप तिवारी के साथ कार से नानामऊ घाट पहुंचे थे और साथियों के साथ गंगा में नहाने लगे। इसी दौरान सेल्फी लेने के दौरान गहरे पानी में जाने से डूब गए थे। रविवार रात करीब 9 बजे उनका शव घटनास्थल से करीब 40 किलोमीटर गंगा बैराज के चैनल नंबर एक के गेट में फंसा मिला। परिजनों ने बरमूडा व मूंगा की अंगूठी से शिनाख्त की।

### सरकारी कर्मियों की हाजिरी में नहीं हो सकेगा खेल

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इन दिनों डिजिटल हाजिरी सिस्टम को और विकसित किया जा रहा है। फेशियल रिकग्नीशन बेस्ड मोबाइल ऐप के विकसित हो जाने से सरकारी कर्मियों की हाजिरी में 'खेल' नहीं हो सकेगा। उनकी समयबद्धता और ड्यूटी के घंटे भी सुनिश्चित होंगे। एआई बेस्ड मोबाइल ऐप को यूपीडेस्को (उप्र. सिस्टम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) विकसित कर रहा है। पहला महत्वपूर्ण ट्रायल प्रयागराज महाकुंभ में लिया जाएगा। इसके बाद इसका प्रयोग हर सरकारी कार्यालय में भी करने की तैयारी है। दरअसल, एआई बेस्ड एप में चेहरे की पहचान महत्वपूर्ण होगी जिसकी काट निकालनी मुश्किल है। बीते दिनों शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग में जब इसे लागू किया गया तो संबधित कर्मियों ने विरोध भी जताया था। दरअसल, इस व्यवस्था का विरोध इसलिए है क्योंकि कर्मचारियों को लगता है कि इससे उन्हें नुक़सान होगा। कर्मियों को अपने-अपने ऑफिस पहुंचकर सबसे पहले अपनी मौजूदगी दर्ज करवानी होगी।

### 20 हजार की रिश्वत लेते अवर अभियंता गिरफ्तार

**हमीरपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत सुमेरपुर से संबद्ध लोक निर्माण विभाग खंड 2 के अवर अभियंता को बांदा से आई 12 सदस्यीय एंटी करप्शन टीम ने ठेकेदार से 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। ठेकेदार की तहरीर पर सदर कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। टीम जेई को अपने साथ बांदा ले गई है। सुमेरपुर निवासी नगर पंचायत के ठेकेदार प्रवीन कुमार ने 2022-23 में विकास कार्य कराए थे, जिसका भुगतान हो चुका था। इसकी सिक्योरिटी निकाले जाने को लेकर ठेकेदार कई दिनों से अवर अभियंता रमेश कुमार गुप्ता के चक्कर लगा रहा था। ठेकेदार ने बताया कि 29 अगस्त को उसने नगर पंचायत के ईओ से शिकायत की थी। तीन सितंबर को पंचायत के लिपिक ने आख्या में सिक्योरिटी निकासी को लेकर लोक निर्माण विभाग खंड संख्या 2 में कार्यरत अवर अभियंता रमेश गुप्ता की रिपोर्ट मांगी। तब से वह लगातार अवर अभियंता के संपर्क में था।

## भाजपा और सपा चोर-चोर मौसेरे भाई:मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- **बसपा प्रमुख ने सुल्तानपुर मुठभेड़ पर कसा तंज**

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने सुल्तानपुर मुठभेड़ पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा व सपा चोर-चोर मौसेरे भाई हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स के जरिये कहा कि घटना के बाद से सपा व भाजपा के जरिये एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं।

अपराध, अपराधी व जाति के नाम पर जबरदस्ती की राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की तरह ही सपा सरकार के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था का बुरा हाल था। अनुसूचित वर्ग, अन्य पिछड़े वर्ग गरीबों, व्यापारियों आदि को सपा के गुंडे-माफिया दिन-दहाड़े लूटते व मारते-पीटते थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वास्तव में कानून का राज बसपा सरकार के कार्यकाल में था। जाति व धर्म के भेदभाव के बिना लोगों को न्याय दिया गया। कोई फर्जी मुठभेड़ आदि भी नहीं हुए। बसपा प्रमुख ने अन्य पोस्ट में लिखा कि कानपुर में रेलवे पटरी पर गैस सिलेंडर आदि रखकर रेल दुर्घटना कराने का षडयंत्र विफल होना संतोषजनक है।

## शत्रु संपत्ति पर संचालित अवैध स्कूल सील

**कानपुर देहात, अमृत विचार।** शत्रु संपत्ति पर बिना मान्यता संचालित स्कूल में नायब तहसीलदार व बीईओ ने छापेमारी करते हुए सील कर दिया। अकबरपुर क्षेत्र में बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों को बीईओ द्वारा सामूहिक नोटिस पूर्व में दी गई थी। अकबरपुर नायब तहसीलदार रविंद्र मिश्रा व बीईओ मनोज कुमार पटेल ने बारा गांव में बिना मान्यता ग्लोबल एकेडमिक कांवेंट स्कूल संचालित होने की सूचना पर छापेमारी की। स्कूल की मान्यता नहीं थी और वह जिस जमीन पर संचालित था। वह शत्रु संपत्ति के दायरे में आती है। इस प्रकार की जमीन पर न तो विद्यालय बनाया जा सकता है और न ही मान्यता प्रदान की जा सकती है।

## भदोही में बच्ची से अश्लील हरकत, शिक्षक गिरफ्तार

**भदोही, एजेंसी:** जिले के औराई थाना क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में 12 साल की बच्ची के साथ उसके शिक्षक ने कथित तौर पर अश्लील हरकत की। आरोपी शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने उसे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार यह शिकायत मिली कि जिले के बेजवा स्थित सरकारी कम्पोज़िट विद्यालय में शनिवार को कक्षा पांच में पढ़ने वाली बच्ची के साथ विनय बाबू (35) ने अश्लील हरकत की है। औराई के प्रभारी निरीक्षक सच्चिदानंद पांडेय ने शिकायत के हवाले से बताया कि शनिवार को स्कूल में बच्ची को एकांत में ले जाकर उसको गोद में बैठाकर गलत हरकत करने लगा! किसी तरह उसके चंगुल से निकल कर बच्ची घर पहुंची और परिजनों को देर से आने का कारण बताया। रविवार को बच्ची खुद परिजनों के साथ थाना आई और मुकदमा दर्ज कराया। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धारा और पॉक्सो अधिनियम में मामला दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। छात्रा का अदालत में कलम बंद बयान दर्ज कराया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि शिक्षक विनय बाबू को गिरफ्तार किये जाने की सूचना पर शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## राम मंदिर के पास 65.05 करोड़ से बनेगी पार्किंग

**लखनऊ, अमृत विचार:** अयोध्या में श्री राम मंदिर के पास 65.05 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य पार्किंग बनेगी। शासन के प्रस्ताव पर राज्यपाल ने इसकी स्वीकृति दे दी है। इसी के साथ धर्मार्थ कार्य विभाग ने पहली किश्त के रूप में 22.76 करोड़ रुपये जारी कर दी है। शासनादेश जारी करके सोमवार को धर्मार्थ कार्य निदेशालय, वाराणसी के निदेशक से कहा गया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के समीप स्थित रामकोट एवं कटरा में मैकेनाइज्ड स्मार्ट पार्किंग के निर्माण के लिए नियोजन विभाग इपीसी मिशन के मुख्य अभियंता की ओर से दिए शासन से नियमानुसार पार्किंग बनाने के निर्देश दिए हैं।

## धर्म दर्शन

## ब्रज की अधीश्वरी राधा रानी

ब्रज की अधीश्वरी राधाजी के पृथ्वी पर अवतरण की अनेक कल्पना रम्य एक दूसरे की विरोधी कथाएं हमारे पौराणिक साहित्य में विद्यमान हैं। आदिपुराण के अनुसार श्रीहरि विष्णु ने पृथ्वी पर अवतार लेने से पहले अपने परिवार के अंतरंग सदस्यों एवं देवताओं को पृथ्वी पर अवतार लेने का निर्देश दिया था। इस आदेश के अनुपालन में राधा का धरावतरण हुआ। ब्रह्म वैवर्त पुराण (2/49/35/42 तथा नारद पुराण (2/81) के अनुसार गोकुल में दैत्य वृषभानु के अवतार गोप राज वृषभानु गोप की पत्नी कलावती के गर्भ से राधा ने पृथ्वी पर अवतार लिया था। इसके विपरीत पद्मपुराण (7) के अनुसार दक्ष के लिए धरती को स्वच्छ करते समय भूमि कन्या के रूप में मिली राधा का पालन पोषण अपनी पुत्री के समान ही मानकर किया था। ब्रह्मवैवर्त ही अन्यत्र इनका जन्म कृष्ण के वामअंक से अंकित करता है (2/12/16)।





डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

नारद पुराण के अनुसार कृष्ण की अनन्य सखी राधा ने उनको विरजा नामक गोपी के साथ घोर एकांत में एक साथ देख लिया था। क्रोधित राधा इसकी शिकायत करने विष्णु जी के पास गई, किंतु राधा को क्रोधित देख विष्णु जी लुप्त हो गए। इसके विरजा दुबारा कृष्ण के साथ एकांत में देख राधा अपना आपा खो बैठीं। कुपित हो वह बिना सोचे-विचारे श्री हरिविष्णुजी की निंदा करने लगीं। इस पर अत्यंत उग्र हो सुदामा ने राधा को शाप दे दिया- 'तुमको मानव योनि में जन्म लेकर कृष्ण से दीर्घावधि तक विरह दुःख भोगना होगा (नारद पुराण 2/81)। इसका समर्थन ब्रह्मवैवर्त पुराण,2/49) भी करता है। इस पर सुदामा से अत्यंत अप्रसन्न राधा ने सुदामा को एक लंबी अवधि तक के लिए दानवयोनि में जन्म लेने का शाप दे दिया (देवी भागवत, 2/19)। राधा के शाप के कारण सुदामा को शंखचूड़ असुर के रूप में जन्म ले समुद्र तल में निवास करना पड़ा (ब्रह्मवैवर्त पु., 2/49/34)। सुदामा की प्रार्थना पर कृष्ण ने शाप की अवधि मात्र सौ वर्षों तक कर दी। स्मरणीय है कि सुदामा की मुक्ति के लिए स्वयं श्रीकृष्ण को अपने अनन्य भक्त को मारने के स्थान पर भगवान शिव के हाथों, शंखचूड़ का वध कराना पड़ा था।

आदिपुराण (अध्याय-11) के अनुसार श्री राधा का विवाह उनके अनन्य प्रेमी श्रीकृष्ण के साथ, वैशाख शुक्ल, तृतीया के दिन रोहिणी नक्षत्र में हुआ था, किंतु ब्रह्म वैवर्त (2/49/37) सहित अन्य पुराण राधा का विवाह रायण नामक गोप से बताते हैं। किन्हीं पुराणों में आयु में कृष्ण से 8 वर्षों अधिक बड़ी राधा के पति को नंद गोप की साली तथा कृष्ण की मामी बताते हैं तो कुछ उनकी अनन्य विरहिणी प्रेमिका। ब्रह्मवैवर्त ही कहीं दोनों को एक दूसरे की उपासक बता कहीं राधा को प्राथमिकता दें 'राधा-कृष्ण' का जयनाद करता हैं तो कहीं 'कृष्ण-राधा'। प्रथम पक्ष की संख्या अधिक है (ब्रह्मवैर्त,2/48/12-13;2/49-59)।

## वाचस्पति

अथर्ववेद के प्रथम मंत्र के ऋषि अथर्वा व देवता वाचस्पति हैं। वाक्‌वाणी से अभिव्यक्ति होती है। परब्रह्म में तो अव्यक्त रूप से सभी कुछ समाहित रहता है। जब वह ब्रह्म अव्यक्त को अभिव्यक्त करता है तो उस व्यक्त करने वाले ब्रह्म को ही वाचस्पति कहा जाता है, जिसने इस विश्व को प्रकट किया, उसी से किसी विशिष्ट उपलब्धि के लिए प्रार्थना किया जाना भी समीचीन है। त्रिसप्त की त्रिधा सृष्टि में तीन लोक, तीन गुण, तीन आयाम, त्रिदेव आदि सभी आते हैं। इसके साथ सप्त आवरण, सप्त धातु, सप्त व्याहृतियां, परमाणु के सात प्रकोष्ठ (आर्बिट) आदि भी आते हैं। इन सभी के योग-भेद (म्यूटेशन कांबिनेशन) अनंत बन जाते हैं। उन्हें केवल प्रकटकर्ता वाचस्पति ही भली प्रकार जानते हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हमें इस संसार में रहते हुए इन सभी के साथ समुचित वर्ताव करना होगा। इसलिए अथर्ववेद के प्रथम मंत्र में इन्हीं वाचस्पति से प्रार्थना की गई है कि वे उन सब के व्यक्त स्थूल-सूक्ष्म सहयोगों के बल हमें भी प्रदान करें। ऋषि कहते हैं कि ये जो त्रिसप्त (तीन एवं सात के संयोग) विश्व के सभी रूपों को धारण करके सब ओर संव्याप्त और गतिशील हैं, हे वाचस्पते! आप उनके शरीरस्थ बल को आज हमें प्रदान करें। हे वाचस्पते! आप दिव्य ज्ञान से युक्त होकर बारंबार हमारे समक्ष आएं, आप हमें प्रफुल्लित करें। प्राप्त ज्ञान हम में स्थिर रहे। हे देव! धनुष की चढ़ी हुई प्रत्यंचा से खींचे हुए दोनों छोरों के समान दैवीय ज्ञान धारण करने में समर्थ मेधा-बुद्धि एवं वांछित साधन सामग्री आप हमें प्रदान करें। प्राप्त बुद्धि और वैभव हममें पूरी तरह स्थिर रहे। (ज्ञान की प्राप्ति और धारण करने की सामर्थ्य- यह दो क्षमताएं धनुष के दो सिरों की तरह हैं। एक साथ प्रयास पूर्वक बल लगाकर बाण की तरह ज्ञान का वांछित प्रयोग किया जा सकता है)। हे वाकपति! आप हमें अपने पास बुलाएं। इस निमित्त हम आपका आवाहन करते हैं। हमें सदैव आपका सान्निध्य प्राप्त हो। हम कभी भी ज्ञान से विमुख न हों।

## वर्ग पहेली-187

**बाएं से दाएं**

1. 1. कपड़े की गठरी 2. बंडल, गठरी, बुगचा।
5. 1. (पुराण) दुर्गा या चंडी का एक नाम 2. अनंत मूल, सारिवा।
7. 1. लगाना, पोतना 2. वह वस्तु जो लगाई जाए, लेप, उबटन 3. घमंड, अभिमान, अहंकार 4. संबंध, लगाव।
8. रोक, निषेध।
10. किसी वस्तु का भाव, दर, मूल्य।
11. 1. शैव संप्रदाय की एक शाखा 2. उक्त शाखा का अनुयायी 3. भैरव या शक्ति के उपासक, एक प्रकार के तांत्रिक जो अपने हाथ में कपाल या मनुष्य की खोपड़ी लिए रहते हैं 4. बंगाल में रहने वाली एक पुरानी वर्ण संकर जाति।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. बासी 2. खाने की वस्तु जो ख़राब हो चुकी हो 3. सूखी।
2. 1. स्त्री, औरत 2. स्त्री के लिए प्रयुक्त आदरसूचक शब्द।
3. एक पदवाला, एक चरण वाला (छंद या पद्य)।
4. 1. दमन करना 2. नष्ट करना, मिटाना 3. आग लगाना 4. प्रकाशमान करना, चमकाना।
6. जांघ, जंघा।
7. 1. पश्चिमी गोलार्ध का एकमात्र उपमहाद्वीप जो उत्तरी और दक्षिणी दो भागों में बंटा है 2. उत्तरी अमरीका का वह देश जो युनाइटेड स्टेट्स ऑव अमरीका के नाम से जाना जाता है।
9. 1 तोड़ने-फोड़ने

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| ■ | 4 | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | | | ■ |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | ■ | 10 | |
| 11 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -186 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 घु | ■ | ■ | 2 ऐ | ■ | ■ |
| प | ■ | 3 खं | ड | 4 ब | रा |
| ■ | 5 सौ | ■ | 6 व | टी | ■ |
| ■ | र | ■ | टो | ■ | 7 पु |
| 8 रा | ज | प | रि | वा | र |
| ■ | ग | ■ | य | ■ | वा |
| 9 पा | त | ■ | ल | ■ | ई |

## सुडोकू-100

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 5 | | 4 | | | | 7 |
| | | 4 | 5 | | | | 3 | |
| 8 | | | 2 | 9 | | | | 1 |
| 4 | | | | | 3 | | 9 | |
| 1 | 8 | | | | | | 2 | 4 |
| | 6 | | 4 | | | | | 3 |
| 7 | | | | 2 | 5 | | | 9 |
| | 2 | | | | 1 | 6 | | |
| 3 | | | | 6 | | 8 | 7 | |

### सुडोकू -99 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 6 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 7 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 1 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 सितंबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 23.11 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 20.04 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। बजट की कमी के कारण आपके काम कुछ अवरुद्ध हो सकते हैं। सिरदर्द और तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है। आपको अपना व्यवहार नम्र रखना चाहिए।

**वृष:** आज परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। नया व्यवसाय आप शुरू करने का विचार बना सकते हैं। घर में साज-सजावट की योजना बनाएंगे हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन:** आज शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। मित्रों की सलाह आपके काम आएगी।

**कर्क:** आज विवाहेतर संबंधों से बचे अन्यथा प्रतिष्ठा में आंच आ सकती है। मधुमेंह के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बॉस आपसे अचानक किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर जानकारी ले सकते हैं।

**सिंह:** आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे। अधिकारी वर्ग का विश्वास आपके ऊपर बढ़ेगा। परिवार में सुख और शांति का वातावरण रहेगा।

**कन्या:** आज महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है। व्यापार में तरक्की होने से उत्साहित रहेंगे। दांपत्य जीवन में सामंजस्य बेहतरीन रहेगा।

**तुला:** आज आप वर्तमान स्थिति को लेकर कुछ असंतुष्ट हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में परेशानी होने की आशंका है। पैतृक संपत्ति के मामले सुलझ सकते हैं। आपके काम की गति कुछ धीमी रहेगी। नौकरी सहकर्मी आपके प्रति सम्मान की भावना रखेंगे।

**वृश्चिक:** आज नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको अच्छे मौके मिल सकते हैं। गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। ससुराल पक्ष में कोई आयोजन हो सकता है। आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा।

**धनु:** आज आपका किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। क्रोध के कारण दांपत्य संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। पुरानी नकारात्मक बातें आपके वर्तमान पर हावी हो सकती है। अच्छे लोगों और शांत चित्त के लोगों के साथ समय बिताएं।

**मकर:** आज कारोबार में वृद्धि हो सकती है। आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा रहेगा। शुभ कार्यों पर आप काफी धन खर्च करेंगे। आपकी मन:स्थिति मजबूत रहेगी। सभी काम आराम से समय पर हो जाएंगे। ज्यादा सोच-विचार में अपना समय बर्बाद न करें।

**कुंभ:** आज महत्वपूर्ण लोगों के साथ गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। जॉब में इच्छानुसार स्थानांतरण हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है। आप कुछ नया शुरू करने का प्रयास करेंगे। उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा। अधूरे कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। घर के बुजुर्गों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
आखिरी गुलाम — सुबह : 09.00
राज तिलक — शाम : 06.00

&pictures
अंतिम — सुबह : 11.06
ये साली आशिकी — रात : 08.00

SONY PIX
मैकेनिक — सुबह : 11.12
गॉडजिला — रात : 09.00

ZEE CINEMA
जय सिम्हा — सुबह : 10.05
वेधा — रात : 08.00

colors CINEPLEX
पुलिस वाला गुंडा 2 — सुबह : 11.34
सत्यभामा — रात : 08.02

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी पिक्स पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू काफी देर से अपने मैरिज सर्टिफिकेट को देख रहा था।
उसकी पत्नी बोली- इतनी देर से इसे क्यों घूर रहे हो?
पप्पू - इसकी एक्सपायरी डेट ढूंढ रहा हूं।
उसके बाद पत्नी ने पप्पू की एक्सपायरी जैसी हालत कर दी।

मिंटू- भाई मुझे हाथ देखना आता है।
चिंटू- अच्छा मेरा देख जरा।
मिंटू- तुम्हारी हस्तरेखा बताती है कि तुम्हारे घर के नीचे बहुत धन है।
चिंटू- ठीक कहा आपने, मेरे घर के नीचे बैंक की ब्रांच है।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2210, राज श्री 1460, फ़ॉर्चून कि. 1785, रविन्द्रा 2080, फॉर्चुन ली. 1635, जय जवान 1585, सचिन 1610, सूरज 1610, अवसर 1705, राग गोल्ड 1730, गृहणी ली 1640, क्लासिक (किलो) 1730, मोर 1730, चक्र टिन 2025, ब्लू 1760, आशीर्वाद मस्टर्ड 2025, स्वास्तिक 2180 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 30000, लाल मिर्च 17000-20000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल -( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 9700-10300, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8850, दाल चना 9450, लाल हिंदुस्तान 9550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13300, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 13800, अरहर पटका मोटा 14200, अरहर कोरा मोटा 14600, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी- डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010, बहेड़ी 4020 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73650 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72650 |
| सिल्वर ( पक्की) | 837 (अनुमानित) |

# सेबी से बचने को एफपीआई ने किया एसएटी का रुख

### बीओ का खुलासे के नियमों से बचने को निवेशकों ने चुना कानूनी विकल्प

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सेबी के समक्ष अंतिम लाभकारी स्वामित्व (बीओ) का खुलासा संबंधी नियमों का पालन करने से बचने के लिए कुछ विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने (एफपीआई) कानूनी विकल्प चुना है। मानदंडों का पालन करने की समयसीमा सोमवार को समाप्त हो रही है।

मॉरीशस स्थित दो एफपीआई एलटीएस इन्वेस्टमेंट फंड और लोटस ग्लोबल इन्वेस्टमेंट ने विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नए मानदंडों का पालन करने से तत्काल राहत पाने के लिए कथित तौर पर प्रतिभूति अपीलीय अधिकरण (एसएटी) का रुख किया है। अमेरिकी निवेश एवं शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की अदाणी समूह पर जनवरी 2023 में जारी रिपोर्ट में इन दो एफपीआई का जिक्र था। इन दो एफपीआई ने एसएटी से अनुरोध किया है कि वह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को इन नियमों का पालन करने के लिए और समय देने का निर्देश दे।


### आगामी तिमाहियों में एफडीआई प्रवाह में तेजी की उम्मीद



**नई दिल्ली।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में कटौती की संभावना, अमेरिकी में वृद्धि दर हल्की रहने तथा दूसरी तरफ भारत में अनुकूल आर्थिक परिदृश्य के साथ यहां प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में तेजी आने की उम्मीद है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इस साल अप्रैल-जून के दौरान 47.8% बढ़कर 16.17 अरब डॉलर रहा है। पिछले एक दशक में निवेश स्रोत बदल गये हैं और इसमें विविधता आई है। पूंजी नए उभरते क्षेत्रों से आ रही है। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि आठ साल पहले की तुलना में, बिजली, निर्माण, स्वास्थ्य सेवा, रसायन और गैर-पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्र अब आकर्षक निवेश स्थल बन गये हैं।

# पीई से समझें कंपनी के शेयर की स्थिति...

पीई रेशियो ( प्राइस-टू-अर्निंग रेशियो) एक वित्तीय अनुपात है जो कंपनी के शेयर की कीमत को प्रति शेयर की आमदनी (ईपीएस) से विभाजित करता है। यह निवेशकों को कंपनी के शेयर की मूल्यवत्ता को समझने में मदद करता है। यह रेशियो निवेशकों को यह संकेत देता है कि कंपनी के शेयर की कीमत उसकी आमदनी की तुलना में कितनी अधिक या कम है। सामान्यत: पीई रेशियो 15-20 के बीच होता है, लेकिन यह विभिन्न उद्योगों और बाजार स्थितियों के आधार पर भिन्न हो सकता है। पीई रेशियो के आधार पर निवेश करते समय, अन्य वित्तीय संकेतकों और कंपनी के भविष्य की संभावनाओं का भी मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है। आइये इसके बारे में जाने...




**इसे कैसे देखे**

**वित्तीय रिपोर्ट्स :** कंपनियों की वित्तीय रिपोर्ट्स और उनकी वेबसाइट्स पर पीई रेशियो की जानकारी अक्सर मिलती है।

**वित्तीय समाचार और वेबसाइट्स :** कई वित्तीय समाचार और डेटाबेस जैसे कि याहू फाइनेंस, गूगल फाइनेंस पर भी पीई रेशियो मिल सकता है।

**स्टॉक ब्रोकर्स और निवेश सलाहकार :** ये भी आपको कंपनी का पीई रेशियो और अन्य वित्तीय जानकारी उपलब्ध कराते हैं।

**लाभ :** पीई रेशियो निवेशकों को यह समझने में मदद करता है कि कंपनी के शेयर की कीमत उसकी आमदनी की तुलना में कितनी अधिक या कम है। उच्च पीई का मतलब है कि शेयर की कीमत अधिक है, जो वृद्धि का संकेत है। निम्न पीई का मतलब है कि शेयर की कीमत कम है, जो निवेश का अच्छा समय है यदि कंपनी की संभावनाएं अच्छी हैं।

**मानक:** पीई सामान्य या स्वस्थ सीमा विभिन्न उद्योगों के अनुसार बदलती है। तकनीकी और फिनटेक कंपनियों के लिए पीई उच्च हो सकता है जबकि परंपरागत औद्योगिक क्षेत्रों के लिए यह कम हो सकता है। सामान्यत: एक औसत पीई 15-20 के बीच होता है, लेकिन यह उद्योग और बाजार की स्थितियों पर निर्भर करता है।

**कितना हो की करें निवेश**

**तुलना :** निवेश से पहले, समान कंपनियों के पीई देखें। इससे पता चलेगा कि कंपनी का रेशियो बाजार के मुकाबले कैसा है।

**विकास की संभावनाएं :** उच्च पीई का मतलब होता है कि बाजार कंपनी की वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। आप कंपनी की वित्तीय स्थिति, प्रतिस्पर्धा और संभावनाओं का विश्लेषण करें।

**प्रत्याशित लाभ :** उचित निवेश निर्णय लेने को कंपनी की संभावनाओं, वित्तीय स्थिति और अन्य फैक्टरों पर विचार करें।

याद रखें कि पीई अकेला निर्णय लेने का सही आधार नहीं है। अन्य वित्तीय संकेतकों का भी विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है।

# मत्स्य पालन के 51 हजार से ज्यादा केसीसी लंबित

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



- **30 सितंबर तक पट्टाधारकों को बांटना है ऋण, समय कम**
- **खराब प्रगति पर शासन ने जताई नाराजगी, लाभार्थी वंचित**

**अमृत विचार :** प्रदेश में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से मत्स्य पालन बढ़ाने की योजना पर बैंकों ने पानी फेर दिया है। जिलों पर ऋण लेकर मत्स्य पालन करने के लिए तालाब पट्टा धारकों द्वारा किए गए 51 हजार से ज्यादा आवेदन बैंक शाखाओं पर लंबित हैं। जो समय रहते स्वीकृति न होने से हजारों लाभार्थी मत्स्य पालन करने से वंचित हैं। जबकि मत्स्य पालकों को केसीसी के आच्छादित करने की यह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। 30 सितंबर तक ऋण वितरण करके लक्ष्य की पूर्ति करना है। जो कम समय रहते सभी आवेदन स्वीकृत करना मुश्किल है। लापरवाही का कारण केसीसी पर ऋण फंसने के डर से वितरण न करना है। जबकि वितरण वितरण का लक्ष्य बैंकों द्वारा निर्धारित किया गया था। इससे खराब स्थिति केसीसी पर पशुपालन करने की है।

### मत्स्य विभाग ने सत्यापित किए थे आवेदन

केसीसी पर ऋण के लिए पट्टाधारकों द्वारा किए गए आवेदन मत्स्य विभाग द्वारा सत्यापित करके जमा कराए गए थे। इस वजह से किसी तरह की कमी की संभावना नहीं है। इसके बाद भी सत्यापित आवेदन स्वीकृत नहीं किए गए और समय निकल गया। इस पर शासन ने नाराजगी जताई है और निदेशालय से समीक्षा करके आवेदन स्वीकृत करने के लिए सभी जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है। साथ ही स्टेट लेवल बैंकर्स कमिटी एवं महानिदेशक संस्थागत वित्त को प्रगति रिपोर्ट भेजी है।

### 1.30 लाख में 5185 आवेदन स्वीकृत

वित्तीय वर्ष में 30 सितंबर तक 1.30 लाख केसीसी पर ऋण वितरण करने का लक्ष्य है। 21 अगस्त तक 59,677 आवेदन किए गए। इसमें 2,884 आवेदन निरस्त किए गए और 5185 स्वीकृत हो पाए। जबकि 51,608 आवेदन लंबित रहे।

## औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 2.15% हुई

**नई दिल्ली।** औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति इस साल जुलाई में घटकर 2.15% रह गई। श्रम मंत्रालय ने कहा कि जुलाई, 2024 के लिए अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू (औद्योगिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) 1.3 अंक बढ़कर 142.7 अंक पर पहुंच गया। यह जून, 2024 में 141.4 अंक था। मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.54% की तुलना में जुलाई, 2024 में घटकर 2.15% रह गई।जून, 2024 में मुद्रास्फीति 3.67 प्रतिशत रही, जो जून, 2023 में 5.57% थी।

# एआई फीचर्स के साथ एपल आईफोन-16 लॉन्च

**मुंबई, एजेंसी**

- **वॉच सीरीज 10 और अल्ट्रा वॉच 2 भी पेश, 30% मिलेगी बड़ी स्क्रीन**

इट्स ग्लोटाइम इवेंट में सोमवार को एपल ने अपने नये उत्पादों को लांच किया। इसमें सबसे प्रमुख आईफोन 16, आईफोन 16+, आईफोन 16 प्रो, और आईफोन 16 प्रो मैक्स हैं। आईफोन 16 का डिस्प्ले 6.1 इंच, 16+ 6.7 इंच, 16 प्रो 6.3 इंच और 16 प्रो मैक्स 6.9 इंच है। इसमें A18 चिप है, जो बेहतर प्रदर्शन और ऊर्जा दक्षता प्रदान करती है। साथ ही एआई जो इसको और भी बेहतर बनाता है। कैमरा सेटअप में 48 एमपी प्राइमरी कैमरा, 12 एमपी टेलीफोटो और 1 2एमपी अल्ट्रा-वाइड लेंस हैं। नया सिरेमिक शील्ड ग्लास 50% अधिक मजबूत है। आईफोन 16 की कीमत अमेरिका में 799 डालर (67,083.96 रुपये) व 16+ 899 डालर (75,479.95 रुपये) है। एपल वॉच सीरीज 10 व अल्ट्रा 2 भी लॉन्च हुआ जो 30% बड़ा डिस्प्ले और 9.7 मिमी पतली डिजाइन है और यह 30 मिनट में 80% बैटरी चार्ज कर सकती है। अल्ट्रा 2 एथलीटों के लिए डिज़ाइन हुई है, यह 72 घंटे तक लो पावर मोड में चल सकती है और इसमें सटीक जीपीएस है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी में दो गिरफ्तार

**नोएडा।** एसटीएफ ने शेयर बाजार कारोबार में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी के आरोप में गिरोह के सगरना समेत दो लोगों को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ (नोएडा इकाई) के एसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि गाजियाबाद के वसुंधरा के सेक्टर-पांच में मोहन मिकिंन्स सोसाइटी के फ्लैट से दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान बागपत निवासी विनोद धामा और रविंद्र उर्फ नवाब के रूप में हुई है। दोनों ने उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और हैदराबाद के 500 से अधिक लोगों से 70 करोड़ से ज्यादा की ठगी की है।

### राहुल राज की फांसी की सजा बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बीटेक की छात्रा से दुष्कर्म और हत्या के जुर्म में राहुल राज को बेल देने से इनकार करते हुए फांसी की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ने उसकी याचिका रद कर दी। राहुल को रांची सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने फांसी की सजा दी थी, जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। न्यायाधीश आनंद सेन और गौतम चौधरी सुनवाई की।

### चार समितियों की अध्यक्षता कर सकती है कांग्रेस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस को संसद की चार स्थायी समितियों की अध्यक्षता मिलने की संभावना है, जिनमें शीर्ष चार की समिति भी है। सूत्रों ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस ने छह समितियों की अध्यक्षता की मांग की है। द्रमुक को लोकसभा और राज्यसभा में एक-एक समिति की अध्यक्षता और टीएमसी को भी एक की अध्यक्षता मिल सकती है। सपा रामगोपाल यादव की अध्यक्षता में राज्यसभा की एक समिति के लिए जोर दे रही है।

# मणिपुर राजभवन पर छात्रों ने किया पथराव, 20 घायल

### ड्रोन, मिसाइल हमलों के खिलाफ मुख्यमंत्री को छह सूत्री मांगपत्र सौंपा, छात्रों की पुलिस से झड़प

- **सुरक्षाबलों ने छात्रों को रोका, आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट दागे**

मणिपुर में हाल में हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर इंफाल में स्कूल-कॉलेज के हजारों छात्रों ने सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय और राजभवन के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस दौरान वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों में भगदड़ मच गई।

पुलिस और सुरक्षाबलों ने छात्रों को बैरिकेड लगाकर रोका और कई राउंड आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट दागे। इसमें 20 से ज्यादा छात्र घायल हो गए।



राज्य में हिंसा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों को रोकते सुरक्षाकर्मी।

छात्र राज्य में बढ़ी हिंसक घटनाओं को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें स्थानीय लोग भी हैं। रविवार को किशमपट के टिडिम रोड पर 3 किलोमीटर तक मार्च निकालने के बाद प्रदर्शनकारी राजभवन और मुख्यमंत्री आवास तक पहुंच गए। यह राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना चाहते थे। सोमवार को सुरक्षाबलों ने ज्ञापन की मांग पूरी कर दी, इसके बाद भी छात्र प्रदर्शन करते रहे। छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती तब तक वे यहां से जाएंगे नहीं, जिस पर उनकी सुरक्षाबलों से झड़प शुरू हो गई।

मणिपुर में पिछले दिनों ड्रोन से विस्फोटक गिराने और मिसाइल दागने की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई थी और दस लोग घायल हो गए थे। छात्रों ने प्राधिकारियों के स्थिति से निपटने में कथित तौर पर नाकाम रहने को लेकर निराशा व्यक्त की। उन्होंने मणिपुर जिंदाबाद, सभी अक्षम विधायक इस्तीफा दें और राज्य सरकार को एकीकृत कमान सौंपें जैसे नारे लगाए। बाद में छात्रों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और राज्यपाल एल आचार्य से मुलाकात की। छात्रों ने बताया कि उन्होंने हिंसा पर काबू पाने में नाकाम पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और सुरक्षा सलाहकार को पद से हटाने समेत छह मांगें रखी हैं।

### मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त किया जाए: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं को लेकर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। इंफाल वेस्ट जिले के कौत्रुक गांव में रिमोट नियंत्रित ड्रोन का इस्तेमाल करके गत एक सितंबर को हमला किया गया था जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी तथा नौ अन्य घायल हो गए थे। इससे अगले दिन तीन किलोमीटर दूर सेंजाम चिरांग में फिर से ड्रोन का इस्तेमाल किया गया और इस हमले में तीन लोग घायल हुए।

## मुस्लिम युवाओं को क्रिप्टो करेंसी से आईएस में भर्ती की हुई साजिश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**रामेश्वरम कैफे विस्फोट**

- **एनआईए ने चार लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया**

एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट में चार आरोपियों के खिलाफ सोमवार को आरोपपत्र दाखिल किया। एनआईए ने कहा कि मुसाविर हुसैन शाजिब, अब्दुल मतीन अहमद ताहा, माज मुनीर अहमद और मुजम्मिल शरीफ न्यायिक हिरासत में हैं। ताहा और शाजिब को उनके आका ने क्रिप्टो करेंसी से धन दिया था, जिससे मुस्लिम युवाओ को आईएस में भर्ती करने और आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की योजना थी।

आरोपियों ने धन का इस्तेमाल बेंगलुरु में हिंसा की कई घटनाओं के लिए किया था। इनमें 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन, बेंगलुरु के मल्लेश्वरम स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय पर विफल आईईडी हमला भी है, जिसके बाद दो प्रमुख आरोपियों ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट की योजना बनाई थी। आरोपपत्र बेंगलुरु की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल किया गया। इस साल एक मार्च को बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड स्थित रामेश्वरम कैफे में हुए आईईडी विस्फोट में नौ लोग घायल हो गए थे। एनआईए को जांच से पता चला कि शाजिब ने बम रखा था। शाजिब और ताहा अल-हिंद मॉड्यूल का भंडाफोड़ होने के बाद से फरार थे, जिनको पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया था।

# कांग्रेस करे फैसला, नहीं तो सभी 90 उम्मीदवारों की कर देंगे घोषणा : आप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आप की हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उसके साथ गठबंधन को अंतिम रूप देने में विफल रहती है तो पार्टी आज शाम तक सभी 90 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।

गुप्ता ने कहा कि आप सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। गठबंधन के संबंध पर उन्होंने कहा कि हम शाम तक 90 सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी करेंगे। आप जितनी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है उनकी संख्या को लेकर दोनों पार्टियों में बातचीत अटकी हुई है। पार्टी 10 सीटों की मांग कर रही है, जबकि कांग्रेस पांच सीटों की पेशकश कर रही है।

### आप ने हरियाणा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** आप ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिससे कांग्रेस के साथ गठबंधन के लिए वार्ता में बाधा पैदा होने का संकेत मिलता है। आप नेता अनुराग ढांडा को कलायत से और इंदु शर्मा को भिवानी से मैदान में उतारा है। विकास नेहरा को महम से और बिजेंद्र हुड्डा को रोहतक से मैदान में उतारा गया है। आप कितनी सीट पर चुनाव पर लड़ेगी, इसको लेकर बातचीत अटक गई है।

# कोर्ट ने जरूरी दस्तावेज नहीं होने पर जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**चिकित्सक से दरिंदगी**

- **सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को जांच पर 17 तक नई रिपोर्ट जमा करने का दिया निर्देश**

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना के मामले में पोस्टमार्टम के लिए जरूरी दस्तावेज नहीं होने पर सोमवार को चिंता जताई। साथ ही पीठ ने सीबीआई से इसकी जांच करने को कहा।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि चालान के इस्तेमाल का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने सीबीआई और पश्चिम बंगाल सरकार से जवाब मांगा। पीठ ने कहा कि जब शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सौंपा गया था तो इसका चालान कहां है? पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी हैं। सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को सूचित किया कि चालान उनके रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं है। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ से कहा कि उन्हें तत्काल दस्तावेज नहीं मिल पाया है और वह इस बारे में बाद में अदालत को बताएंगे। न्यायालय ने प्राथमिकी दर्ज होने में कोलकाता पुलिस की ओर से की गई कम से कम 14 घंटे की देरी पर भी सवाल उठाया। न्यायालय ने सीबीआई को जांच पर 17 सितंबर तक नई रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

### केंद्र की साजिश में वामपंथी दल शामिल हैं : ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि कोलकाता में चिकित्सक से हुई घटना जन आक्रोश को लेकर केंद्र साजिश रच रहा है। उन्होंने दावा किया कि इसमें कुछ वामपंथी दल भी हैं। राज्य सचिवालय नबान्न में प्रशासनिक समीक्षा बैठक में ममता ने यह भी दावा किया कि उन्होंने मृतक चिकित्सक के माता-पिता को कभी पैसों की पेशकश नहीं की। उन्होंने लोगों से दुर्गा पूजा नजदीक होने पर उत्सवों की ओर लौटने का अनुरोध किया।

## 23 अक्टूबर को केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को 23 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया, जिसमें उन्होंने धनशोधन मामले की जांच में ईडी से जारी समन को चुनौती दी है। सुनवाई टालते हुए न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और अमित शर्मा की पीठ ने कहा कि ईडी के जवाब पर केजरीवाल का प्रत्युत्तर रिकॉर्ड पर नहीं है। केजरीवाल के वकील ने कहा कि प्रत्युत्तर दायर हुआ है, हो सकता है कि कोर्ट के रिकॉर्ड में न हो।

## आईआईटी गुवाहाटी के छात्रावास में मृत मिला उत्तर प्रदेश का छात्र

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के छात्रावास के कमरे में सोमवार को कंप्यूटर विज्ञान का छात्र मृत मिला। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी छात्र का शव ब्रह्मपुत्र छात्रावास के उसके कमरे में मिला। वह कंप्यूटर विज्ञान में तीसरे वर्ष का छात्र था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस साल गुवाहाटी आईआईटी में किसी छात्र की मौत की यह चौथी घटना है। नौ अगस्त को एक छात्रा का शव कमरे में फंदे से लटका मिला था। प्रवक्ता ने कहा कि गुवाहाटी आईआईटी को बेहद दुख के साथ सूचना देनी पड़ रही है कि हमारे समुदाय के एक छात्र की मौत हो गई है। हम इस कठिन समय में छात्र के परिवार, दोस्तों और प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

# स्कूल में कराई शादी, कोर्ट ने आरओ लगवाने की दी सजा

**हमीरपुर (हिप्र), एजेंसी**

हिमाचल हाईकोर्ट ने हमीरपुर के सरकारी स्कूल में बेटे की शादी आयोजित करने के लिए शिक्षिका को परिसर में दो वाटर प्यूरीफायर लगवाने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि यह कार्यक्रम पांच नवंबर 2021 को सुलगावान गांव के सरकारी प्राथमिक विद्यालय जाहू कलां में हुआ था, जिसमें प्रधानाध्यापक और अन्य कर्मचारी मौजूद थे। वहीं के शशिकांत ने इसकी शिकायत स्कूल प्रशासन और ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा विभाग को ईमेल से की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत की थी। कार्रवाई नहीं होने पर शशिकांत ने आरटीआई के तहत तथ्य जुटाए। उन्होंने अप्रैल 2022 में हाईकोर्ट में याचिका दायर कर 2012 के अदालत के आदेश का हवाला दिया। जिसके तहत सरकारी स्कूलों में राजनीतिक या निजी कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## मोदी ने पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया है। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर है और प्रधानमंत्री ने उससे पहले लोगों से यह आग्रह किया है। मोदी ने समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जमीनी स्तर के नायकों को पहचानने के महत्व पर जोर दिया। नामांकन प्रक्रिया के पारदर्शी और भागीदारीपूर्ण दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने प्राप्त नामांकन की संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त की है और अधिक लोगों से आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों के लिए योग्य उम्मीदवारों को नामांकित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स कहा कि पिछले दशक में, हमने अनगिनत जमीनी स्तर के नायकों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है।

# जेल में बंद आरोपी दूसरे आपराधिक मामले में अग्रिम जमानत का हकदार है : न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **तीन न्यायधीशों की पीठ ने की सुनवाई, बोले- गिरफ्तारी के बाद जमानत का आवेदन एकमात्र उपाय**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी मामले में हिरासत में बंद आरोपी दूसरे मामले में यदि गिरफ्तार नहीं हुआ है तो वह अग्रिम जमानत पाने का हकदार है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ उस कानूनी प्रश्न पर सुनवाई कर रही थी कि क्या जेल में बंद आरोपी को किसी अन्य आपराधिक मामले में गिरफ्तारी पूर्व जमानत के लिए अर्जी देने का अधिकार है?

न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि एक आरोपी तब तक अग्रिम जमानत पाने का हकदार है जब तक उसे उस अपराध के संबंध में गिरफ्तार नहीं किया गया है और यदि उसे उस मामले में भी गिरफ्तार किया गया है तो नियमित जमानत के लिए आवेदन करना एकमात्र उपाय है। यह फैसला 2023 में दाखिल धनराज अश्वनी की याचिका पर आया है जिसमें यह सवाल उठाया गया था। पीठ ने कहा कि ऐसा कोई स्पष्ट प्रतिबंध नहीं है जो किसी आरोपी को किसी अन्य अपराध के संबंध में हिरासत में होने पर अग्रिम जमानत देने के लिए सत्र या उच्च न्यायालय को रोकता है। किसी मामले में हिरासत में होने का प्रभाव किसी दूसरे मामले में गिरफ्तारी की आशंका को दूर करने पर नहीं पड़ता है।

# गिलेस्पी ने दी पीसीबी को सलाह, बोले- कप्तानों को जल्दबाजी में बर्खास्त न करें

कराची, एजेंसी



● गैरी कर्स्टन और जेसन ने बोर्ड से कहा- टीम की बेहतरी के लिए कप्तानी में चाहते हैं निरंतरता

पाकिस्तान के सीमित ओवरों और टेस्ट टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी ने देश के क्रिकेट बोर्ड को सभी प्रारूपों में हालिया खराब प्रदर्शन के बाद जल्दबाजी में कप्तान नहीं बदलने की सलाह दी है।

भारत में 2023 में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के राउंड रॉबिन दौर से बाहर होने के बाद बाबर आजम को सीमित ओवरों की कप्तानी से बर्खास्त कर दिया गया था। उनकी जगह लेने वाले शाहीन शाह अफरीदी को एक खराब शृंखला के बाद हटा दिया गया था। इसी तरह टेस्ट में बाबर के इस्तीफा देने के बाद, शान मसूद को कप्तान बनाया था।

पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि मसूद और बाबर की बर्खास्तगी के बारे में हालिया मीडिया अटकलें कयास से ज्यादा कुछ नहीं हैं। कप्तानों को बदलने पर कोई चर्चा नहीं हुई है क्योंकि पीसीबी अध्यक्ष नकवी ने यह फैसला दोनों कोच और चयनकर्ताओं पर छोड़ा है। कर्स्टन और गिलेस्पी बहुत स्पष्ट है कि शान और बाबर दोनों को उनकी नेतृत्व क्षमता का आकलन करने से पहले उचित समय दिए जाने की जरूरत है। दोनों कोच कप्तानी में निरंतरता चाहते हैं और उन्होंने यह बात बता दी है।

# पंत टेस्ट के महान खिलाड़ी बनने की राह पर : गांगुली



कोलकाता, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सर्वकालिक महान खिलाड़ी बनने की राह पर हैं, लेकिन साथ ही उन्हें छोटे प्रारूपों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में चोटिल होने के बाद पंत को रविवार को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और पूरी उम्मीद है कि बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए उन्हें अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा। पंत ने इस साल के शुरू में सीमित ओवरों के प्रारूप में वापसी की थी और इनमें अच्छा प्रदर्शन किया था।



● भारत के पूर्व कप्तान सौरव बोले- भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का इंतजार कर रहा हूं, वहां होगी भारतीय टीम की असली परीक्षा

गांगुली ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा मैं ऋषभ पंत को भारत के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से एक मानता हूं। उनकी टेस्ट क्रिकेट में वापसी से मैं हैरान नहीं हूं। वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में खेलते रहेंगे। अगर वह इसी तरह प्रदर्शन करता रहा तो टेस्ट क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल हो जाएगा। मेरा मानना है कि उसे छोटे प्रारूपों में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। वह प्रतिभाशाली है और मुझे यकीन है कि वह जल्द ही ऐसा करने में सफल रहेगा। मोहम्मद शमी को टखने के ऑपरेशन के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया लेकिन गांगुली को विश्वास है कि यह तेज गेंदबाज इस साल के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियाई दौरे से पहले पूरी तरह फिट हो जाएगा। मैं जानता हूं कि मोहम्मद शमी चोटिल होने के कारण टीम में शामिल नहीं है लेकिन वह जल्द ही वापसी करेगा क्योंकि भारत को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का इंतजार कर रहा हूं। टीम की वहां असली परीक्षा होगी।

## खेल डायरी

### गीली आउटफील्ड के कारण पहले दिन का खेल रद्द

न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान टेस्ट



**ग्रेटर नोएडा।** न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट के शुरुआती दिन सोमवार को यहां गीली आउटफील्ड के कारण खेल संभव नहीं हो सका। मैच अधिकारियों ने दिन भर कई बार निरीक्षण किया लेकिन परिस्थितियां खिलाड़ियों के मैदान में उतरने के लिए उपयुक्त नहीं थीं। सोमवार को बारिश नहीं हुई लेकिन आधुनिक ड्रेनेज (जल निकासी) व्यवस्था के अभाव के कारण पिछले सप्ताह भारी बारिश से मैदान प्रभावित हुआ। पूरे सप्ताह बारिश और तूफान के पूर्वानुमान के कारण यह देखना होगा कि टेस्ट मैच खराब मौसम से कितना प्रभावित होता है। अफगानिस्तान को 2017 में टेस्ट दर्जा मिला है और न्यूजीलैंड के खिलाफ यह उनका पहला टेस्ट मैच है। अफगानिस्तान ने अब तक 10 टेस्ट मैच खेले हैं। उसे बांग्लादेश, श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ अपनी पिछली तीन टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड के लिए यह इस साल मार्च के बाद पहला टेस्ट मैच है।

### वैशाली के लिए ग्लोबल शतरंज आनंद से सीखने का मौका

**लंदन।** भारतीय ग्रैंड मास्टर आर वैशाली तीन से 12 अक्टूबर तक यहां होने वाले ग्लोबल शतरंज लीग में पहली बार भाग लेने को लेकर काफी उत्साहित हैं क्योंकि इसमें उन्हें अपनी टीम के साथी और दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद से कुछ नया सीखने को मिलेगा। वैशाली को इस प्रतियोगिता में पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद के साथ गैंजेज ग्रैंडमास्टर्स की टीम में रखा गया है जबकि उनके भाई आर प्रज्ञाननंदा नार्वे के मैगनस कार्लसन के साथ अल्पाइन एसजी पाइपर्स की टीम में शामिल हैं। वैशाली ने कहा मैं उस टीम में हूं जिसमें विशी (आनंद) सर हैं। उनके साथ खेलना मेरे लिए विशेष होगा। इस तरह के टूर्नामेंट से निश्चित तौर पर खिलाड़ियों को अपने खेल में सुधार करने में मदद मिलेगी। यह मेरे लिए कुछ नया सीखने का शानदार मौका होगा।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों को मिला वीजा

**लाहौर।** भारतीय उच्चायोग से वीजा मिलने के बाद पाकिस्तान का 12 सदस्यीय दल दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स महासंघ (सैफ) जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को चेन्नई के लिए रवाना हो गए। एक अधिकारी ने पुष्टि की कि शनिवार को वीजा मिलने के बाद एथलीट और अधिकारी चेन्नई के लिए रवाना हो गए हैं। अधिकारी ने कहा पाकिस्तान का दल वाघा सीमा के रास्ते रवाना हो गया है, जहां से वे अमृतसर जाएंगे और वहां से विमान से चेन्नई पहुंचेंगे जहां दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। बाद में इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा कि पाकिस्तानी दल वाघा सीमा पर पहुंच गया है। एएफआई ने टीम की तस्वीर के साथ ट्वीट किया पाकिस्तान की जूनियर एथलेटिक्स टीम और अधिकारी आज अमृतसर में वाघा सीमा पर पहुंच गए हैं। सैफ जूनियर चैंपियनशिप 11 से 13 तक चेन्नई में आयोजित की जाएगी।

### दक्षिण अफ्रीका ने शृंखलाओं के लिए घोषित की टीम

**केपटाउन।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की मेजबानी में दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान और आयरलैंड के साथ होने वाली एकदिवसीय और टी-20 शृंखला के लिए टीम की घोषणा की है। दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के प्रमुख कोच रॉब वाल्टर ने टीम की घोषणा करते हुए कहा कि ऑलराउंडर एंडिले सिमेलेने को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। टी-20 खेल चुके ऑलराउंडर जेसन स्मिथ और स्पिनर नकबा पीटर एकदिवसीय टीम में पर्दापण करेंगे। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार तेम्बा बावुमा अफगानिस्तान और आयरलैंड दोनों सीरीज के लिए एकदिवसीय टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि एडेन मारक्रम टी-20 टीम की अगुआई करेंगे। अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय टीम में तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नंद्रे बर्गर, डी जोर्जी, फोर्टुइन, हेंड्रिक्स, एडेन मारक्रम, मुल्डर, लुंगी एन्गिडी, फेहलुकवेओ, नकाबा पीटर, एंडिले, स्मिथ, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन और लिजाद विलियम्स शामिल हैं।

# भारत ने ध्वस्त किया जापान का डिफेंस

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम ने जापान को 5-1 से हराकर हासिल की लगातार दूसरी जीत

● पिछले चरण की उपविजेता टीम मलेशिया से कल भिड़ेगी भारतीय टीम 17 सितंबर को खेला जाएगा फाइनल

हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी



एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के लीग मैच में जापान के खिलाफ गोल दागने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

सुखजीत सिंह के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के लीग मैच में जापान को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सुखजीत ने दूसरे और 60वें मिनट में गोल किए जबकि अभिषेक (तीसरे), संजय (17वें) और उत्तम सिंह (54वें) अन्य गोल करने वाले भारतीय खिलाड़ी रहे।

मात्सुमोतो काजुमासा ने 41वें मिनट में जापान के लिए एक गोल किया। रविवार को अपने शुरुआती राउंड-रॉबिन लीग मैच में चीन को 3-0 से हराने वाली चार बार की चैंपियन भारतीय टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जबकि जापान की टीम ने पांच पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। भारत ने मैच के दूसरे मिनट में ही सुखजीत के शानदार मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। सर्कल के दाईं ओर खड़े संजय ने क्रॉस किया जिसे सुखजीत ने तेजी से डिफ्लेक्ट कर दिया। भारत ने अगले मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी जब अभिषेक ने कई जापानी डिफेंडरों को चकमा देते हुए गोलकीपर को हैरान करके गोल कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी यही आक्रामक सिलसिला जारी रहा जब संजय ने 17वें मिनट में शानदार पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। हाफ टाइम तक 3-0 की बढ़त के साथ भारत अच्छी स्थिति में था।

टूर्नामेंट के पिछले चरण में तीसरे स्थान पर रहने वाली जापानी टीम ने 21वें मिनट में पेनलटी कॉर्नर हासिल करने के लिए हमले तेज किए, लेकिन जापान के ड्रैग फ्लिकर भारतीयों के सामने नाकाम रहे। भारतीय टीम ने तेजी से जवाबी हमला किया और इस दौरान जुगराज सिंह ने फ्री हिट हासिल की, पर इसका कोई फायदा नहीं मिला। दूसरे क्वार्टर में एक गोल से भारत ने दबदबा बनाये रखा। इस दौरान उन्होंने 11 बार सर्कल में प्रवेश किया और गोल पर तीन शॉट लगाए। हाफ-टाइम ब्रेक के बाद भारत ने फुर्ती बनाए रखने की कोशिश की। फिर जापान के लिए 41वें मिनट में काजुमासा ने मैदानी गोल कर दिया। भारत के लिए चौथे गोल का श्रेय जर्मनप्रीत सिंह के अच्छे स्टिक वर्क को जाता है जिन्होंने बेहतरीन मैदानी गोल करने में उत्तम सिंह की मदद की। फिर अभिषेक की सहायता से सुखजीत ने 60वें मिनट में अपने नाम एक और गोल किया।

मैच के नायक अभिषेक ने कहा आज पूरी टीम ने प्रयास किया और हमने बेसिक्स पर ध्यान दिया। हमने अच्छा आक्रमण किया और सुनिश्चित किया कि हम गोल पर ध्यान लगाए रहें। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम बुधवार को पिछले चरण की उपविजेता टीम मलेशिया से भिड़ेगी। मंगलवार को आराम का दिन है। छह टीमों के बीच राउंड-रॉबिन लीग के बाद शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को खेले जाने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। फाइनल 17 सितंबर को होगा।

# रोनाल्डो के रिकॉर्ड 132वें गोल से जीती पुर्तगाल टीम

**लंदन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फिर से साबित किया कि वह 39 वर्ष के होने के बावजूद पुर्तगाल के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने मध्यांतर के बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा और 88वें मिनट में निर्णायक गोल किया।

इससे पुर्तगाल ने नेशन्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। पांच बार वर्ष के विश्व में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो का यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 132वां गोल था जो विश्व रिकॉर्ड है। रोनाल्डो यूरोपीय चैंपियनशिप के पांच मैच में गोल नहीं कर पाए थे लेकिन पुर्तगाल के कोच रॉबर्ट मार्टिनेज ने इस दिग्गज खिलाड़ी पर भरोसा बनाए रखा और उनका यह फैसला सही साबित हो रहा है। गुरुवार को क्रोएशिया पर 2-1 की जीत में भी रोनाल्डो ने अहम भूमिका निभाई थी। इस मैच में उन्होंने क्लब और देश की तरफ से कुल मिलाकर अपने करियर का 900वां गोल किया था।

### 100वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने पर होगा हैरी केन का सम्मान

**लंदन।** इंग्लैंड के फुटबॉल टीम कप्तान हैरी केन को मंगलवार को वेम्बली में फिनलैंड के खिलाफ नेशंस लीग मैच से पहले अपने देश के लिए 100वां मैच खेलने के अवसर पर सोने की टोपी प्रदान की जाएगी। इंग्लैंड की टीम मंगलवार को फिनलैंड के खिलाफ खेलेगी। बायर्न म्यूनिख का यह दिग्गज स्ट्राइकर इस मुकाबले में 100 मैच खेलने वाला इंग्लैंड का 10वां खिलाड़ी बनेगा। वह 2014 में वेन रूनी के बाद इस उपलब्धि को हासिल करने वाले देश के पहले खिलाड़ी होंगे। केन के नाम इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 66 अंतर्राष्ट्रीय गोल करने का रिकॉर्ड है।

# भारतीय टीम ने जीते सात स्वर्ण सहित 21 पदक : एनआरएआई

नई दिल्ली, एजेंसी

बधिर निशानेबाजी विश्व कप



भारतीय राष्ट्रीय राइफल महासंघ (एनआरएआई) ने सोमवार को बताया कि भारत ने जर्मनी के हनोवर में दूसरी विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में सात स्वर्ण सहित 21 पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। रविवार को समाप्त हुए टूर्नामेंट में भारत ने सात रजत और इतने ही कांस्य पदक भी जीते।

एनआरएआई की एक विज्ञप्ति के अनुसार, यूक्रेन सात स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर और मेजबान जर्मनी दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। स्पर्धा के आखिरी दिन माहित संधू ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में स्वर्ण पदक जीता। अभिनव देशवाल ने पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि चेतन हनमंत सपकाल ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम में 13 निशानेबाज शामिल थे जिन्होंने चैंपियनशिप की 16 में से 15 स्पर्धाओं में भाग लिया।

# सिनर के सिर सजा अमेरिकी ओपन का ताज

न्यूयॉर्क, एजेंसी




अमेरिकी ओपन जीतने बाद ट्रॉफी को चुमते यानिक सिनर। ● एजेंसी

● सिनर ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराया, लंबा हुआ अमेरिका का इंतजार

पिछले दिनों डोपिंग मामले में दोष मुक्त होने वाले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता। सिनर ने आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में फ्रिट्ज के खिलाफ अपने बेसलाइन के खेल का शानदार नमूना पेश किया और 6-3, 6-4, 7-5 से जीत दर्ज करके अमेरिका का वर्ष के इस अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खिताब जीतने का पिछले 21 वर्षों से चला आ रहा इंतजार बढ़ा दिया।

इटली के 23 वर्षीय सिनर ने कहा मेरे लिए यह ट्रॉफी काफी मायने रखती है क्योंकि मेरे करियर का पिछला कुछ समय काफी मुश्किल भरा था। सिनर के करियर का यह दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। उन्होंने इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भी पुरुष एकल की ट्रॉफी जीती थी। फ्रिट्ज के पास अमेरिका का इंतजार खत्म करने का मौका था लेकिन फाइनल में उनकी सिनर के सामने एक नहीं चली जिससे दर्शक काफी मायूस हुए। एंडी रोडिक अमेरिका के आखिरी खिलाड़ी थे जिन्होंने अमेरिकी ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता था। उन्होंने 2003 में यहां ट्रॉफी जीती थी। फ्रिट्ज पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रहे थे। वह 2009 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के पहले पुरुष खिलाड़ी थे। उनसे पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पहुंचने वाले आखिरी खिलाड़ी भी रोडिक थे जो 2009 में विंबलडन में रोजर फेडरर से हार गए थे।

## बॉलीवुड हलचल



# दक्षिण भारतीय फिल्मों में दिखाई जाती हैं जड़ों से जुड़ी कहानियां : तमन्ना

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया का कहना है कि दक्षिण भारतीय फिल्मों में जड़ों से जुड़ी कहानियां दिखाई जाती हैं, इसलिये उन्हें वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल हो रही है। तमन्नया भाटिया दक्षिण भारतीय फिल्मों के साथ ही बॉलीवुड फिल्मों में भी सक्रिय हैं। तमन्ना भाटिया ने दक्षिण भारतीय फिल्म और बॉलीवुड की फिल्मों के बीच अंतर बताया है। तमन्ना भाटिया का मानना है कि दक्षिण भारतीय फिल्मों में जड़ों से जुड़ी कहानियां दिखाई जाती हैं और यही वजह है कि उन्हें वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल हो रही है और फिल्में डबिंग वगैरह के जरिए लोगों तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारतीय फिल्मों में केवल वही बात कहने की कोशिश की जा रही है, जिसे वे अच्छे से जानते हैं। दक्षिण की फिल्मों में वहां की भौगोलिक स्थिति के बारे में खूब बात होती हैं।

# स्त्री-2 ने तोड़ा गदर-2 का रिकार्ड



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2 ने फिल्म गदर 2 का रिकार्ड तोड़ते दिया है और यह फिल्म हिंदी में सबसे अधिक कमाई करने वाली चौथी फिल्म बन गई है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं।अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म स्त्री 2, हर दिन बॉक्स ऑफिस पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर चौथे वीकेंड में एक और बड़ा रिकॉर्ड बनाया। इस फिल्म ने गदर 2 के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ते हुए भारत में अब तक की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई। सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने 525 .7 करोड़ रुपये की कमाई की थी। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, स्त्री 2 ने अपने 25वें दिन इस आंकड़े को पार करते हुए कुल 527 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। भारतीय बाजार में नेट कमाई के मामले में शाहरूख खान की फिल्म जवान 640 करोड़ रूपये की कमाई के साथ पहले नंबर पर रहे। दूसरे नंबर पर रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल है जिसने 553 करोड़ की कमाई की। तीसरे नंबर पर शाहरूख की हीं फिल्म पठान है, जिसने नेट 543 करोड़ की कमाई की है। फिल्म स्त्री 2 का निर्माण दिनेश विजान ने मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर किया है।

# फिल्म कन्नप्पा की टीम ने जारी किया पोस्टर




**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार के 57वें जन्मदिन के मौके पर कन्नप्पा की टीम ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके किरदार का एक मनमोहक पोस्टर भी साझा किया। अक्षय जल्द ही तेलुगु फिल्म कन्नप्पा में भगवान शिव की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में हैं। कन्नप्पा फिल्म के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट में लिखा गया @अक्षय कुमार को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! इस फिल्म में भगवान शिव का आपका चित्रण आपके अटूट समर्पण का प्रमाण है। टीम #कन्नप्पा आपको आज और हमेशा खुश रहने की कामना करती है। पोस्टर में अक्षय का चेहरा सामने नहीं आया है, लेकिन पवित्र रुद्राक्ष माला से सजी उनकी भुजाओं ने प्रशंसकों का उत्साह दोगुना कर दिया। कन्नप्पा का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह द्वारा किया गया है और फिल्म मांचू के बैनर एवीए एंटरटेनमेंट और 24 फ्रेम्स फैक्ट्री द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में प्रीति मुकुंदन, मोहनलाल, मोहन बाबू, आर सरथकुमार, ब्रह्मानंदम, मधु और मुकेश ऋषि भी हैं। इसे तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, सहित हिंदी और अंग्रेजी भाषा में रिलीज किया जाएगा। कन्नप्पा एक पौराणिक कल्पना है। रिलीज डेट का अभी खुलासा नहीं किया गया है।

### नेगेटिव बातों से खुद को दूर बनाए रखती हैं अनन्या पांडे

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे का कहना है कि वह नेगेटिव बातों से खुद को दूर रखती है। बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे की बेटी की इन दिनों अपनी वेबसीरीज कॉल मी बे को लेकर चर्चा में है। अनन्या ने बताया कि वह नेगेटिव बातों से खुद को दूर रखती हैं। अनन्या पांडे ने कहा, मैं अच्छे काम पर फोकस कर रही हूं, लोगों को जो कहना है कहते रहें, मुझपर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। हर किसी का एक नजरिया होता है, जजमेंट होता है। लोग हर तरह की बातें करते हैं। मैंने भी समय के साथ कई चीजें सीखी हैं। मैं फालतू के जजमेंट्स पर ध्यान नहीं देती। आप कितना भी कुछ कर लो, लोग कुछ न कुछ नेगेटिव ढूंढ़ ही लेंगे इसलिए बेहतर है कि आप अपने काम पर फोकस करो।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### कुवैत के तेल मंत्री इमाद अतीकी बर्खास्त

**दोहा।** कुवैत के अमीर (बादशाह) मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह ने उप प्रधानमंत्री एवं तेल मंत्री इमाद अतीकी को बर्खास्त कर दिया है। अमीर ने वित्त मंत्री एवं आर्थिक मामलों की मंत्री नूरा फासम को उनके मौजूदा कर्तव्यों के अलावा कार्यवाहक तेल मंत्री के रूप में नियुक्त किया।

### विज्ञापन को लेकर गूगल पर एक और मुकदमा

**एलेक्जेंड्रिया।** गूगल के सर्च इंजन को एक न्यायाधीश द्वारा अवैध एकाधिकार वाला बताए जाने के करीब एक महीने बाद प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी को उसकी विज्ञापन तकनीक को लेकर एक और मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। न्याय विभाग का तर्क है कि गूगल ने ऑनलाइन प्रकाशकों को विज्ञापनदाताओं से मिलाने वाली तकनीक पर एकाधिकार बनाया है।

### फंड जारी करने में देरी पर आईएमएफ की आलोचना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) पर देश में पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट के सत्ता में आने के बाद जानबूझकर फंड जारी करने में देरी करने का आरोप लगाते हुए संगठन की आलोचना की तथा उसकी मंशा पर सवाल उठाए।

### जनरल मलिक ने लिया अंगदान का संकल्प

**चंडीगढ़।** पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल वीपी मलिक ने पीजीआईएमईआर में आयोजित अंगदान जागरूकता शिविर के दौरान अपने अंग दान करने का संकल्प लिया। जनरल मलिक ने कहा कि मैंने हमेशा हरसंभव तरीके से अपने देश की सेवा करने में विश्वास किया है। अंगों का दान करना मेरे जीवनकाल के बाद भी सेवा को जारी रखने का तरीका है।

### दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को उनके देश भेजा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि भारत की सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को असम पुलिस ने उनके देश वापस भेज दिया। शर्मा ने 'एक्स' पर कहा कि असम पुलिस ने करीमगंज जिले में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर दो घुसपैठियों को रोका। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि इन दो विदेशी नागरिकों को सीमा पर कब पकड़ा गया।

### बांग्लादेश को 1 लाख डॉलर की मदद देगा सिंगापुर

**सिंगापुर।** सिंगापुर ने रविवार को पूर्वी बांग्लादेश में भीषण बाढ़ के बाद सिंगापुर रेड क्रॉस (एसआरसी) के सार्वजनिक धन जुटाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया है। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह योगदान मानवीय राहत प्रयासों और प्रभावित समुदायों की तत्काल जरूरतों को समर्थन प्रदान करेगा। पांच सितंबर को एसआरसी ने बांग्लादेश में आपातकालीन कार्यों के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया था।

## इजराइल की सीरिया में भीषण गोलीबारी, 18 लोगों की मौत

**दमिश्क, एजेंसी**

● 40 से अधिक घायल, वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र को भी बनाया निशाना

इजराइल ने रविवार देर रात सीरिया के कई इलाकों में हमले किए जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 से अधिक लोग घायल हो गए। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना ने बताया कि रविवार देर रात मध्य सीरिया के कई इलाकों में इजराइली हमले हुए, जिसके बाद हमास प्रांत में एक राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गया और आग लग गई, जिसके बाद सोमवार सुबह दमकलकर्मी आग पर काबू करने के लिए जूझते दिखे।

पश्चिमी हमास प्रांत के मस्याफ नेशनल हॉस्पिटल द्वारा दी गई शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार मरने वालों की संख्या चार थी। अस्पताल प्रमुख फैसल हैदर के हवाले से 'सना' ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मरने वालों की संख्या 18 हो गई है जबकि 40 अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ब्रिटेन से संचालित युद्ध निगरानी संस्था 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' की रिपोर्ट के अनुसार एक हमले में मस्याफ में एक वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र और उन अन्य स्थलों को निशाना बनाया गया जहां ईरानी मिलीशिया और विशेषज्ञ सीरिया में हथियार विकसित करने के लिए ठहरे थे।

स्थानीय मीडिया ने तटीय शहर टार्टस के आसपास भी हमले की सूचना दी। इजराइल की सेना की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इजराइल ने हाल के वर्षों में युद्धग्रस्त सीरिया के सरकारी नियंत्रण वाले हिस्सों में सैकड़ों हमले किए हैं, लेकिन उसने कभी इन हमलों को स्वीकार नहीं किया है।

## अवसाद, चिंता, अकेलापन खत्म कर रहे जीने की चाहत

### विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस

दस सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आत्महत्या के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके प्रति लोगों को संवेदनशील बनाना है। आत्महत्या एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्या है, जो विश्वभर में एक बड़ी चुनौती बन गई है। हर साल लाखों लोग इसके शिकार होते हैं, जिसमें युवा पीढ़ी अधिक प्रभावित होती है। आत्महत्या के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनमें अवसाद, चिंता, अकेलापन और सामाजिक दबाव शामिल हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम आत्महत्या के बारे में खुलकर बात करें।



### भारत में आत्महत्या की औसत दर

भारत में आत्महत्या की दर वैश्विक औसत से कम है। दुनिया में प्रति वर्ष लगभग 8 से 10 लाख लोग आत्महत्या करते हैं, इनमें से करीब 1 लाख 35 हजार भारत के हैं। भारत के दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में आत्महत्या की दर 7.9 से बढ़कर 10.3 प्रति एक लाख हो गई। 2012 में तमिलनाडु (12.5%), महाराष्ट्र (11.9%), और पश्चिम बंगाल (11.0%) में आत्महत्याओं का उच्चतम अनुपात था।

### किशोरों में बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति

किशोर आत्महत्या के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, और इसके पीछे मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं प्रमुख कारण हैं। स्कूल-कॉलेज की पढ़ाई का तनाव, एग्जाम का प्रेशर, जॉब की टेंशन, शर्मिंदगी और तरह-तरह की नकारात्मक भावनाओं से टीन एजर्स काफी घिरे रहते हैं। जब उनके मन में नकारात्मकता बहुत अधिक बढ़ जाती है और वे स्थिति से लड़ नहीं पाते हैं तो वे आत्महत्या जैसी कदम उठाते हैं। आत्महत्या को रोकने के लिए समय पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग करना और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज करना आवश्यक है। लोगों के बीच समय बिताना, गेम्स खेलना, म्यूजिक सुनना, खानपान अच्छा रखना और एक्सरसाइज, योग और मेडिटेशन करना कुछ उपाय हैं जो मदद कर सकते हैं।

### मोबाइल, टीवी संस्कृति का भी प्रभाव

मोबाइल और टीवी पर दिखाए जाने वाले कार्यक्रमों में अक्सर नकारात्मक संदेश और हिंसा दिखाई जाती है, जो युवाओं को नकारात्मक विचारों की ओर धकेल सकती है। मोबाइल और टीवी के अधिक उपयोग से युवा अकेलापन महसूस कर सकते हैं, जो उन्हें आत्महत्या की ओर धकेल सकता है।

### कई कारक हैं जिम्मेदार

- मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं : अवसाद, चिंता, और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं आत्महत्या के प्रमुख कारक हो सकती हैं।
- जीवन की परिस्थितियां : जीवन की कठिन परिस्थितियां, जैसे कि आर्थिक समस्याएं, रिश्तों में समस्याएं और सामाजिक अलगाव आत्महत्या के कारक हो सकते हैं।
- दुर्व्यवहार और हिंसा : शारीरिक, मानसिक या यौन दुर्व्यवहार भी आत्महत्या के कारक हो सकते हैं।
- नशीली दवाओं का सेवन : नशीली दवाओं का सेवन आत्महत्या के जोखिम को बढ़ा सकता है।
- पारिवारिक इतिहास : अगर परिवार में पहले आत्महत्या की घटनाएं हुई हैं तो इसका जोखिम बढ़ सकता है।
- अकेलापन और सामाजिक अलगाव : अकेलापन और सामाजिक अलगाव आत्महत्या के कारक हो सकते हैं।
- चिकित्सा समस्याएं : कुछ चिकित्सा समस्याएं, जैसे कि गंभीर दर्द या असाध्य बीमारी, आत्महत्या की कारक हो सकती हैं।

# भारत-यूएई में चार समझौते


## रणनीतिक संबंधों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी और शेख खालिद के बीच हुई वार्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबू धाबी के वली अहद (युवराज) शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापक वार्ता की तथा दोनों देशों ने समग्र रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए ऊर्जा सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति के लिए एक समझौता और एडीएनओसी और इंडिया स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) के बीच समझौता चार समझौतों में शामिल हैं। अमीरात परमाणु ऊर्जा कंपनी (ईएनईसी) और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने भी बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन और रखरखाव के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। चौथा समझौता अबू धाबी तटवर्ती ब्लॉक-वन के लिए ऊर्जा भारत और एडीएनओसी के बीच उत्पादन रियायत समझौता है। भारत में फूड पार्क स्थापित करने के लिए गुजरात सरकार और अबू धाबी डेवलपमेंट होल्डिंग कंपनी पीजेएससी के बीच एक अलग समझौता किया गया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि मोदी और युवराज अल नाहयान ने रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के उद्देश्य से भारत और यूएई के बीच बहुआयामी संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि भारत-यूएई संबंधों में शानदार प्रगति हो रही है। मोदी से बातचीत के बाद शाह ने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।



अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद के साथ नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में एक बैठक के दौरान बातचीत करते प्रधानमंत्री मोदी।

### महिलाओं का नेतृत्व दे सकता है प्रभावी परिणाम : मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने दिखाया है कि महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए अधिक प्रभावी परिणाम दे सकता है। उन्होंने यह बात अबूधाबी के युवराज शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ राष्ट्रपति भवन में हुई बैठक के दौरान कही। उन्होंने पश्चिम एशियाई देश में 35 लाख से अधिक भारतीय नागरिकों कोविड महामारी के समय में की गई विशेष देखभाल के लिए यूएई नेतृत्व की भी प्रशंसा की। मुर्मू ने महिलाओं की अमीरात समाज में उच्च भागीदारी पर भी प्रसन्नता व्यक्त की।

### भारत-यूएई के संबंधों में कुछ वर्षों में आई प्रगाढ़ता

भारत-यूएई संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगाढ़ता आई है। अगस्त 2015 में मोदी की यूएई की ऐतिहासिक यात्रा के बाद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार के लिए भारतीय रुपये और दिरहम (संयुक्त अरब अमीरात की मुद्रा) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए फरवरी 2022 में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) और जुलाई 2023 में एक स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएसएस) प्रणाली पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में लगभग 85 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ दोनों देश एक-दूसरे के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से हैं। 2022-23 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में भी यूएई, भारत में शीर्ष चार निवेशकों में शामिल है।

## पाकिस्तानी बलों से संघर्ष में आठ तालिबान मारे गए

**इस्लामाबाद।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पास सीमावर्ती क्षेत्र में पाकिस्तान के सुरक्षा बलों के साथ भीषण झड़प में आठ अफगान तालिबान मारे गए हैं जिनमें दो प्रमुख कमांडर शामिल हैं।

प्रांत के खुर्रम सीमावर्ती जिले में सप्ताहांत में सामने आई घटना में अफगान तालिबान के 16 जवान घायल भी हो गए हैं। अफगान पक्ष ने शनिवार सुबह पाक-अफगान सीमा पर पलोसिन इलाके में भारी हथियारों से पाकिस्तानी चौकी पर हमला किया था।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुआ विस्फोट, छह घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम से जुड़े कार्यकर्ताओं को ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोट में तीन पुलिसकर्मियों सहित छह लोग घायल हो गए।

घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत स्थिर बताई गई है। पुलिस की टुकड़ियां विस्फोट स्थल पर पहुंचीं।

## सेना-नौसेना के अभियानों के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने समुद्र और जमीन पर सेना और नौसेना के संयुक्त अभियानों के संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इसके लिए संयुक्त सिद्धांत यानी 'एम्फीबियस डॉक्ट्राइन' जारी कर दिया। जनरल चौहान ने सोमवार को यहां चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीओएससी) की बैठक के दौरान इस तरह के अभियानों के संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी किया।

यह एक प्रमुख प्रकाशन है जो मौजूदा जटिल सैन्य माहौल में संचालन के लिए कमांडरों को मार्गदर्शन प्रदान करेगा। यह क्षमता सशस्त्र बलों को युद्ध और शांतिकाल दोनों में हिंद महासागर क्षेत्र में विभिन्न अभियान चलाने का अधिकार देती है। ये अभियान मल्टी-डोमेन ऑपरेशन का एक महत्वपूर्ण घटक हैं और सशस्त्र बलों के बीच सामंजस्य तथा एकीकरण का सबसे अच्छा उदाहरण हैं। साइबरस्पेस संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत के बाद जमीन और समुद्र दोनों में कार्रवाई के लिए जारी किया जाने वाला यह दूसरा संयुक्त सिद्धांत है।

### सुखोई-30 के इंजन के लिए 26,000 करोड़ का अनुबंध

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की एयरोस्पेस कंपनी 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) के साथ सुखोई-30एमकेआई विमान के लिए 240 एयरो-इंजन की खरीद के वास्ते 26,000 करोड़ रुपये का समझौता सोमवार को किया। एयरो-इंजन का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन द्वारा किया जाएगा। उम्मीद है कि यह सुखोई-30 बेड़े की परिचालन क्षमता को बनाए रखने के लिए भारतीय वायु सेना की जरूरत को पूरा करेगा। रक्षा मंत्रालय ने सुखोई-30 एमकेआई विमान के लिए 240 एल-31एफपी एयरो इंजन के वास्ते एचएएल के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। उसमें कहा गया है कि यह अनुबंध 26 हजार करोड़ रुपये का है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी की उपस्थिति में मंत्रालय और एचएएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

## भारत-जापान वित्तीय सहयोग बढ़ाने पर सहमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और जापान ने वित्तीय सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई है। वित्त मंत्रालय की ओर से सोमवार जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, टोक्यो में आयोजित 'दूसरे भारत-जापान वित्त संवाद' में दोनों देशों ने वित्तीय संबंधों की मजबूती पर चर्चा की। इस दौरान दोनों देशों ने एक-दूसरे की वृहद-आर्थिक स्थिति पर अपनी राय से भी अवगत कराया। इस बैठक में भारत और जापान ने अन्य देशों में सहयोग, द्विपक्षीय सहयोग और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिभागियों ने विनियमन एवं निगरानी, वित्तीय डिजिटलीकरण और दोनों देशों में अन्य नीतिगत पहल सहित वित्तीय क्षेत्र के मुद्दों पर विचार साझा किए।

## यूट्यूब पर वीडियो देख की सर्जरी, किशोर की मौत

**छपरा, एजेंसी**

● आरोपी झोलाछाप को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिहार के सारण जिले में एक 'झोलाछाप' द्वारा यूट्यूब वीडियो देखकर पित्ताशय से पथरी निकालने की सर्जरी किए जाने के बाद एक किशोर की मौत हो गई। सारण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार आशीष ने सोमवार को बताया कि आरोपी चिकित्सक अजीत कुमार पुरी को रविवार रात गोपालगंज जिले से गिरफ्तार कर लिया गया।

मृतक किशोर की पहचान सारण जिले के भुआलपुर गांव के निवासी गोलू उर्फ कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि परिजनों के अनुसार, गोलू को कुछ समय से पेट दर्द की शिकायत थी, जिसके बाद शुक्रवार को उसे सारण के धर्मबागी बाजार स्थित एक निजी क्लीनिक में ले गए। जिला पुलिस ने कहा कि गोलू को भर्ती करने के बाद झोलाछाप ने पित्ताशय की सर्जरी करने का फैसला किया... और उसकी टीम के सदस्यों ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर सर्जरी की। सर्जरी के बाद गोलू की हालत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर सर्जरी की। गोलू के दादा प्रह्लाद प्रसाद ने कहा कि चिकित्सक ने मुझे डीजल लाने के लिए भेजा था, जब मैं वापस आया, तो देखा कि पुरी यूट्यूब पर एक वीडियो देखकर मेरे पोते का ऑपरेशन कर रहा था।

## मस्क 2027 तक बन सकते हैं विश्व के पहले ट्रिलियनेयर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क वर्ष 2027 तक एक ट्रिलियन (10 खरब) से अधिक की संपत्ति अर्जित कर विश्व के पहले ट्रिलियनेयर बन सकते हैं। ब्रिटेन के अखबार द गार्डियन ने इंफॉर्मा कनेक्ट एकेडमी के एक पेपर का हवाले से यह जानकारी दी है। मस्क की संपत्ति सालाना औसतन 110 प्रतिशत बढ़ रही है, जिसके आधार पर यह पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 'फोर्ब्स' के अनुसार 81.2 अरब डॉलर की संपत्ति वाले भारतीय अरबपति गौतम अडाणी 2028 में दूसरे ट्रिलियनेयर बन सकते हैं।



## सब मेड इन चाइना, इसलिए बेरोजगारी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारत में उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा है कि वैश्विक उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है इसलिए, वह बेरोजगारी का सामना नहीं कर रहा है जबकि भारत और अमेरिका समेत पश्चिमी देश बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं। रविवार को डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान, गांधी ने कहा कि भारत में कौशल की कोई कमी नहीं है और अगर देश उत्पादन के लिए खुद को तैयार करना शुरू कर दे तो वह चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकता है। उन्होंने शिक्षा प्रणाली पर वैचारिक कब्जे का जिक्र करते हुए व्यावसायिक प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### राहुल गांधी कोई पप्पू नहीं हैं : सैम पित्रोदा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा ने कहा है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी कोई पप्पू नहीं हैं और भारतीय जनता पार्टी जो प्रचार करती है उसके विपरीत वह उच्च शिक्षित, पढ़े-गुने और रणनीतिकार हैं। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पित्रोदा ने रविवार को डलास में टेक्सास विवि में छात्रों को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष का परिचय देते हुए यह टिप्पणी की।



### संघ के विपरीत, विचारों की बहुलता को मानती है कांग्रेस

राहुल ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधा और कहा कि जहां उनका मानना है कि भारत एक विचार है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस का मानना है कि भारत विचारों की बहुलता वाला देश है। डलास में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा, कि हमारा मानना है कि हर किसी को सपने देखने की अनुमति दी जानी चाहिए।

### राहुल भारतीय लोकतंत्र के लिए काला धब्बा : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने राहुल गांधी पर अमेरिका में उनकी ताजा टिप्पणी को लेकर तीखा हमला बोला और उन्हें भारतीय लोकतंत्र के लिए 'काला धब्बा' करार दिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर विदेश में भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया।

## खाड़ी देशों से मजबूत होंगे भारत के रिश्ते

**रियाद, एजेंसी**

● विदेश मंत्री जयशंकर ने छह देशों के विदेश मंत्रियों से की द्विपक्षीय चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को खाड़ी देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की तथा उन्हें और अधिक गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। जयशंकर भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में शामिल होने के लिए तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को सऊदी अरब की राजधानी पहुंचे।

जयशंकर ने सोमवार को कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जासिम अल सानी से मुलाकात की जो विदेश मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जासिम अल सानी से भारत-कतर के द्विपक्षीय रिश्तों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। जयशंकर ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ द्विपक्षीय बैठक की और द्विपक्षीय रिश्तों में प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान से वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। जयशंकर ने रियाद में ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसईदी से द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर बात की। उन्होंने बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल लतीफ बिन राशिद अल जयानी से भी मुलाकात की। विदेश मंत्री ने कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याहया और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात की।



कतर के विदेश मंत्री मुहम्मद बिन अब्दुल रहमान से मुलाकात करते जयशंकर।

## नासा ने भारतीय कंपनी से किया अनुबंध

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने पृथ्वी-अवलोकन डेटा और सेवाएं प्राप्त करने के वास्ते एक नए अनुबंध के लिए भारतीय निजी अंतरिक्ष यान कंपनी पिक्सल को चुना है। पृथ्वी अवलोकन और हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग में विशेषज्ञता रखने वाली पिक्सल कंपनी नासा के 47.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर के कमर्शियल स्मॉलसैट डेटा एक्विजिशन प्रोग्राम ऑन-रैंप1 मल्टीपल अवार्ड अनुबंध के लिए चुनी गई आठ कंपनियों में से एक है।

इस अनुबंध के तहत ये कंपनियां अमेरिकी एजेंसी की अनुसंधान एवं अनुप्रयोग गतिविधियों को समर्थन देने के लिए वाणिज्यिक स्रोतों से नासा को पृथ्वी अवलोकन डेटा उपलब्ध कराएंगी, जिससे धरती पर जीवन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

**खगोल विज्ञान** | पृथ्वी से 124 प्रकाश वर्ष दूर है यह ग्रह, जीवन की भी संभावना

## बाहरी ग्रह में छिपा हुआ है एक गहरा महासागर

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** पानी वाले ग्रह की तलाश में एक गहरे महासागर वाले बाहरी ग्रह का पता चला है। यह ग्रह हमसे 124 प्रकाश वर्ष दूर है। संभव है कि इसमें जीवन भी मौजूद हो। इसे के2-18 बी मिनी-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट नाम दिया गया है।

नासा के वेब स्पेस टेलीस्कोप से इसका पता चला है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसका वायुमंडल हाइड्रोजन का है, जिसके नीचे गहरा वैश्विक महासागर हो सकता है। इस एक्सोप्लैनेट में अणु डाइमिथाइल सल्फाइड जीवन के संभावित बायोसिग्नेचर की मौजूदगी की संभावना भी जताई है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। नए अध्ययन के अनुसार अधिक पानी के कारण इसे सूपर अर्थ कहा जा सकता है।



बाहरी ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर।

वैज्ञानिकों का कहना है कि तरल पानी हमारे सौर मंडल समेत अन्य ग्रह प्रणालियों में प्रचुर मात्रा में है और अधिकांश पानी ग्रहों की सतह के बजाय उनके अंदर हो सकता है। नवीन तकनीक से किसी भी ग्रह पर जल की मात्रा का पता लगाने में सक्षम हो चुके हैं। स्विट्जरलैंड के ईटीएच ज्यूरिख, कैरोलिन डॉर्न व न्यू जर्सी के प्रिंसटन विश्वविद्यालय के हैयांग लुओ व जी डेंग ने यह शोध किया है। शोध नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुआ है।

के2-18 बी मिनी-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट पृथ्वी की तरह चट्टानी है, लेकिन पृथ्वी से बड़ा ग्रह है। गौरतलब है हाल के वर्षों में हुई ग्रहों की खोज एहसास दिलाती है कि ग्रह जितना हमने सोचते थे उससे कहीं अधिक जटिल हैं। कई ग्रह अपने तारों के बेहद करीब हैं। दूर स्थित ग्रहों की तुलना में निकट स्थित ग्रहों का पता लगाना आसान होता है। उनमें से कई ग्रह इतने गर्म हैं कि उनकी सतहें पिघली हुई हैं।

### दूसरे ग्रहों तक जल्द पहुंचने का तरीका ढूंढना होगा

इसमें दो राय नहीं कि दूसरे ग्रहों की खोज खबर आसान होने लगी है और उनकी विस्तृत जानकारी भी हमें मिलने लगी है। मगर सबसे बड़ी चुनौती तक उन तक पहुंचना है। अरबों खरबो किमी से भी अधिक दूरी पर ग्रहों का भरा पूरा संसार है। संभव है कि दूर के उन ग्रहों में जीवन मौजूद हो। मगर वहां तक जल्द कैसे पहुंचा जाए।